आज का मौसम
29.0° अधिकतम तापमान
16.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 06.37
सूर्यास्त 06.12


एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

बरेली

www.amritvichar.com
2 राज्य | 6 संस्करण
लखनऊ · बरेली · कानपुर · मुरादाबाद · अयोध्या · हल्द्वानी

फाल्गुन शुक्ल पक्ष त्रयोदशी 07:09 उपरांत चतुर्दशी विक्रम संवत 2082
रविवार, 1 मार्च 2026, वर्ष 7, अंक 96, पृष्ठ 14+4 · मूल्य 6 रुपये



एनटीपीसी पर लगाया 10.86 लाख रुपये का जुर्माना - 12




डीमैट अकाउंट खोलना क्यों जरूरी, किन बातों का रखें ध्यान - 12



उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन बोले- भारत के विकास में स्नातकों की भूमिका अहम - 13



जो जीतेगा, खेलेगा सेमीफाइनल वेस्टइंडीज के खिलाफ भारत का मुकाबला आज - 14

# ईरान-इजराइल जंग में झुलसा पश्चिम एशिया

**मध्य पूर्व में महायुद्ध का आगाज**

## इजराइल-अमेरिका के हमलों के जवाब में ईरान ने सात देशों में अमेरिकी ठिकानों को बनाया निशाना

## तेहरान से तेल अवीव तक आसमान में अंगारे और जमीन पर धुआं, ट्रंप की हुंकार-ईरान में सत्ता परिवर्तन का वक्त

तेहरान/तेल अवीव, एजेंसियां

इजराइल ने अमेरिका के सहयोग से शनिवार सुबह ईरान की राजधानी तेहरान सहित कई बड़े शहरों में हवाई हमले किये। हमलों की तीव्रता इतनी अधिक थी कि ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला खामनेई के आवास के भी क्षतिग्रस्त होने की खबरें हैं। हमलों के जवाब में ईरान ने शनिवार को भीषण पलटवार करते हुए सात देशों में स्थित अमेरिकी सैन्य ठिकानों को एक साथ निशाना बनाया। तेहरान से लेकर तेल अवीव तक, आसमान मिसाइलों की रोशनी से दहक रहा है और जमीन पर चारों ओर तबाही का धुआं है।

ईरान ने जवाबी हमले इजराइल के अलावा बहरीन, यूएई, इराक, कुवैत और कतर में बने अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर किए हैं। इजराइल के हमलों में ईरान में करीब 85 छात्राओं की मौत हो गयी। इससे पहले इजराइल के रक्षा मंत्री इजराइल काट्ज ने इन हमलों की जानकारी मीडिया को दी। उन्होंने कहा कि इजराइल ने अपने खिलाफ खतरों को समाप्त करने के लिए ईरान पर एहतियाती हमला किया है। मीडिया रिपोर्टों में दावा किया गया है कि ईरान के रक्षा मंत्री आमिर नासिरजादेह और ईरान के प्रमुख रक्षा बल रिवोल्यूशनरी गार्ड के कमांडर मोहम्मद पाकपोर की इन हमलों की मौत हो गयी। ईरानी स्थानीय मीडिया में कहा गया है कि श्री ख़ामेनेई फिलहाल तेहरान में नहीं हैं, उन्हें सुरक्षित स्थान पर स्थानांतरित कर दिया गया है।

ईरानी मीडिया के अनुसार, राजधानी में कई जगहों पर धमाकों की आवाज सुनी गयी और कुछ हिस्सों में धुआं उठता देखा गया। रिपोर्टों के अनुसार, कम से कम एक हमला ईरान के सर्वोच्च नेता अली खामेनेई से जुड़े कार्यालयों के निकट हुआ। समाचार एजेंसी फार्स के मुताबिक, यूनिवर्सिटी स्ट्रीट और जुमहूरी इलाके के आसपास मिसाइलें गिरीं। सरकारी कार्यालयों वाले 'रिपब्लिक' क्षेत्र में भी विस्फोट की सूचना है। ईरान की न्यूज़ एजेंसी 'फार्स' ने यह भी बताया कि राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन, पूर्व पार्लियामेंट स्पीकर अली लारीजानी, पार्लियामेंट स्पीकर मोहम्मद बाघेर कलीबाफ, न्याय प्रमुख गुलाम हुसैन मोहसेनी एजेई, और आर्मी कमांडर-इन-चीफ अब्दोलरहीम मौसवी हतामी ज़िंदा और ठीक हैं। एजेंसी ने बताया कि कतर में तैनात और बैलिस्टिक मिसाइलों को रोकने के लिए इस्तेमाल होने वाली खास टेक्नोलॉजी से लैस 5,000 किलोमीटर की रेंज वाला अमेरिकी एफपी-132 रडार नष्ट हो गया है। ये हमले ऐसे समय में हुए जब हाल के हफ्तों में तनाव काफी बढ़ गया था। अमेरिकी युद्धपोत क्षेत्र में तैनात किए जा चुके थे और ट्रंप ने कहा था कि वह ईरान के परमाणु कार्यक्रम को सीमित करने के लिए एक समझौता चाहते हैं।



ईरान के तेहरान में शनिवार को हुए विस्फोट के बाद आसमान में धुआं उठता देख लोग। ● एजेंसी

### अपने भाग्य की बागडोर अपने हाथ में ले ईरान की जनता : ट्रंप

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरानी जनता से अपने भाग्य की बागडोर अपने हाथ में लेने और 1979 से देश पर शासन कर रहे इस्लामी नेतृत्व के खिलाफ विद्रोह करने का आह्वान किया। ट्रंप ने 'बड़े पैमाने पर सैन्य अभियान शुरू होने की घोषणा करते हुए एक वीडियो के माध्यम से कहा कि जब हम अपना काम पूरा कर लेंगे, तो अपनी सरकार पर कब्ज़ा कर लेना। वह तुम्हारी होगी जिसकी बागडोर तुम अपने हाथ में ले सकोगे। इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने भी इस व्यापक लक्ष्य को दोहराया। उन्होंने कहा कि हमारा संयुक्त अभियान बहादुर ईरानी लोगों के लिए ऐसी परिस्थितियां पैदा करेगा, जिससे वे अपने भविष्य का फैसला खुद अपने हाथों में ले सकें।

### एयर इंडिया और इंडिगो की उड़ानें रद्द

**नई दिल्ली/दुबई :** ईरान और इजराइल के बीच सैन्य संघर्ष ने वैश्विक एयर ट्रैफिक को संकट में डाल दिया है। सुरक्षा जोखिमों को देखते हुए भारतीय विमानन कंपनियों ने पश्चिम एशिया के लिए अपनी सेवाओं में बड़े बदलाव किए हैं। एयर इंडिया का यू-टर्न : दिल्ली से तेल अवीव के लिए उड़ान भरने वाली एयर इंडिया की फ्लाइट AI 139 को ईरानी हवाई क्षेत्र में प्रवेश से ठीक पहले बीच रास्ते से वापस दिल्ली बुला लिया गया। एअर इंडिया ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि पश्चिम एशिया के कुछ हिस्सों में उत्पन्न हो रही स्थिति को देखते हुए, उस क्षेत्र की सभी उड़ानें निलंबित कर दी गई हैं। इंडिगो ने भी पश्चिम एशिया के तनावग्रस्त क्षेत्रों की अपनी सभी उड़ानें तत्काल प्रभाव से रोक दी हैं। कंपनी स्थिति की निगरानी कर रही है और यात्रियों को रिफंड का विकल्प दे रही है।

### भारतीय दूतावास ने तुरंत पंजीकरण कराने की सलाह दी

**यरूशलम।** भारत ने शनिवार को इजराइल में रह रहे अपने नागरिकों के लिए परामर्श जारी करते हुए उन्हें ' सतर्क रहने की सलाह दी है। वर्तमान में 40 हजार से अधिक भारतीय नागरिक इजराइल में रहते और काम करते हैं। दूतावास ने अपने आधिकारिक 'एक्स' हैंडल पर एक पोस्ट में कहा कि इजराइल में रहने वाले भारतीय नागरिक, जिन्होंने अभी तक दूतावास में पंजीकरण नहीं कराया है, उनसे अनुरोध है कि वे अपना पंजीकरण करा लें। पोस्ट में कहा कि पंजीकरण से दूतावास को आपसे तुरंत संपर्क करने और मौजूदा स्थिति के दौरान आवश्यक जानकारी एवं सहायता प्रदान करने में मदद मिलेगी। परामर्श में कहा गया, "सभी भारतीय नागरिक निर्धारित आश्रय स्थलों के नजदीक रहें इसी बीच तनावपूर्ण स्थिति के मद्देनजर यरुशलम के हिब्रू विश्वविद्यालय ने एक सप्ताह के लिए अध्ययन संबंधी सभी गतिविधियों को रद्द कर दिया है। हिब्रू विश्वविद्यालय में लगभग 170–180 भारतीय विद्यार्थी हैं, जिनमें से ज्यादातर शोधकर्ता हैं।


लोक दर्पण
फागुन का सम्मोहन रंग-गंध का पर्व होली

इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, फागुन का सम्मोहन रंग-गंध का पर्व होली व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

www.amritvichar.com


## होली पर 1.86 करोड़ उज्ज्वला परिवारों को मिला तोहफा

● लोकभवन में सिलिंडर रीफिल को 1,500 करोड़ की धनराशि की गई वितरित

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** होली से पहले प्रदेश के 1.86 करोड़ परिवारों को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बड़ी राहत दी है। शनिवार को लोकभवन में प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत गैस सिलेंडर रिफिल सब्सिडी के रूप में उन्होंने 1500 करोड़ रुपये जारी किए। इस दौरान मुख्यमंत्री ने 10 लाभार्थी महिलाओं को प्रतीकात्मक चेक भी सौंपे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में गरीब, किसान, महिलाओं और युवाओं को प्राथमिकता के आधार पर योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। उक्त क्रम में ही होली और दीपावली पर पात्र परिवारों को एक-एक मुफ्त सिलेंडर रिफिल की सुविधा दी जा रही है। योगी ने बताया कि उज्ज्वला योजना के तहत प्रदेश के 1.86 करोड़ लाभार्थियों को प्रत्येक रिफिल पर 335 रुपये की सब्सिडी उनके खाते में भेजी जाती है।



**300 रुपये में मिलने लगा एचपीवी वैक्सीन :** स्वास्थ्य क्षेत्र में सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम के लिए एचपीवी टीकाकरण अभियान शुरू किए जाने का भी उल्लेख किया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिस वैक्सीन की कीमत पहले लगभग 2100 रुपये थी, उसे कम करते हुए 300 रुपये तक लाया गया है। इसे निःशुल्क करने की व्यवस्था की जा रही है। मुख्यमंत्री योगी ने यह भी बताया कि महिलाओं को मजबूत आर्थिक आधार देने को 'लखपति दीदी' और शी-मार्ट (सेल्फ हेल्प आंत्रोप्रेन्योर मार्ट) जैसी पहल को आगे बढ़ाया जा रहा है। महिला उद्यमी समूहों द्वारा तैयार उत्पादों को बाजार उपलब्ध कराया जा रहा है।

### ब्रीफ न्यूज

### आंध्र: पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट 21 की मौत

**वेटलापलेम (आंध्र प्रदेश)।** आंध्र प्रदेश के काकीनाडा जिले में शनिवार को एक पटाखा निर्माण इकाई में भीषण विस्फोट होने से कम से कम 21 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। इस हृदयविदारक घटना में आठ अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं, जिन्हें नजदीकी अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। राज्य के मंत्री कंडुला दुर्गेश ने घटनास्थल का दौरा करने के बाद इस त्रासदी की पुष्टि की। उन्होंने पत्रकारों को बताया कि प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, विस्फोट के समय इकाई के भीतर लगभग 30 लोग मौजूद थे।

### 15 हजार करोड़ की जीएसटी चोरी का आरोपी हरियाणा से गिरफ्तार

**लखनऊ, अमृत विचार:** करोड़ों रुपये के जीएसटी चोरी के आरोपी बलदेव उर्फ बल्ली को एसटीएफ ने हरियाणा से गिरफ्तार कर लिया। वह लंबे समय से फरार चल रहा था। उस पर 50 हजार का इनाम था। आरोपी को नोएडा के सेक्टर-20 थाने में दाखिल किया गया है। जांच में सामने आया है कि आरोपी ने फर्जी पैन व दस्तावेजों के आधार पर 3500 फर्म का रजिस्ट्रेशन कराया था। करीब 15 हजार करोड़ रुपये की जीएसटी चोरी कर सरकार को आर्थिक चपत लगाई। आरोपी के खिलाफ कई मामले दर्ज हैं।

## कांग्रेस अब मुस्लिम लीग–माओवादी गठबंधन :मोदी

● कहा - यह पार्टी भारतीयता से दूर होकर पूरी तरह विभाजनकारी विचारधारा के प्रभाव में आ चुकी है

जयपुर, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 'एआई इम्पैक्ट समिट' के दौरान कांग्रेस की युवा शाखा के कार्यकर्ताओं के विरोध-प्रदर्शन को लेकर शनविार को विपक्षी दल पर तीखा हमला बोला और कहा कि कांग्रेस अब 'इंडियन नेशनल कांग्रेस' (आईएनसी) नहीं रही बल्कि एमएमसी यानी मुस्लिम लीग-माओवादी कांग्रेस बन गई है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने दुनिया भर के मेहमानों के सामने देश को बदनाम करने की कोशिश की है। राजस्थान में अजमेर के कायड़ विश्राम स्थल पर एक जनसभा में मोदी ने कहा कि मुस्लिम लीग भारत से नफरत करती थी, इसलए उसने देश को बांट दिया और आज कांग्रेस भी वही कर रही है।

मोदी ने कहा कि इतिहास गवाह है कि मुस्लिम लीग भारत से नफरत करती थी और इसलिए मुस्लिम लीग ने देश को बांट दिया और आज कांग्रेस भी वही कर रही है। उन्होंने कहा कि माओवादी भी भारत की समृद्धि, हमारे संविधान और हमारे सफल लोकतंत्र से नफरत करते हैं। ये घात लगाकर हमला करते हैं। कांग्रेस भी घात लगाकर देश को बदनाम करने के लिए कहीं भी घुस जाती है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के ऐसे कुकर्मों को देश कभी माफ नहीं करेगा।" मोदी ने कहा कि देश को बदनाम करना, देश की सेनाओं को कमजोर करना... ये कांग्रेस की पुरानी आदत रही है। उन्होंने कहा कि यही कांग्रेस है जिसने हमारी सेना के जवानों को हथियारों व वर्दी तक के लिए तरसा के रखा था।



राष्ट्रव्यापी ह्यूमन पैपिलोमावायरस टीकाकरण अभियान के शुभारंभ के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।

### एचपीवी टीकाकरण की शुरुआत

जयपुर। प्रधानमंत्री मोदी ने 'सर्वाइकल कैंसर' के विरुद्ध राष्ट्रीय 'ह्यूमन पैपिलोमावायरस' (एचपीवी) टीकाकरण अभियान की शुरुआत राजस्थान के अजमेर से की। उन्होंने इस अभियान को देश की नारीशक्ति को सशक्त करने की दिशा में अहम कदम करार दिया। नौ से 14 वर्ष की पांच बालिकाओं को एचपीवी टीका लगाए जाने के बाद मोदी ने उनसे संवाद भी किया।



अमृत विचार

बरेली, रविवार, 1 मार्च 2026

पीलीभीत

## न्यूज ब्रीफ

### घर में घुसकर मारपीट रिपोर्ट दर्ज

**पीलीभीत, अमृत विचार :** थाना न्यूरिया क्षेत्र के ग्राम पिपरिया अगरू के रहने वाले हरवंश पुत्र भोजराज ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि 26 फरवरी की शाम लगभग साढ़े सात बजे गांव का प्रमोद, अभिषेक, वीरेंद्र, मुन्नी देवी, ताराचंद पुरानी रंजिश के चलते अचानक घर में घुस आए। गाली गलौज करते हुए मारपीट करने लगे। शोर मचाने पर ग्रामीणों के एकत्र होने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर जांच कर रही है।

### महिला को फुसलाकर ले जाने की रिपोर्ट

**पीलीभीत,अमृत विचार :** थाना सुनगढ़ी क्षेत्र के एक ग्रामीण ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि जहानाबाद क्षेत्र का रहने वाला उसका सगा चचेरा भाई उसकी पत्नी से बातचीत करता है। 18 फरवरी को आरोपी उसकी पत्नी को बहला फुसलाकर ले गया। पत्नी अपने साथ दो लाख रुपये, जेवर और दो वर्ष के पुत्र को ले गई है। इंस्पेक्टर जहानाबाद प्रदीप कुमार विश्नोई ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

### कच्ची शराब को लेकर छापामारी

**बिलसंडा, अमृत विचार :** होली को लेकर चलाए जा रहे अभियान के दौरान आबकारी टीम ने छापामारी की। करेली थाना क्षेत्र में कई जगह दबिश दी गई और 40लीटर शराब बरामद की। 100 किलो लहन नष्ट किया गया। ग्राम लिलहर, जगन्नाथपुर, बमरौली, थाना बिलसंडा क्षेत्र के ग्राम गांगोपुर आदि में भी दबिश दी गई। दो लोगों के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत रिपोर्ट भी दर्ज की गई है।

# स्कूल, दफ्तरों की छुट्टियां, अंतिम दिन खेली होली, खूब उड़ा गुलाल

## बोर्ड परीक्षार्थियों ने परीक्षा के बाद एक-दूसरे को लगाया रंग और गुलाल, कर्मचारियों ने भी कामकाज के बाद होली मनाई, 6 मार्च को खुलेंगे कार्यालय

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** तराई की फिजा में रंगों की महक घुल चुकी है। स्कूलों से लेकर सरकारी कार्यालयों तक शनिवार को होली की मस्ती छाई रही। बच्चों ने दोस्तों व शिक्षकों संग होली खेली। कर्मचारियों ने भी कामकाज के बाद पर्व का आनंद लिया। अब सरकारी कार्यालय छह मार्च को खुलेंगे।

चार मार्च को होली खेली जाएगी। होलिका दहन से पहले बाजार गुलजार दिख रहा है। सुबह से ही बाजार में पर्व के लिए खरीदारी करने वालों की भीड़ उमड़ी। कपड़े, नमकीन, गुझिया के अलावा बेकरी की दुकानों पर ग्राहकों की भीड़ देखने को मिल रही है। होली से पहले रंगों और फागुन के गीतों से वातावरण सराबोर हो उठा है। रंग बरसे, होली खेले रघुवीरा जैसे गीतों की धुन पर शनिवार को स्कूलों और सरकारी दफ्तरों में उत्सव का रंग बिखर गया। होली से चार दिन पहले ही बच्चों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। स्कूली बच्चे सड़कों पर मस्ती करते नजर आए।

शनिवार को सरकारी कार्यालय खुले और फिर कर्मचारियों ने एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर होली खेली। होली को लेकर डीएम ज्ञानेंद्र सिंह ने पांच मार्च तक अवकाश घोषित किया है, जिसके बाद सभी सरकारी कार्यालय अब छह मार्च को खुलेंगे। इधर, होलिका दहन से पहले बाजारों में रौनक बढ़ गई है। सुबह से ही कपड़े, नमकीन, गुझिया और बेकरी उत्पादों की दुकानों पर ग्राहकों की भीड़ उमड़ रही है। पर्व की तैयारियों ने बाजार को गुलजार कर दिया है। शिक्षा जगत में भी होली का उत्साह कम नहीं रहा।



कंपोजिट विद्यालय कल्याणपुर नौगवां में शिक्षकों ने बच्चों के साथ खेली होली। ● अमृत विचार



स्कूल में होली खेलते बच्चे।



टनकपुर हाईवे पर होली महोत्सव में रंग गुलाल उड़ाते बच्चे। ● अमृत विचार

● **होलिका दहन से पहले बाजारों में बढ़ी रौनक**

यूपी बोर्ड की चित्रकला परीक्षा के बाद बोर्ड परीक्षार्थियों ने राहत के पल पाकर जमकर होली खेली। अब उनकी अगली परीक्षा पांच मार्च को होगी। निजी और परिषदीय विद्यालयों में शनिवार को शिक्षण कार्य का अंतिम दिन रहा। बच्चे घरों से रंग-गुलाल लेकर स्कूल पहुंचे और शिक्षक-शिक्षिकाओं व सहपाठियों के साथ मिलकर अबीर-गुलाल लगाया। कंपोजिट स्कूल कल्याणपुर नौगवां सहित कई विद्यालयों में सुबह से ही छात्र-छात्राएं होली के मूड में दिखे। शिक्षकों ने बच्चों की खुशी में साथ देते हुए होली खेली और सुरक्षित रंगों के इस्तेमाल पर जागरूक किया। कंपोजिट कंपोजिट विद्यालय बंगला में धूमधाम और सौहार्दपूर्ण वातावरण में होली मनाई गई। एक-दूसरे को गुलाल लगाकर पर्व की बधाई दी।

प्रधानाध्यापक ओमकार गंगवार ने बच्चों को रंगों के महत्व और पर्व से जुड़ी पौराणिक कथाओं के बारे में बताया। होली के गीतों पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किए। सहायक अध्यापक आशीष कुमार ने बच्चों को सुरक्षित और ईको-फ्रेंडली होली खेलने के लिए प्रेरित किया। सहायक अध्यापिका नवदीप कौर ने बच्चों को त्योहारों की स्वच्छता और अनुशासन के बारे में जानकारी दी। प्रधान प्रतिनिधि बृजेश वर्मा, आंगनबाड़ी ममता देवी, सहायिका रामप्यारी आदि मौजूद रही।

### होलिका उत्सव से जुड़ी कथा सुनाई



**पीलीभीत, अमृत विचार :** माधोटांडा रोड स्थित स्प्रिंगडेल कॉलेज में शनिवार को होली मनाई गई। ऑर्डिनेटर उपमा सक्सेना ने बच्चों को होली पर्व के बारे में बताया। कैमिकल वाले रंगो के स्थान पर टेसू के फूलों के रंगों से होली खेलने की बात कही। बाल कवि सम्मेलन में बाल कवियों ने प्रस्तुतियां दी। सुमान्या, काव्या, रश्मि, दिव्यांशी, सिद्धी, मनकीरत, हेमदन्त, उन्नति, अर्पिता, अनन्या, आशी, आरूषी, नीतू की कविताओं को खूब सराहा गया। शिक्षिका निशी मिश्रा, दिप्ती शर्मा ने गुलाल से तिलक करके शुभकामनाएं दी। प्रधानाचार्या प्रिया आनन्द ने होली पर्व का महत्व बताया। वहीं, बल्लभनगर कॉलोनी स्थित स्प्रिंगडेल पब्लिक स्कूल में शनिवार को होली कार्यक्रम हुआ। एक दूसरे को बच्चों ने गुलाल और रंग लगाकर खुशियां साझा कीं। स्कूल चेयरमैन आरके धवन, निदेशिका चारु धवन ने होलिका उत्सव से जुड़ी प्राचीन कथा सुनाई। जीवन में रंगों का महत्व बताया गया। बच्चों को हर्बल रंग से होली खेलने के लिए प्रेरित किया गया। होली के गीतों पर नृत्य भी किया गया।



### होली पर्व की दी जानकारी, रंगों का महत्व बताया

**पीलीभीत, अमृत विचार :** शैमरॉक किरन स्कूल में होली पर्व मनाया गया। बच्चों को रंग बिरंगे पोशाकों में बुलाया गया। प्रार्थना के समय शिक्षिकाओं ने होली को आपसी प्रेम भाव का प्रतीक बताते हुए भाईचारे से पर्व मनाने का संदेश दिया। रासायनिक रंगो का प्रयोग न करके हर्बल गुलाल व फूलों का प्रयोग करने पर जोर दिया। प्रधानाचार्या अदिति सक्सेना ने भी विचार रखे। कक्षा अनुसार कलरिंग शीट भी कलर कराई गई। कार्ड मेकिंग, कॉटन बॉल्स टिपिंग, हैंड प्रिंटिंग, पिचकारी मेकिंग ग्रुप एक्टिविटी कराई। जिसमें रंगो का महत्व बताया गया। शानी , पल्लवी, विप्रा, रश्मि, सायमा, रूचि, सदफ, इक़रा, सिदरा, सुबह, दीपिका, लव, अदिति, लव, निधि, दिव्यांशी आदि मौजूद रहे।

# होली पर न डालें नई परंपरा, संदिग्ध गतिविधि की पुलिस को दें सूचना

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचारः** जिले के समस्त थानों पर शनिवार सुबह दस बजे से दोपहर दो बजे तक समाधान दिवस का आयोजन किया गया। फरियादियों की समस्याएं सुनी गई और अधिकारियों ने मातहतों को होली पर्व को लेकर ब्रीफ किया।

डीएम ज्ञानेंद्र सिंह, एसपी सुकीर्ति माधव सदर कोतवाली पहुंचे और प्रार्थना पत्रों की बिंदुवार समीक्षा की। सभी शिकायतों का समयबद्ध, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के निर्देश दिए गए। जमीन से जुड़े विवादों में राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम गठित कर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इस दौरान संभ्रांत नागरिकों एवं धर्मगुरुओं के साथ आगामी होली पर्व के दृष्टिगत शान्ति समिति की बैठक भी की गई। आपसी सौहार्द, भाईचारा एवं सामाजिक समरसता बनाए रखते हुए त्योहार मनाने की अपील की। यह भी निर्देशित किया कि कोई भी नई परंपरा न डाली जाए। होलिका दहन पूर्व निर्धारित स्थानों पर ही किया जाए। डीजे संचालकों को शासन द्वारा निर्धारित मानकों एवं ध्वनि सीमा के अनुरूप ही संचालन करने के निर्देश दिए गए। अपील की गई कि किसी भी अफवाह पर ध्यान न दें । इस मौके पर सीओ सिटी दीपक चतुर्वेदी भी मौजूद रहे।

● **पहले सुनी फरियाद, फिर संभ्रांत नागरिकों के साथ किया संवाद**



कोतवाली में नागरिकों के साथ बैठक करते डीएम ज्ञानेंद्र सिंह, एसपी सुकीर्ति माधव। ● अमृत विचार



नेपाल सीमावर्ती क्षेत्र में गश्त करते एएसपी विक्रम दहिया। ● अमृत विचार

### नेपाल सीमावर्ती क्षेत्र में नशा उन्मूलन अभियान के तहत लोगों को किया जागरूक

उधर, एएसपी विक्रम दहिया , एसडीएम अजीत प्रताप सिंह, सीओ डॉ .प्रतीक दहिया ने थाना हजारा क्षेत्र के ग्राम बेल्हा, टाटरगंज में नशा उन्मूलन अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। नशे के दुष्परिणामों की जानकारी दी और उन्हें किसी भी प्रकार के मादक पदार्थों का सेवन न करने एवं समाज को नशामुक्त बनाने में सक्रिय सहयोग करने के लिए प्रेरित किया। इंडो नेपाल सीमावर्ती क्षेत्र में वन विभाग और एसएसबी संग संयुक्त गश्त की।

# मैं कैसे होली खेलूंगी या सांवरिया के संग, सजनी कैसे खेली जाए अनोखी...



भजन संकीर्तन के बीच फूलों की होली खेलती महिलाएं। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचारः** श्रीराधा माधव संकीर्तन मंडल के तत्वाधान में चार दिवसीय बृज होली महोत्सव मनाया जा रहा है। पहले दिन एक बरात घर में होली उत्सव हुआ।

गणेश वंदना के साथ संकीर्तन की शुरुआत की गई। संकीर्तन मंडल के वरिष्ठ संकीर्तनकार अजय पांडे, कमल यादव, दीपक गोयल, शशांक अग्रवाल ने गुरु वंदना, हनुमान चालीसा, हरे कृष्ण हरे कृष्ण कृष्ण कृष्ण हरे हरे, हरे राम हरे राम राम राम हरे हरे...आदि महामंत्र गाए। सिंहासन पर विराजमान श्रीनाथजी के विग्रह सभी भक्तों का मन मोह रहे थे। भजन कीर्तन किया गया। रंग मैं कैसे होली खेलूंगी या सांवरिया के संग, सजनी कैसे खेली जाए अनोखी होली श्याम की..., होली आई रे कन्हाई रंग बरसे सुना दे जरा बांसुरी आदि होली भजनों से परिसर बरसाना धाम बन गया। श्रद्धालुओं ने फूलों की होली का आनंद लिया। कार्यक्रम देर रात तक चला। इस मौके पर विश्वनाथ चंद्र, अतुल अग्रवाल, अभिलाष अग्रवाल, नीरज रस्तोगी, प्रमोद पंत, डॉ.निर्देश जैसवार, अश्विनी अग्रवाल, विकास अग्रवाल, अमन शर्मा, श्याम , शिवम आदि मौजूद रहे।

● **श्रीराधा माधव संकीर्तन मंडल के तत्वाधान में 4 दिनी बृज होली महोत्सव मनाया जा रहा**

# चौपाल में सुनी चकबंदी से संबंधित समस्याएं

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचारः** चकबंदी विभाग की ओर जनपद के अलग-अलग गांवों ग्राम चौपाल का आयोजन किया। जिसमें किसानों की समस्याओं को सुना और निस्तारण के निर्देश दिए गए।

बीसलपुर तहसील के ग्राम गाजीपुर कुंडा में एडीएम न्यायिक रोशनी यादव की अध्यक्षता में ग्राम चैपाल का आयोजन किया गया। जिसमें चकबंदी से संबंधित समस्या को सुनने के साथ किसानों से उनका फीडबैक लिया गया। ग्राम प्रधान ने किसानों की मुख्य समस्या से अवगत कराया। यहां बंदोवस्त अधिकारी चकबंदी मोहनलाल, चकबंदीकर्ता राकेश सिंह समेत किसान मौजूद रहे। गांव नगीपुर अखौला में चकबंदी अधिकारी बीसलपुर की अध्यक्षता में ग्राम चौपाल लगी।

सदर तहसील क्षेत्र के ग्राम कुकुरीखेड़ा में चकबंदी अधिकारी विश्वजीत सिंह की अध्यक्षता में आयोजित ग्राम चौपाल में समस्याओं को सुनने के बाद किसानों को चकबंदी से होने वाले लाभों के बारे में बताया गया। गांव परासी रामकिशन में भी चकबंदी से संबंधित समस्याओं के निराकरण के लिए ग्राम चौपाल लगाई गई। गांव ईशापुर एवं सिसैईया जलालपुर में बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी मोहन लाल की अध्यक्षता में ग्राम चौपाल आयोजित की गई। उन्होंने किसानों की चकबंदी से संबंधित समस्याएं सुनने के साथ फीडबैक लिया।

गांव ईशापुर में चकबंदी अधिकारी बीसलपुर के न्यायालय में विभाजन व कीमत संबंधी एवं चक आपत्तियां निस्तारण के लिए लंबित हैं। इस पर उन्होंने निर्देशित किया गया कि गांव के जो भी वाद निस्तारण के लिए विचाराधीन है, उनका निस्तारण कराया जाये।

किसानों को बताया गया कि गांव में चक सीमांकन के बाद निगरानी सुने जाने की व्यवस्था है, चक सीमांकन के पश्चात ही निगरानी न्यायालय द्वारा सुनवाई की जायेगी। हालांकि वरासत संबंधी मामले अवशेष नहीं पाए गए। गांव सिसैईया जलालपुर में भी चौपाल लगी। इस मौके पर सहायक चकबंदी अधिकारी बीसलपुर नरेंद्र चंद्र, चकबन्दीकर्ता हरीश गंगवार, चकबंदी लेखपाल गणेश, पूजा सिंह आदि मौजूद रहे।



गांव ईशापुर में ग्राम चौपाल में समस्याएं सुनते बंदोबस्त अधिकारी मोहन लाल।

● **चकबंदी विभाग की ओर अलग-अलग गांवों किया गया चौपाल का आयोजन**

# रंगों के पर्व होली पर उड़ेगा फ्रूट और आर्गेनिक गुलाल

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** रंगों का पर्व होली नजदीक आते ही बाजार गुलजार हो चुका है। शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्र तक रंगों की दुकानें सज चुकी हैं। इस बार होली पर जिले में फ्रूट और आर्गेनिक गुलाल की छटा बिखरेगी। यह रंग हाथरस के अलावा अन्य प्रदेशों से आए हैं। बीते सालों की तरह इस बार भी भगवा के संग विभिन्न प्रकार के सात रंग के गुलाल की खूब बिक्री हो रही है। पारंपरिक पिचकारियों से आगे बढ़कर बाजार में गदा, डमरू, त्रिशूल और कुल्हाड़ी के आकार वाली पिचकारियां ट्रेंड कर रही हैं। गानों की धुन वाली म्यूजिकल गन बच्चों की पहली पसंद बनी हुई है। वहीं, कर्छी, हथौड़ा, हल जैसे आकारों में बनीं पिचकारियां भी पसंद की जा रही हैं।

होली को महज चार दिन शेष हैं। इसे लेकर हर घर में तैयारियां शुरू हो गई हैं। शहर के स्टेशन रोड, गांधी स्टेडियम रोड, माधोटांडा रोड, गैस चौराहा, चावला चौराहा, ड्रमंडगंज जेपी रोड, चौक बाजार समेत तमाम जगहों पर रोड किनारे रंग गुलाल की दुकानें सज गई हैं। बाजार में रौनक बढ़ी हुई है। लोगों में होली को लेकर खासा उत्साह है। रंगों के इस त्योहार को खास बनाने के लिए लोग अभी से रंग गुलाल की खरीदारी कर रहे हैं। वैसे तो रंग हाथरस में तैयार होता है,लेकिन इस बार कानपुर, मथुरा,जयपुर और छत्तीसगढ़ आया है।

होली पर व्यापारियों ने आर्गेनिक और फ्रूट गुलाल लेकर आए हैं। जो ग्राहक को खूब भा रहा है। फ्रूट गुलाल में मैंगो, स्टेबरी, पनएपेल, अनार आदि के गुलाल शामिल है। साथ ही फूल से तैयार आर्गेनिक गुलाल भी खूब बिक रहा है। बाजार में फ्रूट गुलाल 100 ग्राम का पैकेट 40 से 70 रुपये के बीच है। आर्गेनिक गुलाल 50 रुपये पैकेट बिक रहा है। खुले गुलाल में टोटल ब्रांड, कॉक, राधा कृष्ण, मोर, शतरंगी समेत विभिन्न प्रकार गुलाल बिक रहे हैं। इस बार भी गुलाल 100 से 150 रुपये किलो तक बिक रहा है।

ग्रामीण क्षेत्र के लोगों ने कई दिन पहले ही खरीदारी करने में जुटे हुए हैं। कई दुकानदारों का स्टॉक भी खाली हो चुका है। इसके साथ ही रंग-बिरंगी थीम टी-शर्ट, मजेदार स्लोगन वाली टी-शर्ट,अलग-अलग स्टाइल की विग और रंगीन टोपियों की भी जमकर खरीदारी हो रही है। लोग होली को खास अंदाज में मनाने के लिए अपने लुक पर भी विशेष ध्यान दे रहे हैं।



एक दुकान पर खरीदारी करते ग्राहक। ● अमृत विचार



पिचकारी और लेटेस्ट सिलेंडर व अन्य।

● **त्रिशूल, गदा समेत लेटेस्ट पिचकारियां, मोदी-योगी के मास्क भी**

● **शहर से लेकर ग्रामीण अंचलों तक सजी दुकानें, जमकर खरीदारी**

### गुलाल गन और इलेक्ट्रॉनिक पिचकारी की धूम

कलरफुल पानी के मैजिक ग्लास और गुलाल उड़ाने वाली गन भी लोगों को आकर्षित कर रही है। इसके अलावा कलर फॉग, इलेक्ट्रिक पायरो और गुलाल के अनार जैसे उत्पाद त्योहार के जश्न में नया रंग घोलने को तैयार हैं। इसी के साथ इस बार होली पर लोग अपनी पसंद के अनुसार कस्टमाइज्ड हैम्पर भी तैयार करवा रहे हैं। खासतौर पर गिफ्ट देने के लिए ये हैम्पर लोगों की पहली पसंद बनते जा रहे हैं। इतना ही नहीं त्रिशुल, गदा, कुल्हड़ी आदि वाली पिचकारी भी बच्चों को खूब पसंद आ रही है। जिसकी बिक्री 50 से 250 रुपये तक है। इसी तरह इलेक्ट्रॉनिक पिचकारी का क्रेज छाया हुआ है। जिससे युवा पसंद कर रहे है। जिसकी बाजार में बिक्री 500 से दो हजार रुपये तक है। इसके अलावा युवाओं को लुभाने के लिए मार्केट में स्काई गुलाल, वैलून गुलाल, इलेक्ट्रॉनिक गुलाल गन, सिलेंडर गुलाल उतारा गया है। जो 500 से दो हजार तक बिक रहा है। जिससे युवा और बच्चों की पहली पसंद बन रही है।

### खूब पसंद आ रहा ताश के पत्ते वाला चश्मा

कई तरह के मुखौटे बाजार में छाए हुए हैं। वहीं, पुष्पा स्टाइल पिचकारी और शाही तलवार भी युवाओं को आकर्षित कर रही है। इस बार होली गॉगल्स भी बेहद आकर्षक डिजाइन में उपलब्ध हैं, जिन्हें युवा और बच्चे बड़े उत्साह से खरीद रहे हैं। साथ ही तीन पत्ती गेम वाला चश्मा युवा पसंद कर रहे हैं। फैंसी हेयर वॉल, चोटी, बिग आदि की खूब रही है।



**इफ्तार** रविवार सुन्नी : 6:14 शिया : 6:23

**सहरी** सोमवार सुन्नी : 5:11 शिया : 5:03

## शहर में आज

- समस्त सीएचसी पीएचसी पर जन आरोग्य मेला सुबह 09 बजे से।
- गायत्री शक्तिपीठ में साप्ताहिक हवन सुबह 07 बजे से।
- मोहल्ला आसफजान स्थित शिव मंदिर में पूजन सुबह 06 बजे से।

## न्यूज ब्रीफ

### पति बना रहा दबाव महिला ने कराई एफआईआर

**पीलीभीत, अमृत विचार** : कोतवाली क्षेत्र की एक महिला ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी शादी 29 नवंबर 2023 को हुई थी। उसका पति 58 वर्ष का है, जबकि वह 22 वर्ष की है। उसके पति की पूर्व में भी शादी हो चुकी है। जब उसने विरोध किया तो आरोपी ने उसको एक लाख रुपये में खरीदने की बात कहते हुए गलत काम कराने की बात कही। जान से मारने की धमकी दी। 22 फरवरी को आरोपी ने 50 हजार रुपये की मांग की। इसके पूरा न होने पर तलाक के कागजात पर हस्ताक्षर कराकर घर से निकाल दिया। पुलिस ने एसपी के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज की है।

### घर में घुसकर महिला से छेड़छाड़ का आरोप रिपोर्ट दर्ज

**बरखेड़ा, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र की एक महिला ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि गांव का अजय पुत्र सरनलाल 27 फरवरी की रात 12 बजे उसके घर में घुस आया और छेड़छाड़ की। शोर मचाने पर आरोपी एवं उसका एक अज्ञात साथी दोनों जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। वह डर गई और यूपी 112 पर कॉल कर सूचना दी। आरोपी की चप्पलें भी उसके घर पर ही रह गईं। पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज की है।

# गोदाम में लगी आग, भीतर सो रहे ग्रामीण की मौत

## शटर काटकर घुसी पुलिस और दमकल टीम, जहानाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम कनाकोर में हुआ हादसा, मौके पर लगी भीड़

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** शटरिंग के गोदाम में लगी आग में परिसर में सो रहे ग्रामीण की मौत हो गई। गोदाम का गेट बंद होने से धुआं भरने और ग्रामीण के गहरी नींद में होने के चलते दम घुटने से मौत होने की आशंका जताई गई है। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस और दमकल टीम ने मौका मुआयना कर जानकारी की।

जहानाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम कनाकोर के रहने वाले कृष्ण कुमार का शटरिंग का काम है। उनके घर के बाहरी हिस्से में गोदाम बना है, जिसमें शटरिंग का सामान भरा है। बताते हैं कि शुक्रवार रात इस गोदाम में उनके भाई 55 वर्षीय ओमकार पुत्र चंद्रसेन सोए थे। इस दौरान गोदाम में अचानक आग लग गई। इसके बाद धुआं भरता रहा। ओमकार गहरी नींद में सोए थे। उधर, गोदाम का गेट भी बंद था। इस बीच दम घुटने के कारण उनकी मौके पर ही मौत हो गई।

शनिवार सुबह गोदाम से धुआं और आग की लपटें निकल रही थी। यह देख आसपास के लोग जमा हो गए। परिवार के सदस्य भी पहुंच गए। इसकी सूचना पुलिस और दमकल विभाग को दी गई।

### शॉर्ट सर्किट से आग लगने की आशंका

पुलिस और दमकल टीम ने गोदाम में आग लगने की वजह का पता लगाने के लिए मौका मुआयना कर गहनता से पड़ताल की। मौके पर मौजूद लोगों से भी जानकारी की जाती रही। काफी देर चली पड़ताल के बाद शार्ट सर्किट की वजह से आग लगने की आशंका जताई जा रही है। ये भी माना जा रहा है कि आग तड़के ही लगी होगी। फिलहाल मौत की वजह स्पष्ट करने के लिए पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार है।

- **गोदाम का गेट बंद होने के चलते करनी पड़ी मशक्कत**



मृतक ओमकार।

कुछ ही देर में मौके पर पुलिस व दमकल टीम पहुंच गई। गोदाम का गेट बंद होने के चलते कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। फिर टीम ने शटर काटकर रास्ता बनाया। भीतर धुएं का गुबार भरा था। दमकल टीम ने आग पर काबू किया। जब भीतर देखा तो ओमकार मृत हालत में मिले। पुलिस ने शव को बाहर निकाला। परिवार में चीख पुकार मच गई। सभी का रोकर बुरा हाल रहा। वहीं, ग्रामीण भी गमगीन परिवार को ढांढस बंधाने में जुटे रहे। आग लगने की वजह से हुए धुएं के चलते दम घुटने से मौत होने की आशंका जताई जा रही है। फिलहाल पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। हादसे के चलते मौके पर भीड़ लगी रही।



हादसे के बाद मौके पर लगी भीड़। ● अमृत विचार



आग लगने से गोदाम से उठता धुआं। ● अमृत विचार

> हादसे की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर गई थी। गोदाम में सोए ग्रामीण की मौत हुई है। दम घुटने से मौत होने की आशंका जताई जा रही है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत की वजह स्पष्ट हो सकेगी। **– प्रदीप कुमार बिश्नोई,** इंस्पेक्टर जहानाबाद

### चीनी मिल से निकलते ही ट्रक में लगी आग



**पीलीभीत, अमृत विचार** : शहर में आबादी के बीच स्थित एलएच चीनी मिल के बाहर ट्रक में अचानक आग लग गई। चालक ने कूदकर खुद को बचाया। स्थानीय लोगों ने मशक्कत कर आग पर काबू किया। आबादी क्षेत्र में मुख्य मार्ग पर हुए हादसे से हड़कंप मचा रहा। चीनी मिल से एक ट्रक बाहर निकला ही था कि अचानक उसके केबिन और इंजन वाले हिस्से में धुआं उठने लगा। चालक कुछ समझ पाता, इससे पहले ही आग की लपटें उठने लगी। वायरिंग में शॉर्ट सर्किट होने से आग लगने की आशंका जताई गई। चालक ने ट्रक साइड में खड़ा किया और कूदकर अपनी जान बचाई। ट्रक से आग की लपटें उठती देख तमाम लोग जमा हो गए। लोगों ने एकजुट होकर पानी डालकर बुझाने के प्रयास शुरू कर दिए और कड़ी मशक्कत के बाद आग बुझाई जा सकी। बताते हैं कि ट्रक में छोटा गैस सिलेंडर भी केबिन में रखा हुआ था। ऐसे में कुछ लोग उसी से आग लगने की बात कहते दिखे। फिलहाल टीम जांच कर रही है।

## केमिस्ट्री के पेपर में न्यूमेरिकल्स में उलझे 12वीं के परीक्षार्थी

**पीलीभीत, अमृत विचार :** सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में कक्षा 12वीं की परीक्षा में रसायन विज्ञान का प्रश्नपत्र जिले के 7 केंद्रों पर शांतिपूर्ण कराया गया। परीक्षा केंद्रों पर सख्त निगरानी रही। परीक्षार्थियों ने बताया कि प्रश्नपत्र में ऑर्गेनिक केमिस्ट्री और न्यूमेरिकल्स से जुड़े सवाल अपेक्षाकृत कठिन थे, जिनमें समय प्रबंधन सबसे बड़ी चुनौती रही। हालांकि पूर्व वर्षों के प्रश्नपत्रों और अभ्यास का लाभ मिला, जिससे वे निर्धारित समय में उत्तर लिख सके। जारी किए गए आंकड़ों के अनुसार सेंट एलायसिस कॉलेज में 178 पंजीकृत छात्रों में से 176 उपस्थित रहे, जबकि दो छात्र गैरहाजिर रहे। लायंस बाल विद्या मंदिर में सभी 195 छात्र परीक्षा देने पहुंचे। बेनहर पब्लिक स्कूल में 191 पंजीकृत छात्रों में से 185 उपस्थित रहे और छह छात्र अनुपस्थित रहे। पूरनपुर स्थित सेंट जोसेफ स्कूल में 109 छात्र शत-प्रतिशत उपस्थित रहे। स्वामी एजुकेशनल पब्लिक स्कूल में 111 में से 109 छात्र उपस्थित और दो अनुपस्थित पाए गए। लकी चिल्ड्रन जूनियर हाईस्कूल पूरनपुर में सभी 68 छात्र परीक्षा में शामिल हुए, जबकि मदर्स पब्लिक स्कूल बीसलपुर में 109 में से 108 छात्र उपस्थित और एक छात्र अनुपस्थित रहा।

# आरोपी बोला- सुरक्षा को रखी है अवैध बंदूक

संवाददाता, घुंघचिहाई

**अमृत विचार:** बलरामपुर पुन्नापुर मार्ग से पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया। उसके पास से अवैध बंदूक और तीन कारतूस बरामद किए। पूछने पर आरोपी ने तर्क दिया कि वह अपनी सुरक्षा के लिए अवैध असलहा रखता है। फिलहाल पुलिस ने आर्म्स एक्ट के तहत आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की है।

होली को लेकर पुलिस अलर्ट है। इसी क्रम में शुक्रवार रात को दरोगा सन्नी आर्य पुलिस बल के साथ गश्त पर थे। इस दौरान बलरामपुर से पुन्नापुर जाने वाले मार्ग से पुलिस ने अवैध बंदूक लेकर घूम रहे पूरनपुर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कटैया निवासी निशान सिंह पुत्र हरभजन सिंह के पकड़ा। पुलिस ने आरोपी से जब असलहा के संबंध में लाइसेंस मांगा तो उसने बताया कि इसका कोई लाइसेंस नहीं है। वह तो अपनी सुरक्षा के लिए पास में अवैध असलहा रखता है। ये जवाब सुनकर पुलिस भी दंग रह गई। इंस्पेक्टर जयशंकर सिंह ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की गई है।



पुलिस की गिरफ्त में पकड़ा गया आरोपी।

## प्रतियोगिताओं के विजेता किए गए पुरस्कृत

**पीलीभीत, अमृत विचार:** प्राथमिक विद्यालय टाह पौटा में शनिवार को होली के अवसर पर विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। प्रधानाध्यापक डॉ.विभव सक्सेना ने बच्चों को होली से जुड़ी धार्मिक एवं पौराणिक मान्यताओं से अवगत कराया। केवल हर्बल रंगों का प्रयोग करने का संकल्प दिलाया। रंगोली, कला/पोस्टर, निबंध लेखन प्रतियोगिताओं कराई गई। विजेता योगिता देवी, दीक्षा, सुहानी, झलक वर्मा, पल्लवी, प्रांशी, साधना, सोनाक्षी, रितु, अतुल कुमार, ऋषभ, आर्यन कुमार मौर्य, हेमलता, अरविंद कुमार, जशोदा देवी, रोशनी, चंदा, कौशल राज, कृष्णा, आयुषी वर्मा, निर्मला, गुंजन, वर्षा, कोमल वर्मा, रेनु कुमारी, सोनी, क्रांति, पल्लव मौर्य, धनुज कुमार, प्रिंस, विकास, राजीव को सम्मानित किया। बच्चों ने शिक्षकों संग होली खेली। इस मौके पर ममता देवी, प्रगति धामी आदि मौजूद रहे।

# घंटाघर का जीर्णोद्धार कर शहरवासियों को समर्पित

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** शहर के सौंदर्यीकरण एवं ऐतिहासिक स्थलों के संरक्षण की दिशा में एक और कदम उठाया गया। वार्ड नंबर 25 के जेपी रोड पर स्थित ऐतिहासिक घंटाघर का जीर्णोद्धार कराया गया। कार्य पूर्ण होने के बाद नगर पालिका अध्यक्ष डॉ. आस्था अग्रवाल ने शुक्रवार को इसका लोकार्पण कर इसे शहरवासियों को समर्पित किया है। खास बात ये है कि इस घंटाघर में लगाई गई लाइटें 15 तरह से रंग बदलेंगी। जिसका नियंत्रण मोबाइल से रहेगा। राष्ट्रीय पर्वों पर इनका रंग तिरंगा कर दिया जाएगा।

नगर पालिका द्वारा कराए गए कार्यों के अंतर्गत घंटाघर में चारों दिशाओं में नई आधुनिक घड़ियां भी स्थापित कराई गई हैं, जिससे अब शहर के विभिन्न हिस्सों से समय स्पष्ट रूप से देखा जा सकेगा। साथ ही घंटाघर को आकर्षक बनाने के लिए रंग-बिरंगी लाइटें लगाई गई हैं। पूरे ढांचे का रंग-रोगन कराकर इसे नया रूप दिया गया है।

घंटाघर की विशेष सजावट में जनपद की पहचान को भी प्रमुखता दी गई है। संरचना पर पीलीभीत की प्रसिद्ध बांसुरी और टाइगर की आकर्षक कलाकृतियां बनवाई गई हैं, जो स्थानीय संस्कृति और पहचान को दर्शाती हैं। पालिकाध्यक्ष डॉ. आस्था अग्रवाल ने कहा कि होली पर्व पर घंटाघर का पुनः संचालन शहरवासियों के लिए नगर पालिका की ओर से एक उपहार है।

लंबे समय से बंद पड़े इस घंटाघर के घंटे अब एक बार फिर सुनाई देने लगे हैं, जिससे शहर की पुरानी पहचान और विरासत को नई ऊर्जा मिली है। इस मौके पर आशीर्वाद अग्रवाल, सभासद साकेत सक्सेना, सुनीता सिंह, पंकज तिवारी, व्यापारी जितेंद्र गुप्ता, सोनू महातिया, रतन नाथ मिश्रा, स्वतन्त्र देवल, अरुण जैसवार आदि मौजूद रहे। व्यापारियों और स्थानीय नागरिकों ने चेयरमैन का स्वागत कर आभार जताया।



लोकार्पण करने पहुंची नगरपालिकाध्यक्ष डॉ .आस्था अग्रवाल, सभासद व अन्य नागरिक।



चमक उठा ऐतिहासिक घंटाघर।

- **नगर पालिकाध्यक्ष डॉ. आस्था अग्रवाल ने किया लोकार्पण**
- **लगाई गई 15 तरह की रंग-बिरंगी लाइटें, मोबाइल से होगा नियंत्रण**

# पुरानी रंजिश के चलते युवक को मारी गोली

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- **बाइक पर सवार थे हमलावर, घायल मेडिकल कॉलेज में भर्ती**

**अमृत विचार:** पुरानी रंजिश में एक युवक पर जानलेवा हमला किया गया। उसे गोली मार दी गई। घायल को सीएचसी से रेफर किए जाने के बाद मेडिकल कॉलेज भर्ती कराया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

बता दें कि पूरनपुर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला लाइनपार साहूकारा निवासी विकास (23) पुत्र रामचरन शनिवार शाम को अपने मित्र नितिन मिश्रा संग भगवंतापुर गांव की तरफ जा रहे थे। इस दौरान आरोप है कि बाइक पर सवार होकर आए तीन लोगों ने पुरानी रंजिश में हमला कर दिया। गाली गलौज करते हुए मारपीट की गई। इसी बीच एक आरोपी ने तमंचे से फायर कर दिया। गोली विकास के दाहिने पैर में लगी। आरोपी धमकी देकर भाग गए। साथी नितिन घायल को सीएचसी लेकर पहुंचा।

वहां प्राथमिक इलाज के बाद मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंची और जानकारी की। बताते हैं कि घायल कुछ माह पूर्व एक मामले में जेल भेजा गया था। जेल में ही उसका पूरनपुर के एक अन्य युवक से विवाद हो गया था। इसी रंजिश में हमला करने की बात कही गई। हालांकि पुलिस को मामला संदिग्ध प्रतीत हो रहा है। इंस्पेक्टर पवन कुमार पांडेय ने बताया कि मामले की जांच कराई जा रही है।

# वन दरोगा पर कार्रवाई न होना अभयदान की तैयारी तो नहीं

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- **चूका चेकपोस्ट पर 5 हजार की रिश्वत लेते आउटसोर्सिंग कर्मचारी के पकड़े जाने का मामला**
- **प्रकरण में वन दरोगा का उजागर हुआ नाम, एक साल से है तैनात, लग चुके हैं संगीन आरोप**

**अमृत विचार:** एंटी करप्शन टीम द्वारा रिश्वत लेते रंगेहाथ पकड़ा गया न्यूनतम वेतनकर्मी जेल भेजा जा चुका है। प्रकरण की जांच को कमेटी गठित है। इस पूरे खेल के पीछे वन दरोगा का नाम उजागर हुआ है। उसको पकड़ने की तैयारी थी लेकिन रिश्वत लेते आउटसोर्स कर्मचारी हत्थे चढ़ गया। संगीन आरोप लग चुके हैं, लेकिन तीन दिन बाद भी संबंधित दरोगा पर विभागीय स्तर से कोई सख्त एक्शन नहीं लिया जा सका है। वह एक साल से इस चेकपोस्ट पर तैनात बताया जा रहा है। वहीं, चर्चा ये भी है कि संगीन आरोपों में घिरे वन दरोगा को हटाकर दूसरे स्थान पर भेजकर कर्तव्यों की इतिश्री जिम्मेदार कर सकते हैं। वहीं, एक चेकपोस्ट पर रिश्वतखोरी का खेल पकड़ा जा चुका है। ऐसे में अन्य चेकपोस्ट को लेकर भी सवाल उठ गए हैं।

पीलीभीत टाइगर रिजर्व के न्यूनतम वेतनकर्मी संजीव कुमार को चूका चेकपोस्ट से 26 फरवरी को पांच हजार की रिश्वत लेते बरेली से आई एंटी करप्शन टीम ने पकड़कर जेल भेज दिया था। बताते हैं कि वाहन स्वामी पिपरिया संतोष गांव के रहने वाले फैययाज की ओर से एंटी करप्शन टीम से शिकायत की गई थी।जिसमें वन दरोगा सुरेंद्र गौतम के कहने पर कर्मचारियों द्वारा वाहनों से वसूली करने की बात कही गई थी। टीम की पूर्व में कराई गई गोपनीय जांच में भी वन दरोगा के निर्देशन में ही कर्मचारियों द्वारा अवैध वसूली करने की बात सामने आई थी। पीटीआर के अधिकारियों द्वारा भले इस पूरे मामले में जांच टीम गठित कर दी गई है। मगर, तीन दिन बाद भी संगीन आरोपों में घिर चुके वन दरोगा पर सख्ती नहीं हो सकी है।

बताते हैं कि ये वन दरोगा पहले पर्यटन प्रभारी के रुप में जिम्मेदारी संभालता रहा। इसके बाद अब करीब एक साल से इसकी तैनाती चूका सेक्शन में कर दी गई थी। एक साल से वह इस चेक पोस्टपर ही जिम्मेदारी संभालता रहा। लंबे समय से चली आ रही वसूली को शिकायत के बाद एंटी करप्शन टीम ने बरेली से आकर पकड़ लिया लेकिन जिला स्तर पर विभागीय जिम्मेदार इससे बेखबर रहे। यह भी जिम्मेदारों की ओर से किए जाने वाले दावों पर तमाम सवाल खड़े कर रहा है। अभी तक कोई सख्ती नहीं हुई है , सिर्फ वन दरोगा को संबंधित चेक पोस्ट से हटाने की बात प्रभारी डीएफओ के द्वारा कही गई है।

हालांकि इसे कार्रवाई के रुप में नहीं देखा जा सकता है। चर्चा तो ये भी है कि इस मामले को भी पूर्व के कई अन्य प्रकरणों की तरह जांच के नाम पर दबाने की कोशिश की जा सकती है। इसे लेकर विभाग में ही चर्चाएं तेज हो रही है। प्रभारी डीएफओ भरत कुमार डीके का कहना है कि प्रकरण को गंभीरता से लिया गया है। जांच टीम की रिपोर्ट के आधार पर अग्रिम निर्णय लिया जाएगा।

## लोन दिलाने का झांसा देकर 2.27 लाख ठगे

**पीलीभीत, अमृत विचार :** थाना अमरिया क्षेत्र के ग्राम लक्ष्मीपुर कैचूटांडा निवासी पप्पूलोधी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि जहानाबाद क्षेत्र के ग्राम मुड़सैना बख्श निवासी खुर्शीद खां और हासिम खां ने बैक से लोन कराने के नाम पर पीड़ित पप्पू लोधी और इस क्षेत्र के ग्राम ढेरम निवासी मोहम्मद सिराज से 2.27 लाख रुपये की ठगी कर ली। काफी समय बीत जाने के बाद भी न तो लोन की फाइल आगे बढ़ी और न ही रकम लौटाई गई। पीड़ितों द्वारा रुपये वापस मांगने पर आरोपियों ने मारपीट कर दी। इस संबंध में अमरिया थाने में तहरीर दी गई, उस वक्त पुलिस की मौजूदगी में समझौता भी हुआ। धान कटाई के बाद रकम लौटाने का आश्वासन दिया गया। समझौते की तय अवधि गुजरने के बावजूद आरोपियों ने रकम नहीं लौटाई। दोबारा तकादा करने पर गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी गई। एसओ अमरिया अमित सिंह ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना की जा रही है।

# ...तो पुलिस के लिए इतना मुश्किल है इल्हाम की गिरफ्तारी

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- **15 दिन में चार टीमें नाकाम, कई अन्य निजी खातों में भी सरकारी रकम भेजने का शोर**
- **इस पर भी नहीं की जा रही जांच, जिम्मेदारों की चुप्पी से कार्यशैली पर उठ रहे सवाल**

**अमृत विचार:** डीआईओएस कार्यालय में नियम विरुद्ध तरीके से बाबूगिरी करने वाला इंटर कॉलेज का चपरासी इल्हाम उर्रहमान शम्सी विभागीय अधिकारियों के बाद अब पुलिस को अभी तक चकमा देने में कामयाब है। चार टीमें गठित हुई, लेकिन पखवाड़ा भर बीतने के बाद भी उसकी गिरफ्तारी नहीं कर सकी हैं। नतीजतन मुख्य आरोपी पर अभी भी नहीं कसा जा सका है। वहीं, अन्य निजी खातों में भी सरकारी रकम ट्रांसफर होने के शोर पर डीआईओएस दफ्तर से लेकर ट्रेजरी तक उठते सवालों पर तस्वीर स्पष्ट के अधिकारी बच रहे हैं। चुप्पी साध ली गई है और खुद को सही बताया जा रहा है।

मूल रूप से बीसलपुर के जनता टेक्निकल इंटर कॉलेज में तैनात चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी इल्हाम उर्रहमान शम्सी करीब सात साल से अधिक समय से डीआईओएस दफ्तर में बाबूगिरी कर रहा था। बीते दिनों उसकी पत्नी अर्शी खातून के खाते में एक करोड़ से अधिक सरकारी रकम निकली थी। बैंक ने संदिग्ध लेनदेन पर खाता फ्रीज कर अधिकारियों को भेज दिया था। जांच में सामने आया था कि आरोपी ने अपनी पत्नी के खाते को जुड़वा दिया था।

इल्हाम को बीते दिनों निलंबित कर दिया गया था। इस मामले में सीडीओ की अगुवाई में गठित की गई कमेटी ने अपनी जांच रिपोर्ट डीएम को भेज दी थी। जिसके बाद आगे सख्त कार्रवाई तय मानी जा रही थी। डीएम के निर्देश पर डीआईओएस राजीव कुमार ने सदर कोतवाली में इल्हाम उर्रहमान शम्सी और उसकी पत्नी अर्शी खातून के खिलाफ जाली दस्तावेज बनाकर धोखाधड़ी, आपराधिक विश्वासघात, दस्तावेजों की जालसाजी आदि संगीन धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की।

आरोपी अर्शी खातून को जेल भेजा जा चुका है। इसके बाद इल्हाम के करीबियों के अन्य खातों में भी सरकारी रकम भेजे जाने का शोर बढ़ा। मगर, उस पर डीआईओएस और ट्रेजरी के अधिकारी कुछ भी बोलने से बच रहे हैं। इधर, पुलिस की 4 टीमें आरोपियों को पकड़ने में कामयाब नहीं हो सकीं। सवाल ये है कि गंभीर प्रकरण और चार टीमों का गठन किए जाने के बाद भी पुलिस उस तक नहीं पहुंच सकी है। वह अग्रिम जमानत लेने की तैयारी में भी है। सवाल ये है कि क्या एक चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी इतना शातिर है कि करोड़ों का खेल कर पुलिस को चकमा दे रहा है।



गबन का आरोपी चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी इल्हाम।

### दबिश दे रहे हैं..मगर कहां खुद को नहीं पता

एक तरफ कोतवाली पुलिस आरोपी इल्हाम की गिरफ्तारी के लिए दबिश देने की बात कह रही है। जिले के अलावा गैर जनपदों में भी दावा है कि धरपकड़ के प्रयास किए जा चुके हैं। मगर, ये दबिश किस-किस जनपद में दी गई है। इसकी जानकारी जिम्मेदारों को ही नहीं है। कोतवाल सत्येंद्र कुमार का पूरे मामले में कहना है कि आरोपी की गिरफ्तारी को लेकर कई जगह दबिश दी जा चुकी है। मगर किन-किन जिलों में दबिश दी गई, इसके बारे में कुछ नहीं बता सके।

### हमें नहीं कुछ जानकारी, शासन से हो रही जांच

इल्हाम की गिरफ्तारी से हटकर अन्य करीबियों के खाते में सरकारी धनराशि भेजे जाने का शोर मचा है। जिसमें डीआईओएस कार्यालय से लेकर ट्रेजरी तक जिम्मेदारों की कार्यशैली पर सवाल उठाए जा रहे हैं। मगर डीआईओएस और मुख्य कोषाधिकारी दोनों ही इस प्रकरण में बोलने से बच रहे हैं। एक तरफ ये तर्क भी है कि हो सकता है वर्कलोड में कहीं भूल हो गई हो। वहीं, ये भी कहना है कि शासन स्तर से जांच कराई जा रही है, उसी में सत्य सामने आ जाएगा।

## 7495 बच्चों ने दी संस्कृत और चित्रकला की परीक्षा

**पीलीभीत, अमृत विचार :** यूपी बोर्ड में शनिवार को हाईस्कूल में संस्कृत और इंटरमीडिएट में चित्रकला का पेपर कराया गया। दोनों पालियों में 7,987 परीक्षार्थी पंजीकृत थे। इनमें सिर्फ 7,495 ने परीक्षा दी, जबकि 492 ने परीक्षा छोड़ दी। परीक्षा के दौरान अफसरों ने केंद्र का निरीक्षण किया। इस दौरान कहीं भी नकलची नहीं पकड़ा गया।

शनिवार को यूपी बोर्ड परीक्षा के चलते शहर के ड्रमंड राजकीय इंटर कॉलेज, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, राम इंटर कॉलेज, वीरांगना अवंती बाई इंटर कॉलेज, एसएन इंटर कॉलेज, आर्य कन्या इंटर कॉलेज, चिरौंजी लाल वीरेंद्र पाल इंटर कॉलेज, अंगूरी देवी सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज समेत अन्य परीक्षा केंद्रों पर परीक्षार्थियों की भीड़ जुटना शुरू हो गई। पहली पाली में हाईस्कूल संस्कृत का पेपर हुआ। हाईस्कूल में 235 परीक्षार्थियों ने पंजीकृत है। 220 में उपस्थित हुए, जबकि 15 अनुपस्थित रहे। दूसरी पाली में इंटरमीडिएट के चित्रकला का पेपर हुआ। जिनमें 7752 पंजीकृत थे। इनमें 7275 उपस्थित रहे। जबकि 477 गैरहाजिर रहे। परीक्षा के दौरान सचल दल और मजिस्ट्रेट परीक्षा केंद्रों की निगरानी में जुटे रहे। डीआईओएस राजीव सिंह ने बताया कि परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराई जा रही है।

SRMS
Shri Ram Murti Smarak
Institute of Medical Sciences, Bareilly
Approved by NMC & Ministry of Health & Family Welfare, GOI
A 1200 beds NABH accredited, Super Specialty, Tertiary Care & Trauma Hospital with state-of-art infrastructure & critical care facilities
REQUIRES TECHNICIANS / STAFF
Lab. Technician (5 Posts)
B.Sc./Diploma in MLT with 3 yrs. experience
Optometrist (2 Posts)
B.Sc./Dip. in Optometry with 10 yrs. exp. in Eye OT
MRI Technician (for Unnao hospital) (1 Post)
B.Sc./BRIT in MRI with 3 yrs. experience at GE MRI machine
Cath Lab Technician (2 Posts)
B.Sc./Dip. in Cath Lab. / Dip. inCardiology technician with 5 yrs. exp.
Marketing Executive (5 Posts)
MBA Marketing, 5 yrs. experience in hospital / Pharma
Dietician (1 Post)
M.Sc. in Food & Nutrition with 3 yrs. experience
Office Clerk (6 Posts)
Graduate with Computer knowledge & 2 yr. experience
Apply within 07 days.
For details & online application visit:
https://myportal.srms.ac.in/career
OR email : career@srmsims.ac.in
HIGHER START FOR DESERVING CANDIDATES
City Office: N-3, Rampur Garden, Bareilly
Ph. : 0581-2582031-33; Mob.: 9412290127

## न्यूज ब्रीफ

### पिता की लाइसेंसी पिस्टल से छात्र को मारी गोली

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** मीरानपुर कटरा थाना क्षेत्र के मोहल्ला नादिर शाह निवासी 16 वर्षीय अरहान खां पुत्र नाजिम खां को उसके दोस्त 17 वर्षीय नैतिक जायसवाल निवासी कहरान बजरिया थाना मीरानपुर कटरा ने अपने घर पर शाम को बुलाया। अरहान खां रोज की तरह नैतिक जायववाल को अपनी बाइक पर बैठाकर अपने घर नादिर शाह में ले गया। अरहान खां ने अपने पिता की लाइसेंसी पिस्टल ली और गोट में लगा ली। वह अपने दोस्त नैतिक जायसवाल को काकोरी शहीद इंटर कालेज के पास ले गया। जहां दोनों दोस्तों में विवाद हो गया। इस दौरान आरोपी अरहान खां ने अपने पिता की लाइसेंसी पिस्टल से नैतिक जायसवाल को गोली मार दी। गोली से घायल छात्र भागता हुआ हरि अग्रवाल की दुकान के सामने गिर गया। इस दौरान अफरा-तफरी मच गयी। आरोपी अरहान खां मौका पाकर भाग गया। परिवार वाले पहुंच गए और घायल नैतिक जायसवाल को प्राइवेट अस्पताल में दिखाया। डाक्टर ने रेफर कर दिया। परिवार वाले घायल को लेकर बरेली चले गए। घायल हाई स्कूल का छात्र है। आरोपी और घायल एक ही स्कूल में पढ़ते है।

### युवक ने जहरीला पदार्थ खाकर दी जान

**निगोही, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के गांव कटैया के एक युवक ने शुक्रवार की रात पारिवारिक कलह को लेकर जहरीला पदार्थ खा लिया। उसकी मोत हो गयी। परिवार वालों ने पुलिस को बिना सूचना दिए उसका अंतिम संस्कार कर दिया। पुलिस को सूचना मिली तो उसके घर पर गई और परिवार वालों से जानकारी की। युवक की मौत पर घर में कोहराम मच गया।

### रंजिशन दंपती को पीटकर किया घायल

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** खुदागंज क्षेत्र में पुरानी रंजिश को लेकर एक व्यक्ति को पीटकर घायल कर दिया। उसकी पत्नी बचाने आई तो उसे भी चप्पलों से पीटकर घायल कर दिया। खुदागंज थाना क्षेत्र के गांव ताहरपुर निवासी हरिशंकर शुक्रवार की शाम किसी काम से घर के बाहर निकले। दूसरे पक्ष के लोग उसके दरवाजे पर आए और गाली देने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने उसे पीटकर घायल कर दिया। उसकी पत्नी बबीता बचाने के लिए आयी तो उसे भी चप्पलों से पीटकर घायल कर दिया। आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। पीड़ित का आरोप है कि आरोपियों ने लोहे की राड से हमला किया था।

# डीपीआरओ को निरीक्षण में नहीं मिली वर्मी कंपोस्ट पिट

## सामुदायिक शौचालय में मिलीं खामियां, व्यवस्थाएं सुधारने के निर्देश

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचारः** डीपीआरओ को ग्राम पंचायत परेवा वैश्य के निरीक्षण के दौरान वर्मी कंपोस्ट पिट नहीं मिली। वहीं सामुदायिक शौचालय में भी तमाम कमियां पाई गई। इस पर डीपीआरओ ने नाराजगी जताते हुए सात दिन के अंदर व्यवस्थाएं दुरुस्त कराते हुए रिपोर्ट देने के निर्देश दिए हैं।

डीपीआरओ रोहित भारती ने अमरिया ब्लाक की ग्राम पंचायत परेवा वैश्य का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने ग्राम सचिवालय पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। यहां अन्य व्यवस्थाएं तो ठीक-ठाक मिली, मगर जनउपयोगी योजनाओं सबंधी वॉल पेंटिंग नहीं पाई गई। इस पर उन्होंने पंचायत सचिव को सचिवालय की रंगाई-पुताई करवाकर फोटो युक्त आख्या उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। आरआरसी सेंटर संचालित होते पाया गया। नियमिति कूड़ा कलेक्शन के साथ ही ओएसआर भी जेनरेट होते मिला। वहीं ग्राम पंचायत में वर्मी कंपोस्ट पिट का निर्माण होना नहीं पाया गया। जबकि डीपीआरओ की ओर से बीते दिनों ग्राम पंचायत में वर्मी कंपोस्ट पिट का निर्माण कराने के निर्देश दिए गए थे। वहीं आरआरसी सेंटर के नजदीक ही जहां-तहां गंदगी पाई गई। इस पर डीपीआरओ ने संबंधित सचिव से खासी नाराजगी जताते हुए तत्काल वर्मी कंपोस्ट पिट का निर्माण कराने एवं आरआरसी सेंटर के पास नियमित रूप से साफ-सफाई कराने के निर्देश दिए। ग्राम पंचायत में बने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में स्थिति ठीक नहीं मिली। यहां पानी की व्यवस्था, यूरिन पाट्स, सबमर्सिबल पंप समेत बिजली कनेक्शन भी नहीं होना पाया गया। डीपीआरओ ने संबंधित पंचायत सचिव एवं प्रधान को सभी कमियों को 07 के अंदर रिपोर्ट उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।


परेवा वैश्य में आरआरसी सेंटर का निरीक्षण करते डीपीआरओ रोहित भारती।

- डीपीआरओ ने अमरिया ब्लॉक की ग्राम पंचायत परेवा वैश्य का किया निरीक्षण

> ग्राम पंचायत परेवा वैश्य के निरीक्षण में कुछ कमियां पाई गई है। संबंधित पंचायत सचिव को कमियां दुरुस्त कराते हुए रिपोर्ट देने के निर्देश दिए गए हैं। - **रोहित भारती**, डीपीआरओ।

# सामूहिक विवाहः 1500 गरीब बेटियों के हाथ होंगे पीले

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- मंडी समिति परिसर में विधानसभावार आयोजित होंगे वैवाहिक कार्यक्रम
- अब तक 5000 लोगों ने किया ऑनलाइन आवेदन, विभाग का सत्यापन शुरू

> मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत प्राप्त सभी आवेदनों का सत्यापन कराया जा रहा है। चार अलग-अलग तिथियों पर सामूहिक विवाह कराए जाएंगे। बोर्ड परीक्षा के चलते इस बार स्थान परिवर्तन कर सामूहिक विवाह समारोह मंडी समिति परिसर में संपन्न होंगे। - **चंद्रमोहन विश्नोई**, जिला समाज कल्याण अधिकारी।

**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत जनपद में आगामी 9 मार्च से 12 मार्च तक सामूहिक विवाह समारोह आयोजित किए जाएंगें। इस बार ड्रमंड राजकीय इंटर कॉलेज के स्थान पर स्थानीय मंडी समिति परिसर में विधानसभावार विवाह होंगे। करीब 1500 जोड़ों का विवाह संपन्न कराए जाने की संभावना है। आवेदनों को सत्यापन के लिए निकाय एवं ब्लाक स्तर पर भेजा जा रहा है।

प्रदेश सरकार द्वारा अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक वर्ग के साथ ही सामान्य वर्ग की गरीब बेटियों की शादी के लिए मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना संचालित की जा रही है। शासन की ओर प्रति जोड़ा एक लाख की धनराशि खर्च की जाती है। इसमें 60 हजार रुपये कन्या के खाते में डीबीटी के माध्यम से भेजे जाएंगें। इसके अलावा 25 हजार रुपये की उपहार सामग्री पर खर्च किए जाएंगें। साथ ही सामूहिक विवाह के आयोजन पर 15 हजार रुपये प्रति जोड़ा खर्च किया जाएगा।

वित्तीय वर्ष 2025-26 में जिले में 466 बेटियों की शादी कराने का लक्ष्य तय किया है। जिसके सापेक्ष गत वर्ष नवंबर में विधानसभा क्षेत्रों में कराए गए सामूहिक विवाह समारोह में 2000 से अधिक जोड़ों का सामूहिक विवाह संपन्न कराए गए थे। इधर अब द्वितीय चरण में होने वाले सामूहिक विवाह समारोह की तिथियां भी तय कर दी गई है। जनपद में 09 मार्च से 12 मार्च तक सामूहिक विवाह समारोह आयोजित होंगे।

विवाह समारोह विधानसभावार आयोजित किए जाएंगें। मगर, यह सभी विधानसभावार विवाह समारोह एक ही स्थान यानी शहर स्थित मंडी समिति परिसर में अलग-अलग तिथियों पर आयोजित किए जाएंगें। अभी तक सामूहिक विवाह समारोह शहर स्थित ड्रमंड राजकीय इंटर कॉलेज परिसर में होते आए हैं। मगर, बोर्ड परीक्षाओं के चलते इस बार स्थान परिवर्तन किया गया है।

समाज कल्याण विभाग के मुताबिक सामूहिक विवाह को लेकर जनपद भर से अब तक करीब 5000 आवेदन प्राप्त हो चुके हैं। प्राप्त आवेदनों को सत्यापन के लिए संबंधित ब्लाकों के खंड विकास अधिकारियों एवं नगर निकायों के अधिशासी अधिकारियों को भेजा जा रहा है। खास बात यह है कि द्वितीय चरण में करीब 1500 जोड़ों की सामूहिक शादी कराए जाने की संभावना है। अधिकारियों का कहना है कि द्वितीय चरण में वंचित जोड़ों का विवाह अगले चरण में संपन्न कराया जाएगा।

## मंदिर में जरूरतमंदों को कराया भोजन


सत्यनारायण मंदिर में भोजन करातीं सदस्य।

**पीलीभीत, अमृत विचारः** जेसीआई पीलीभीत पर्ल्स की सदस्यों ने शनिवार को प्राचीन गौरी शंकर मंदिर, सत्यनारायण मंदिर में पहुंचकर अन्नदान सेवा कार्यक्रम के तहत सेवा की। जरूरतमंद लोगों को भोजन कराया गया। इस मौके पर अदिति सक्सेना, कृति अग्रवाल, प्रभ कौर आदि ने मौजूद रही। इस दौरान 75 से अधिक जरूरतमंद लोगों को भोजन वितरण किया गया।

# आकांक्षा और दिव्यांशी रहीं प्रथम

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत


दिव्यांशी मित्तल।


आकांक्षा वर्मा।

- डीएलएड बैच 2024 प्रथम सेमेस्टर और डीएलएड बैच 2023 तृतीय सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम घोषित

**अमृत विचारः** परीक्षा नियामक प्राधिकारी प्रयागराज द्वारा डीएलएड बैच 2024 प्रथम सेमेस्टर और डीएलएड बैच 2023 तृतीय सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया गया। इसमें स्प्रिंगडेल कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज का परीक्षा परिणाम गत वर्षों की भांति शत-प्रतिशत रहा। सभी प्रशिक्षु ए ग्रेड में उत्तीर्ण हुए।

डीएलएड बैच 2024 प्रथम सेमेस्टर में आकांक्षा वर्मा ने 90.63 प्रतिशत अंक प्राप्त करके कक्षा में प्रथम, अंशिका क्षत्री ने 89.50 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय, रसिका भारती ने 89 प्रतिशत अंक प्राप्त करके तृतीय, हीराकली ने 88.75 प्रतिशत अंक प्राप्त करके चतुर्थ और रूबी सागर ने 85.13 प्रतिशत अंक प्राप्त करके पांचवां स्थान प्राप्त किया।

इसी तरह से डीएलएड बैच 2023 तृतीय सेमेस्टर में दिव्यांशी मित्तल ने 88.50, कृतिका मिश्रा 88.38, निहारिका सक्सेना व प्रशिक्षु हर्षित गंगवार संयुक्त रूप से 88.25, अंजली 87.88 और नैन्सी ने 87.63 प्रतिशत अंक प्राप्त कर क्रमशः प्रथम, द्वितीय, तृतीय, चतुर्थ और पांचवें स्थान पर रहे।

प्रशिक्षुओं ने सफलता का श्रेय शिक्षकों, माता-पिता एवं कॉलेज प्रशासन को दिया। कार्यकारी निदेशक डॉ. हेमन्त जगोता ने कहा कि इस कामयाबी को अपने व्यावहारिक जीवन में लाने का प्रयास करें, तभी सही अर्थ में कामयाबी होगी। इस मौके पर डॉ. इलयास अहमद, डॉ. अतुल कुमार, शिवशंकर, डॉ. कृष्णा शर्मा, शाहिद खान, संगीता गंगवार, अंग्रेज कौर आदि मौजूद रहे।

# मृतक के परिवार को मदद का आश्वासन

संवाददाता, मझोला

**अमृत विचारः** अमरिया तहसील के अंतर्गत औद्योगिक क्षेत्र भरा पचपेड़ा में चल रहे निर्माण कार्य के दौरान मिट्टी का टीला ढहने से गुरुवार को तीन श्रमिक दब गए थे। जिसमें एक श्रमिक भरा पचपेड़ा निवासी बबलू पुत्र गंगाराम की मौत हो गई थी जबकि अन्य दो श्रमिक घायल हो गए थे।

पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया परिजन के सुपुर्द कर दिया। गमगीन माहौल में मृतक का अंतिम संस्कार किया गया। किसान नेता देव स्वरूप पटेल ने परिवार से मुलाकात की।


मृतक के परिवार से मुलाकात करते किसान नेता देव स्वरूप पटेल। ● अमृत विचार

प्रशासन से हर संभव मदद दिलाने का आश्वासन दिया। घायल श्रमिकों से भी वार्ता की गई। उधर, तहसीलदार अमरिया विदेह सिंह भरा पचपेड़ा मृतक बबलू के घर पहुंचे और मृतक के परिवार से मिलकर आश्वासन दिया कि प्रशासन के स्तर से हरसंभव मदद की जाएगी।

# गैस सिलेंडर रिफिल सब्सिडी का किया वितरण

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- गांधी सभागार में 12 उज्ज्वला लाभार्थियों को मिला लाभ
- लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम का देखा गया प्रसारण

**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में लखनऊ में उज्ज्वला लाभार्थियों को निशुल्क गैस सिलेंडर रिफिल की सब्सिडी वितरण का कार्यक्रम आयोजन किया गया।

जनपद स्तर पर गांधी सभागार में हुए कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण देखा गया। इस दौरान विधायक प्रतिनिधि समेत अधिकारियों ने जनपद की 12 उज्जवला लाभार्थियों को निशुल्क सिलेंडर रिफिल सब्सिडी के प्रतीकात्मक चेक वितरित किए। योजना के माध्यम से जनपद के दो लाख से अधिक उज्जवला परिवारों को लाभान्वित किया गया है।

शनिवार को गांधी सभागार में भी निशुल्क गैस सिलेंडर रिफिल की सब्सिडी वितरण का कार्यक्रम आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के दौरान लखनऊ में हुए मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण किया गया। इसके बाद बरखेड़ा विधायक प्रतिनिधि हरेंद्र, डीएम ज्ञानेंद्र सिंह एवं सीडीओ राजेंद्र कुमार श्रीवास द्वारा जनपद की उज्ज्वला लाभार्थी दामिनी, सीमा, नीलम, किरन देवी, पूनम देवी, शिवदेई, पिंकी, लीलावती, वेदवती, प्रेमवती, जैबुन निशा एवं फरजाना को निशुल्क सिलेंडर रिफिल सब्सिडी के 552.50 रुपये के प्रतीकात्मक चेक वितरित किए गए। डीएम ने बताया कि जनपद के 02 लाख से अधिक उज्ज्वला परिवारों को गैस सिलेंडर रिफिस सब्सिडी से लाभान्वित किया गया है।

उन्होंने उज्जवला लाभार्थियों को सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने के साथ योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर मुख्य रीजनल प्रबंधक एचपीसीएल, जिला समन्वयक उज्ज्वला योजना, क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी समेत 300 उज्ज्वला लाभार्थी मौजूद रहे।


उज्जवला लाभार्थी को चेक सौंपते डीएम ज्ञानेंद्र सिंह। ● अमृत विचार

# विज्ञान प्रदर्शनी में बच्चों ने पेश किए शानदार मॉडल

संवाददाता, जहानाबाद

- विज्ञान दिवस के अवसर पर एचके नेशनल पब्लिक स्कूल में लगी प्रदर्शनी

**अमृत विचारः** विज्ञान दिवस के अवसर पर एचके नेशनल पब्लिक स्कूल में शनिवार को विज्ञान प्रदर्शनी लगाई गई। कक्षा एक से नौ तक के बाल वैज्ञानिकों ने मॉडल प्रस्तुत किए।

कक्षा चार ए से आफरीन, हुमैरा लायवा, दिव्यांशी ने एटीएम मशीन और चार बी के सोहानी अनबिया, मुबशशिरा, सोफिया, इज़हान, अज़लान, देवेन्द्र ने वाटर प्यूरीफायर, कक्षा एक ए से संजीव , इबाद, रेनुका, अलीजा, शाफिया ने वाल्कैनिक इरेप्शन , कक्षा तीन ए से महतलत , वंशिका फायज़ा सुमेरा, इकरा, जोया, माहिरा ने फोटोसिंथेसिस और कक्षा नौ से अलिफ़ज़ा, हुमैरा, नूर फातिमा, महिमा ने रैन वॉटर हार्वेस्टिंग, कक्षा नौ के लव, कुश ने क्रेन , शिवांश ने डंपर, प्रशांत ने ट्रैक्टर के मॉडल प्रस्तुत किया। प्रधानाचार्य शेषपाल सक्सेना, शिक्षिका सुमन गंगवार, नगमा खान और सोमनाथ गंगवार मौजूद रहे।


प्रदर्शनी में मॉडल पेश करते बच्चे। ● अमृत विचार


MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 8445507002

फोकस नेत्रालय
राजेन्द्र नगर, बरेली 731-098-7005

बरेली का सबसे बड़ा केवल आँखों के लिए समर्पित प्राइवेट अस्पताल ...
नवीनतम AI तकनीक एवं NABH मान्यता के साथ
● 40,000 से अधिक सफल सर्जरी सम्पन्न
● बिना इंजेक्शन एनेस्थीसिया (केवल आई ड्राप्स द्वारा)
● आयुष्मान/सीजीएचएस/ईसीएचएस/सीएपीएफ सभी स्वास्थ्य बीमा मान्य
● कैशलेस ईलाज

ADITYA आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
उपलब्ध सुविधायें :-
बिना सुई बिना टांका आधुनिक लेंस प्रत्यारोपण की सुविधा।
TPA कैशलेस सुविधा उपलब्ध
अल्ट्रासाउण्ड द्वारा पर्दे की जांच की सुविधा उपलब्ध
IOL Master 700 द्वारा लेंस का नम्बर
लेजर द्वारा आंख की झिल्ली हटाने की सुविधा उपलब्ध
बी स्कैन द्वारा पर्दे की जांच उपलब्ध
OCT द्वारा काला पानी एवं पर्दे की जांच व उपचार
8077344353
समय : प्रातः 10 बजे से सायं 7 बजे तक (सोमवार से शनिवार)
100000 से अधिक आंखों के आपरेशन का अनुभव
NABH PRE ACCREDITED

डॉ. आदित्य त्यागी
MBBS, DOMS, DNB, MNAMS
CARARACT REFRATIVE & GLAUCOMA SURGERON
आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री आपरेशन की सुविधा
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, पीलीभीत बाईपास, बरेली

स्वास्थ्य जागरूकता अभियान
नि : शुल्क परामर्श
महीने के प्रत्येक रविवार को
समय : सुबह 10 से 5 बजे तक
कैम्प में समस्त ब्लड जाँचें, ई.सी.जी., एक्स-रे 50% के छूट पर किये जायेंगे।
रजिस्ट्रेशन शुल्क 20/-
प्रेमलोक हॉस्पिटल
नरियावल अड्डा, शाहजहाँपुर रोड, बरेली।
डॉ. दीपक माहेश्वरी
MBBS., MD, Consultant Physucuan & Critical Care Specialist
ब्लड प्रेशर, हृदय रोग
श्वांस रोग, गम्भीर रोग विशेषज्ञ
9084307201, 9412244430
डॉ. नितिन अग्रवाल हृदय रोग विशेषज्ञ मो. 9457833777


# रंगारंग कार्यक्रमों के बीच भारत-नेपाल मैत्री महोत्सव संपन्न

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत


मैत्री महोत्सव के दौरान कार्यक्रम पेश करते कलाकार। ● अमृत विचार


समापन पर कलाकारों को सम्मानित करते डीएम ज्ञानेंद्र सिंह व अन्य अधिकारी।


महोत्सव में कार्यक्रम प्रस्तुत करते राजस्थान से आए कलाकार। ● अमृत विचार

- दोनों देशों के कलाकारों ने कार्यक्रम पेश कर बांधा समां
- बेहतर प्रदर्शन करने वाले कलाकारों को किया सम्मानित

**अमृत विचारः** गांधी प्रेक्षागृह परिसर में चल रहे दो दिवसीय भारत-नेपाल मैत्री महोत्सव का रंगारंग कार्यक्रमों के बीच समापन हो गया। दो दिवसीय कार्यक्रम के अंतिम दिन दोनों देशों के कलाकारों ने विभिन्न रंगारंग कार्यक्रम पेश किए। समापन पर बेहतर प्रदर्शन करने वालों को सम्मानित किया गया।

भारत-नेपाल की साझी विरासत को बरकरार रखने के लिए भारत-नेपाल मैत्री महोत्सव का आयोजन किया गया। प्रदेश के सात जिलों में कार्यक्रम होने के बाद महोत्सव का समापन पीलीभीत में किया गया। दो दिवसीय कार्यक्रम के पहले दिन यानी बीते शुक्रवार को भारत एवं नेपाल के कलाकारों ने दोनों देशों की संस्कृति पर आधारित कार्यक्रम पेश किए थे। इधर शनिवार शाम दो दिवसीय महोत्सव का समापन हो गया। रविवार को दोनों देशों के कलाकारों ने विभिन्न कार्यक्रम पेश किए।

इस दौरान लखीमपुर के सचिन अवस्थी एवं लखनऊ की वीना पांडेय द्वारा लोक गायन प्रस्तुत किया गया। इसके अलावा आरती मिश्रा ग्रुप लखीमपुर द्वारा अवधी लोकनृत्य, लखीमपुर के अजय मिश्रा द्वारा कठपुतली डांस, रामपाल निषाद द्वारा लोक गायन पेश किया गया। वहीं नेपाल आईसीसीआर प्रायोजित दल द्वारा थारू एवं मयूर नृत्य और राजस्थान के शिवनारायण द्वारा चकरी नृत्य का प्रदर्शन किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य कलाकार पद्मश्री महावीर गुड्डू हरियाणा द्वारा प्रस्तुत बमलहरी ने दर्शकों को भाव विभोर कर दिया। राजस्थान के कलाकारों द्वारा घूमर एवं चकरी नृत्य की आकर्षक प्रस्तुतियां दी गई। सभी कलाकारों ने अपनी उत्कृष्ट प्रस्तुतियां से दर्शकों का मनमोह लिया।

समापन पर महोत्सव के नोडल अतुल द्विवेदी ने कलाकारों का आभार जताया। कार्यक्रम में डीएम ज्ञानेंद्र सिंह, सीडीओ राजेंद्र कुमार श्रीवास, सिटी मजिस्ट्रेट विजय वर्धन तोमर, एसडीएम न्यायिक पवन कुमार समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

भारत-नेपाल की साझी विरासत को बरकरार रखने के लिए भारत-नेपाल मैत्री महोत्सव का आयोजन किया गया। प्रदेश के सात जिलों में कार्यक्रम होने के बाद महोत्सव का समापन पीलीभीत में किया गया। दो दिवसीय कार्यक्रम के पहले दिन यानी बीते शुक्रवार को भारत एवं नेपाल के कलाकारों ने दोनों देशों की संस्कृति पर आधारित कार्यक्रम पेश किए थे। इधर शनिवार शाम दो दिवसीय महोत्सव का समापन हो गया। रविवार को दोनों देशों के कलाकारों ने विभिन्न कार्यक्रम पेश किए।

इस दौरान लखीमपुर के सचिन अवस्थी एवं लखनऊ की वीना पांडेय द्वारा लोक गायन प्रस्तुत किया गया। इसके अलावा आरती मिश्रा ग्रुप लखीमपुर द्वारा अवधी लोकनृत्य, लखीमपुर के अजय मिश्रा द्वारा कठपुतली डांस, रामपाल निषाद द्वारा लोक गायन पेश किया गया। वहीं नेपाल आईसीसीआर प्रायोजित दल द्वारा थारू एवं मयूर नृत्य और राजस्थान के शिवनारायण द्वारा चकरी नृत्य का प्रदर्शन किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य कलाकार पद्मश्री महावीर गुड्डू हरियाणा द्वारा प्रस्तुत बमलहरी ने दर्शकों को भाव विभोर कर दिया। राजस्थान के कलाकारों द्वारा घूमर एवं चकरी नृत्य की आकर्षक प्रस्तुतियां दी गई। सभी कलाकारों ने अपनी उत्कृष्ट प्रस्तुतियां से दर्शकों का मनमोह लिया। समापन पर महोत्सव के नोडल अतुल द्विवेदी ने कलाकारों का आभार जताया। कार्यक्रम में डीएम ज्ञानेंद्र सिंह, सीडीओ राजेंद्र कुमार श्रीवास, सिटी मजिस्ट्रेट विजय वर्धन तोमर, एसडीएम न्यायिक पवन कुमार समेत तमाम लोग मौजूद रहे।



**इफ्तार** रविवार
सुन्नी : 6:10
शिया : 6:13

**सहरी** सोमवार
सुन्नी : 5:05
शिया : 5:08

## न्यूज ब्रीफ

### होली को लेकर पुलिस ने जारी की हेल्पलाइन

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** होली पर्व सकुशल सम्पन्न कराये जाने के लिए एसपी डॉ. ख्याति गर्ग के निर्देश पुलिस ने हेल्पलाइन नंबर जारी किया है। त्यौहार के दौरान किसी भी प्रकार की समस्या होने पर त्वरित निस्तारण के लिए पीड़ित कंट्रोल रूम खीरी में होली रिजर्व मोबाइल नंबर 9336933704 पर सूचना दे सकते हैं। जिससे पुलिस समस्या का त्वरित निस्तारण किया जा सके।

### बीच-बचाव करने पर युवक से मारपीट

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** कोतवाली धौरहरा क्षेत्र के गांव पंडितपुरवा निवासी बिसंभर ने बताया कि दोपहर करीब 1 बजे गांव के ही भारथ और उनके भाई रामलाल के बीच मारपीट को लेकर कहासुनी हो रही थी। इसी दौरान जब वह मौके पर पहुंचे तो आरोप है कि भारथ ने गालियां देते हुए डंडे से मारपीट कर दी और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### पत्रकार पर हमले की रिपोर्ट दर्ज

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार :** नगर के सिंगाही धर्मशाला निवासी पत्रकार पंकज मिश्रा ने बताया कि वह 27 फरवरी शुक्रवार की रात 9 बजे अशोक चौराहे पर खड़े थे। तभी बाइक सवार नगर के खुटार रोड लाबा नगर निवासी अशोक दीक्षित और राकेश शुक्ला ने उससे गाली-गलौज करते हुए अचानक उन पर लात घूसों से हमला कर घायल कर दिया, जिसमें उनकी बाई आंख बुरी तरह जख्मी हो गई। हालत गंभीर होने पर उन्हें सीएचसी से जिला अस्पताल रेफर किया गया है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर चालान भेजा है।

## शराब की दुकान का निरीक्षण कर एसओ ने देखे अभिलेख

**भीरा, अमृत विचार:** थाना प्रभारी रोहित दुबे ने शनिवार की शाम थाना क्षेत्र की शराब की दुकानों का औचक निरीक्षण किया। अभिलेखों की जांच की और स्टॉक का भौतिक मिलान किया। निरीक्षण के दौरान बिक्री रजिस्टर, अनुज्ञप्ति शर्तें और भंडारण विवरण का बारीकी से जांच की गई। दुकानदारों को सख्त निर्देश दिए गए कि निर्धारित समय से अधिक बिक्री न करें। बिना लाइसेंस किसी को शराब न बेचें और ओवररेटिंग या मिलावटी कारोबार से पूरी तरह बचें। होली के आसपास अवैध शराब की बिक्री और वितरण पर विशेष निगाह रखी जाएगी। दोषी पाए जाने पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। दुकानदारों को अपने अभिलेख दुरुस्त रखने और प्रशासन के निर्देशों का कड़ाई से पालन करने की हिदायत दी गई।

### सांसद आनंद भदौरिया बोले- मेरे प्रयास से पास हुई योजना, फिर उद्घाटन में क्यों नहीं बुलाया

# पुल की स्वीकृति मेरी, लेकिन फीता किसी और ने काटा

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** धौरहरा लोकसभा क्षेत्र में सुजई कुंडा संपर्क मार्ग स्थित दहावर (दुबट्टा) घाट पर प्रस्तावित पुल निर्माण का भूमि पूजन कार्यक्रम को लेकर सियासी खींचतान शुरू हो गई है। कार्यक्रम में आमंत्रण न मिलने से नाराज सांसद ने खुलकर आक्रोश जताया है। नाराज सांसद आनंद भदौरिया ने डीएम को पत्र लिखकर अपनी आपत्ति दर्ज कराई है, जिससे राजनीतिक तापमान अचानक बढ़ गया है। उनका कहना है कि उन्होंने कार्ययोजना में शामिल कर स्वीकृत कराई थी। सवाल उठाते हुए कहा कि फिर उन्हें उद्घाटन में क्यों नहीं बुलाया गया।

धौरहरा सांसद आनंद भदौरिया का कहना है कि उनके निरंतर प्रयासों और व्यक्तिगत अनुरोध के बाद ही यह मार्ग एवं पुल परियोजना वित्तीय वर्ष 2024-25 की कार्ययोजना में शामिल होकर स्वीकृत हुई थी। उन्होंने शासन स्तर पर पैरवी कर योजना को मंजूरी दिलाई, लेकिन जब भूमि पूजन का अवसर आया तो उन्हें ही आमंत्रित नहीं किया गया। उन्होंने इसे लोकतांत्रिक परंपराओं और जनप्रतिनिधियों के सम्मान के विरुद्ध बताया है। सांसद ने डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल को चिट्ठी लिखते हुए इस पर कड़ी नाराजगी जताई है और जिम्मेदारों से स्पष्टीकरण तलब कर अवगत कराने को कहा है। भविष्य में लोकसभा क्षेत्र के किसी भी सरकारी कार्यक्रम में क्षेत्रीय सांसद को विधिवत आमंत्रित किया जाना सुनिश्चित किया जाए। इस प्रकार की यदि कोई घटना पुनः घटित होती है तो संवैधानिक और वैधानिक अधिकारों का प्रयोग करने के लिए बाध्य होना पड़ेगा। धौरहरा सांसद का डीएम को लिखा यह पत्र सोशल मीडिया पर भी तेजी से वायरल हो रहा है। फिलहाल प्रशासन की ओर से इस मामले में कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। कुछ लोग इसे महज प्रोटोकॉल की चूक मान रहे हैं, तो कुछ इसे सियासी असहमति का संकेत बता रहे हैं। फिलहाल जो भी हो, पुल बनने से पहले ही उसने सियासत की धार तेज कर दी है। अब देखना यह है कि यह मामला स्पष्टीकरण के साथ शांत होता है या आगे और राजनीतिक बयानबाजी को जन्म देता है।



हवन-पूजन के साथ शिलान्यास करते विधायक विनोद शंकर अवस्थी।

### श्रेय की सियासत पर चुटकी

सोशल मीडिया पर धौरहरा सांसद का पत्र वायरल होने के बाद सियासी तापमान भी बढ़ गया है। राजनीतिक गलियारों में इस घटनाक्रम को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं हैं। विपक्षी दलों के कार्यकर्ता चुटकी लेते नजर आ रहे हैं कि योजना पास कराने वाला पीछे और फीता काटने वाला आगे...यह कैसी विकास की परंपरा? स्थानीय स्तर पर इसे श्रेय की राजनीति से भी जोड़कर देखा जा रहा है। जानकारों का मानना है कि विकास कार्यों के साथ श्रेय का समीकरण भी उतना ही महत्वपूर्ण हो जाता है, खासकर जब मंच पर मौजूदगी राजनीतिक संदेश देती हो।

### भाजपा विधायक ने भूमि पूजन कर किया था शिलान्यास

धौरहरा विधायक विनोद शंकर अवस्थी ने 22 जनवरी को इस पुल के निर्माण का वैदिक मंत्रोच्चारण और हवन-पूजन के साथ विधिवत शिलान्यास किया था। धौरहरा को जोड़ने वाला सुजईकुंड़ा मार्ग वर्षों से पुल की बाह जोट रहे थे। हर साल बारिश आते ही यह मार्ग तालाब में तब्दील हो जाता था, जिससे सुजईकुंड़ा, मंगरोली सहित करीब 40 गांवों का संपर्क कट जाता था। इसका सबसे अधिक असर विद्यार्थियों, मरीजों, किसानों और व्यापारियों पर पड़ता था। स्कूल जाने वाले बच्चों को पढ़ाई छोड़नी पड़ती थी। भाजपा विधायक विनोद शंकर अवस्थी ने पुल स्वीकृत कराने का दावा किया था।

# भाजपा के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष का जोरदार स्वागत


### नवनियुक्त जिलाध्यक्ष प्रथम जिला आगमन पर उत्साह और उल्लास का माहौल देखने को मिला

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** भाजपा प्रदेश नेतृत्व द्वारा नवनियुक्त जिलाध्यक्ष अरविंद गुप्ता के प्रथम जिला आगमन पर शुक्रवार को उत्साह और उल्लास का माहौल देखने को मिला। जिले की सीमा मरखापुर से उनके स्वागत का सिलसिला शुरू हुआ, जो शहर के विभिन्न प्रमुख स्थानों तक चलता रहा। कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने फूल-मालाओं, नारों और पुष्पवर्षा के साथ उनका जोरदार अभिनंदन किया।

मरखापुर सीमा पर नकहा ब्लॉक प्रमुख पवन गुप्ता, भाजपा जिला मीडिया प्रभारी रमेश चंद्र मिश्रा एवं मोहम्मदी ब्लॉक प्रमुख महेंद्र कुमार वाजपेयी सहित अनेक कार्यकर्ताओं ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। इसके बाद वेल कस्बे में रेणु गुप्ता के नेतृत्व में स्वागत समारोह आयोजित हुआ। गुलरीपुरवा स्थित हनुमान मंदिर परिसर में पार्टी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं जनप्रतिनिधियों की बड़ी संख्या मौजूद रही। यहां विधायक लोकेन्द्र प्रताप सिंह, मंजू त्यागी, अमन गिरि, विनोद शंकर अवस्थी, योगेश वर्मा, पूर्व राज्यसभा सांसद जुगल किशोर, जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष विनीत मनार, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि नरेंद्र सिंह, बृजेश सिंह, राजेश मिश्रा, पूर्व जिला उपाध्यक्ष उमाशंकर मिश्रा, राजेश सिंह एडवोकेट, सौरभ सक्सेना, पालिकाध्यक्ष गोला विजय शुक्ल रिंकू, पालिकाध्यक्ष पलिया कलां लक्ष्मी गुप्ता, वरुण गुप्ता, पूर्व ब्लाक प्रमुख आशुतोष वर्मा, दीपक पुरी, राहुल मिश्रा, धीरज वाजपेयी सहित अनेक नेताओं ने माल्यार्पण कर उनका अभिनंदन किया।

- जगह-जगह फूल-मालाओं से किया गया अभिनंदन



स्वागत करते विधायक लोकेंद्र प्रताप सिंह व पालिकाध्यक्ष गोला विजय शुक्ल रिंकू।



नव निर्वाचित जिलाध्यक्ष अरविंद गुप्ता का स्वागत करते लोग।

### मंदिरों में पूजा-अर्चना, कार्यालय में वैचारिक नमन

जिलाध्यक्ष अरविंद गुप्ता ने मां संकटा देवी मंदिर में पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद लिया। इसके बाद संकटा देवी चौराहे पर स्वागत के उपरांत सक्षम होटल में भी कार्यक्रम हुआ। पश्चात जिला कार्यालय पहुंचकर उन्होंने सर्वप्रथम पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण किया। कार्यालय प्रवेश से पूर्व उन्होंने मुख्य द्वार का चरण स्पर्श कर संगठन के प्रति अपनी निष्ठा व्यक्त की और कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर आगामी संगठनात्मक रणनीति पर चर्चा की। भाजपा कार्यालय पर स्वागत कार्यक्रम के दौरान जिले भर से आए जिला पदाधिकारियों, मंडल अध्यक्षों, बूथ अध्यक्षों और कार्यकर्ताओं ने माल्यार्पण कर और शॉल ओढ़ाकर उनका अभिनंदन किया। कार्यक्रम का संचालन कुलभूषण सिंह ने किया।

### नव नियुक्त जिलाध्यक्ष ने संगठन मजबूती का लिया संकल्प

**लखीमपुर खीरी :** नवनियुक्त जिलाध्यक्ष अरविंद गुप्ता ने कहा कि लखनऊ से लेकर लखीमपुर तक मिले भव्य स्वागत से वे अभिभूत हैं और कार्यकर्ताओं के स्नेह ने उन्हें भावुक कर दिया है। उन्होंने कहा कि पार्टी हम सबकी मां है। वर्षों से मैं बूथ स्तर पर कार्य करता रहा हूं और आज संगठन ने मुझे जिलाध्यक्ष का दायित्व सौंपा है। यह मेरे लिए सम्मान के साथ-साथ बड़ी जिम्मेदारी भी है। कहा कि बूथ अध्यक्ष से लेकर जिलाध्यक्ष तक का उनका सफर संगठन की कार्यकर्ता-आधारित कार्यसंस्कृति का प्रमाण है। उन्होंने पूर्व मंत्री रामकुमार वर्मा, पूर्व सांसद डॉ. जीएल.कनौजिया, पूर्व जिलाध्यक्ष बिंद्रा प्रसाद गुप्ता एवं डॉ. जयशंकर वाजपेयी की कार्यशैली का उल्लेख करते हुए कहा कि इन्हीं वरिष्ठ नेताओं के मार्गदर्शन और आदर्शों पर चलते हुए वे संगठन को और मजबूत करेंगे। जिलाध्यक्ष ने पार्टी द्वारा चलाए जा रहे मतदाता पुनरीक्षण अभियान में सभी कार्यकर्ताओं से सक्रिय भागीदारी का आह्वान किया और बूथ स्तर तक संगठन सुदृढ़ करने पर जोर दिया।



अरविंद गुप्ता।

## दुकान से मोबाइल लेकर भागा उचक्का

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार:** होली के त्यौहार के चलते नगर की बाजारों में भीड़ बढ़ गई है, ऐसे में उचक्के भी सक्रिय हो गए हैं। शनिवार शाम मिल रोड स्थित दुकान में चार्जिंग में लगा व्यापारी का मोबाइल लेकर एक ऊचक्का भागने लगा। लोगों ने उसे नीलकंठ मैदान तक दौड़कर पकड़ लिया और पुलिस के सुपुर्द कर दिया। व्यापारी राजेश गुप्ता ने बताया कि शनिवार को वह दुकान पर कुछ काम कर रहे थे। तभी एक युवक अचानक दुकान में आया और चार्जिंग में लगा मोबाइल निकालकर भागने लगा। लोगों ने उसे दौड़ाकर पकड़ा और पुलिस के सुपुर्द कर दिया।

## सड़क दुर्घटना में एक घायल, रेफर

**गोला गोकर्णनाथ:** मैलानी थाना क्षेत्र के गांव नारायनपुर निवासी गिरीश कुमार (50) पुत्र शंकर लाल सड़क दुर्घटना में गंभीर घायल हो गए, जिन्हें सीएचसी भर्ती कराया गया, जहां प्राथमिक उपचार में सुधार न होने पर डॉक्टरों ने उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

# बेटी को सर्वाइकल कैंसर से बचाओ का लिया संकल्प

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** महिलाओं में तेजी से बढ़ रहे सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम के लिए जिले में एचपीवी (ह्यूमन पैपिलोमा वायरस) टीकाकरण अभियान का आरंभ किया गया। इस अभियान के तहत 9 से 14 वर्ष की किशोरियों को एचपीवी वैक्सीन लगाई जाएगी। प्रारंभिक 3 माह अभियान मिशन मोड में संचालित होगा, इसके बाद इसे नियमित टीकाकरण कार्यक्रम में शामिल किया जाएगा।

कार्यालय सभागार में कार्यक्रम में सीएमओ डॉ. संतोष गुप्ता ने बताया कि देशभर में एचपीवी टीकाकरण अभियान का आरंभ अजमेर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया, जबकि उत्तर प्रदेश में लखनऊ से डिप्टी सीएम बृजेश पाठक ने वर्चुअल शुरुआत की। कार्यक्रम का सजीव प्रसारण जिले के सभी सीएचसी, पीएचसी और प्रधानमंत्री जन आरोग्य मंदिरों में किया गया। उन्होंने बताया कि सीएमओ डॉ. संतोष गुप्ता ने बताया कि सर्वाइकल कैंसर महिलाओं में होने वाला दूसरा सबसे बड़ा कैंसर है। एचपीवी टीकाकरण इसकी रोकथाम का सबसे प्रभावी और सुरक्षित उपाय है। यह वैक्सीन लगभग 90 से 95 प्रतिशत तक प्रभावी है।

जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. रवि सिंह ने बताया कि चिकित्सकीय विशेषज्ञों के अनुसार ह्यूमन पैपिलोमा वायरस संक्रमण इस कैंसर का मुख्य कारण है। इसके अतिरिक्त कम उम्र में विवाह, असुरक्षित यौन संबंध, व्यक्तिगत स्वच्छता की कमी, बार-बार प्रसव, धूम्रपान तथा कमजोर प्रतिरक्षा प्रणाली भी जोखिम बढ़ाते हैं। कार्यक्रम में एसीएमओ डॉ. एसपी मिश्रा, एसीएमओ डॉ. आरएम गुप्ता, डिप्टी सीएमओ डॉ. प्रमोद वर्मा, डिप्टी सीएमओ डॉ. धनीराम भार्गव, जिला मलेरिया अधिकारी हरिशंकर, एपिडेमियोलॉजिस्ट (एनसीडी) डॉ. राकेश गुप्ता, डॉ. पूनम सिंह, डीपीएम अनिल यादव, डैम सतपाल सिंह, स्टेनो कार्तिकेय मिश्रा आदि रहे।



कार्यक्रम में मौजूद सीएमओ डॉ. संतोष गुप्ता व अन्य अधिकारी। ● अमृत विचार

- बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ के साथ चलेगा एचपीवी टीकाकरण अभियान

### नि:शुल्क उपलब्ध होगी वैक्सीन

सीएमओ ने बताया कि यह वैक्सीन सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया द्वारा स्वदेश में निर्मित की गई है। बाजार में इसकी कीमत 2000 रुपये से अधिक है, लेकिन सरकार द्वारा इसे जिले के सभी स्वास्थ्य केंद्रों एवं जिला महिला अस्पताल में निशुल्क उपलब्ध कराया जाएगा। एचपीवी वैक्सीन को 2 से 8 डिग्री सेल्सियस तापमान पर सुरक्षित रखना आवश्यक है। इसके लिए कोल्ड चेन प्रबंधन की निगरानी की जाएगी। ये जिम्मेदारी जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. रवि सिंह को सौंपी गई है।

# उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को सीएम ने भेजी सब्सिडी

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** महिलाओं की होली का त्यौहार पर मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत 1,500 करोड़ की धनराशि से उत्तर प्रदेश के 1.86 करोड़ पात्र परिवारों को गैस सिलेंडर रिफिल सब्सिडी की सौगात दी। इससे जिले की 5.38 लाख लाभार्थी भी लाभान्वित हुए हैं।

कलेक्ट्रेट में आयोजित कार्यक्रम में लखनऊ से लाइव स्ट्रीमिंग के माध्यम से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के संबोधन को देखा गया। कार्यक्रम का संचालन डीएसओ अंजनी कुमार सिंह ने किया। जनपदीय कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक योगेश वर्मा, विधायक विनोद शंकर अवस्थी और डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह और डीएसओ अंजनी कुमार सिंह के साथ दीप प्रज्वलित कर किया। इसके बाद उज्ज्वला योजना की लाभार्थियों को प्रतीकात्मक चेक वितरित किए गए।

विधायक योगेश वर्मा ने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार की सभी योजनाओं में महिलाओं को प्राथमिकता दी जा रही है। सरकार की ओर से सर्वाइकल कैंसर का मुफ्त टीकाकरण भी जल्द ही लागू किया जा रहा है। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने जिले के सभी लाभार्थियों को होली पर्व की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि शासन ने पीएम उज्ज्वला योजना के तहत पात्र लाभार्थी परिवारों को गैस सिलेंडर रिफिल सब्सिडी की धनराशि उपलब्ध कराई है।

डीएसओ अंजनी कुमार सिंह ने बताया कि खीरी में 05 लाख 38 हजार 961 गरीब महिलाएं उज्ज्वला योजना की लाभार्थी है। आधार प्रमाणित लाभार्थियों को निःशुल्क एलपीजी सिलेंडर रिफिल का वितरण किया गया। उपभोक्ता दर के अनुसार भुगतान कर 14.2 किलो का सिलेंडर रिफिल प्राप्त करेगा, जिसके बाद सब्सिडी उसके आधार प्रमाणित खाते में ऑयल कंपनियां अंतरित करेंगी।



कार्यक्रम को संबोधित करती डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल। ● अमृत विचार

- जनप्रतिनिधियों ने डीएम संग बांटे प्रतीकात्मक चेक
- मुख्यमंत्री के संबोधन की देखी लाइव स्ट्रीमिंग

होली | समय के साथ बनाने के झंझट से बचने के लिए रेडीमेड पकवानों की बढ़ रही मांग

# गुझिया की खुशबू से महका बाज़ार, दुकानों पर पहुंच रहे खरीदार

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** होली का त्योहार दो दिन बाद है। इसका एहसास बाजार भी करवा रहा है। करीब आ रहे पर्व की तैयारियों और खरीदारी के लिए बाजार में भीड़ भी उमड़ रही है। उधर, होली के पकवानों से बाजार भी गुलजार है। गुझिया से लेकर नमकीन आदि पकवानों की खुशबू से बाजार महक रहा है। इनकी खरीदारी के लिए लोग भी दुकानों पर पहुंचने लगे हैं।

होली को लेकर घरों में जोर शोर से तैयारियां चल रही हैं। होली मिलने के लिए आने वाले मेहमानों की खातिरदारी के लिए घरों में चिप्स, विभिन्न प्रकार के पापड़, सेव आदि पकवानों का बनना शुरू हो गया है। उधर, बाजार भी विभिन्न प्रकार की नमकीनों से लेकर नमकीन समोसे, खस्ता एवं गुझिया आदि से सज गए हैं। बाजार में कई किस्म की गुझिया बन रही हैं। इनमें सूखी से लेकर चाशनी वाली।

बदलते परिवेश में घरों में पहले की तरह गुझिया बनाने के लिए घर-घर महिलाओं की महफिल नहीं सज रही है। गुझिया बनाने के झंझट व समय से बचने के लिए तमाम लोग बाजार से खरीदारी कर रहे हैं।

ग्राहकों की बढ़ती संख्या को देखते हुए बाजार भी गुझियों की खुशबू की महक रहा है। बाजार में विभिन्न प्रकार की गुझिया 360 रुपये से शुरू होकर 600 रुपये प्रति किलो तक बिक रही हैं।



सदर चौराहे से संकटा देवी रोड पर होली पर सजी दुकान, खरीदारी करते लोग। ● अमृत विचार



बाजार में दुकान पर रखी रेडीमेड गुझिया।

- गुझिया व अन्य पकवान घर पर बनाने के बजाय बाजार से खरीदारी रहे लोग

"त्यौहार को देखते हुए स्वयं नमकीन, गुझिया, मठरी आदि तैयार कर बिक्री कर रहे हैं। पकवानों को बनाने में शुद्धता और उनकी गुणवत्ता का पूरा ध्यान रखा जा रहा है।
-सूरज कुमार, दुकानदार।

### खाद्य पदार्थों के भाव

| सामग्री | मूल्य (प्रति किलो) |
|---|---|
| मठरी | 160- 200 |
| गुझिया | 360-600 |
| खुरमा | 200 |
| नमकीन समोसा | 240 |
| नमकीन | 200 से 240 |

# छात्राओं से अश्लील हरकत का आरोपी शिक्षक निलंबित

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** कोतवाली चंदनचौकी क्षेत्र में एक विधालय में छात्राओं से छेड़छाड़ और अश्लील वीडियो दिखाने के मामले में आरोपी शिक्षक को बीएसए प्रवीण कुमार तिवारी ने निलंबित कर दिया है। प्रकरण की जांच के लिए दो सदस्यीय टीम गठित की है। उधर, पुलिस ने पॉक्सो एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज करने के बाद आरोपी शिक्षक की तलाश तेज कर दी है।

विद्यालय की छात्राओं का आरोप था कि शिक्षक सुनील कुमार सिंह अक्सर उन्हें ग़लत तरीके से स्पर्श करता था और विरोध करने पर डराता-धमकाता था। पढ़ाई के बहाने उन्हें अपने पास बुलाता था और फिर अपने मोबाइल फोन पर अश्लील वीडियो दिखाकर मानसिक रूप से प्रताड़ित करता था। इस घटना के बाद आक्रोशित अभिभावकों ने कोतवाली चंदनचौकी पुलिस को तहरीर दी थी। पुलिस ने आरोपी शिक्षक के खिलाफ पाक्सो एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज की थी। बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रवीण कुमार तिवारी ने बताया कि मामले की जांच बीईओ पलिया रमन सिंह से कराई गई।

रमन सिंह ने विद्यालय पहुंचकर पीड़ित छात्राओं के बयान दर्ज किए थे। प्रारंभिक जांच में प्रथम दृष्टया आरोप सही मिलने पर शिक्षक को निलंबित कर दिया गया है। मामले में विभागीय जांच भी शुरू कर दी गई है। साथ ही निष्पक्ष जांच के लिए दो सदस्यीय टीम गठित की गई है। टीम में शामिल बीईओ धौरहरा आशीष कुमार पांडेय और जिला समन्वयक माला श्रीवास्तव को जल्द रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। जांच टीम की रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

- गठित दो सदस्यीय संयुक्त जांच टीम ने छात्राओं के दर्ज किए बयान

## बाइकों की भिड़ंत में पांच लोग घायल

**पसगवां, अमृत विचार:** थाना उचौलिया के गांव एकघरा निवासी कुलदीप राठौर गर्भवती पत्नी का अल्ट्रासाउंड कराने मोहम्मदी गये थे। उनके साथ माता कुंता राठौर और पिता कामता प्रसाद भी थे। ये दोनों अलग-अलग बाइकों पर थे। वापस आते समय मड़वा गांव के पास पेट्रोल पंप के पास विपरीत दिशा से आ रही दो बाइकों से इन दोनों बाइकों से जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइकों पर सवार सड़क पर दूर जा गिरे। इसमें कुलदीप, कुलदीप की पत्नी, माता कुंता और दूसरी बाइकों पर सवार पसगवां निवासी अमित और गांव चौबियापुर निवासी पीयूष पुत्र सुशील मिश्र घायल हो गए। घायलों को पसगवां सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने कुलदीप और पीयूष को शाहजहांपुर रेफर कर दिया। शाहजहांपुर में कुलदीप की हालत में सुधार न होने पर बरेली रेफर किया गया। पीयूष गंभीर हालत में लखनऊ में भर्ती हैं। कुलदीप की गर्भवती पत्नी के हाथ में फ्रैक्चर हो गया है।

न्यूज ब्रीफ

### गोशाला निरीक्षण में मिली कमियां

**भीरा, अमृत विचार :** डीएम के निर्देश पर सहकारी गन्ना विकास समिति के सचिव प्रभारी जगपाल सिंह ने गांव अंबारा की गोशाला का औचक निरीक्षण किया, जिसमें जर्जर हाल में बिजली के कटे तार मिले। वहीं बिजली कनेक्शन भी अवैध रूप से चलता पाया गया। केयरटेकर के पास गोशाला के संचालन से संबंधित रजिस्टर भी नहीं मिला। रजिस्टर मांगने पर उसने ग्राम पंचायत सचिव के पास होना बताया। गोशाला में लगे सीसीटीवी कैमरे बंद मिले। पशुओं के लिए पानी की व्यवस्था भी ठीक नहीं मिली ।मौके पर 150 के आसपास गोवंश पाए गए। पशुओं का चारा भूसा आदि की क्वालिटी ठीक नहीं मिली। सचिव ने बताया कि निरीक्षण रिपोर्ट डीएम को भेज दी गई है।

### बस के अज्ञात चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार :** नगर के कुम्हारन टोला निवासी गंगा देवी ने बताया कि 21 फरवरी को उसकी पुत्री का विवाह मोहम्मदी रोड स्थित कंजा बाबा देवस्थान के निकट एक मैरिज लॉन में हो रहा था। उनके पति रामबहादुर जरूरी सामान लेने के लिए रोड क्रॉस कर रहे थे। तभी मोहम्मदी की तरफ से आ रही बस ने टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर घायल हो गए। जिला अस्पताल ले जाते समय रेलवे क्रॉसिंग के पास पति की मृत्यु हो गई। पुलिस ने रिपोर्ट उन्होंने बस के अज्ञात चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करा दी है।

### डीसीएम चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार :** नगर के मोहल्ला अर्जुन नगर कॉलोनी निवासी सलमान 25 फरवरी की शाम 4.30 बजे बाइक से अपनी बहन शीबा, भांजे हसन और हसनैन को उनके घर शाहजहांपुर जिला के खुटार मोहल्ला देवीस्थान छोड़ने जा रहे था। तभी नगर के रिलायंस पेट्रोल पंप के निकट पटेल चौराहे की ओर से आ रही डीसीएम ने गलत साइड में लाकर बाइक में टक्कर मार दी थी, जिसमें उनके भांजे, बहन गंभीर घायल हो गए थे। भांजे हसन की जिला अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई थी, जबकि हसनैन को इलाज के लिए लखनऊ रेफर कर दिया गया था। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# स्कूलों में हुई छुट्टी तो बच्चों ने आपस में जमकर खेली होली

## विद्यार्थियों ने होलिका दहन पर आधारित नृत्य-नाटिका का किया मंचन, एक-दूसरे को अबीर गुलाल लगाया



शहर स्थित जयपुरिया स्कूल में राधाकृष्ण के रूप में सजे बच्चे। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** जिले के स्कूलों में होली का अवकाश घोषित कर दिया गया है। छुट्टी के समय बच्चों ने आपस में जमकर होली खेली। बच्चों ने इस दौरान एक-दूसरे को अबीर गुलाल लगाया। सेठ एमआर जयपुरिया स्कूल में उल्लास एवं सांस्कृतिक गरिमा से परिपूर्ण कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया।

विद्यार्थियों ने प्रस्तुत होलिका दहन आधारित नृत्य-नाटिका ने बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रभावशाली मंचन किया। छोटे बच्चों द्वारा मनमोहक नृत्य प्रस्तुतियों ने वातावरण को रंगों और उत्साह से सराबोर कर दिया। इस दौरान राधाकृष्ण के वेश में सजे बच्चे आकर्षित कर रहे थे। अंत में विद्यालय के नन्हे मुन्ने बच्चों ने फूलों से होली खेलकर प्रेम, सौहार्द और एकता का संदेश दिया। विद्यालय प्रबंधक आशीष गुप्ता ने सभी को शुभकामनाएं दीं।



एमेट आरवी किड्स एकेडमी में रंग खेलते बच्चे। ● अमृत विचार

### सिल्वर सिटी में विद्यार्थियों ने जमकर खेला अबीर गुलाल



**गोला गोकर्णनाथ :** कोटवारा रोड स्थित सिल्वर सिटी एकेडमी में विद्यार्थियों ने एक दूसरे को जमकर अबीर गुलाल लगाया। विद्यार्थियों ने होली के पारंपरिक गीतों, नृत्यों एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से सभी का मन मोह लिया। प्रबंध निदेशक हरमोहन सिंह खुराना ने कहा कि होली प्रेम, भाईचारे और एकता का संदेश देने वाला पर्व है। प्रधानाचार्य एसके शुक्ला ने होली के महत्व पर जानकारी दी।

### स्कूलों में दिखा होली का खुमार

**मितौली :** ब्लॉक के पिपरझला स्थित एमेट आरवी किड्स एकेडमी में शनिवार को होली की छुट्टियों की घोषणा के साथ ही विद्यालय में होली का उत्साह देखने को मिला। बच्चों ने शिक्षकों के साथ मिलकर रंगों के साथ होली खेली और त्योहार का आगाज किया। विद्यालय परिसर में बच्चों के साथ शिक्षक-शिक्षिकाएं भी होली के रंग में रंगे नजर आए। विद्यालय प्रबंधक प्रियंका गोस्वामी ने बच्चों को होली के दौरान सिंथेटिक रंगों से होने वाले नुकसान के बारे में जानकारी दी। प्रधानाचार्य आशा राज ने सभी बच्चों को होली की शुभकामनाएं दीं।

### धूमधाम से मनाया फागुन महोत्सव



**मैलानी, अमृत विचार :** श्री श्याम परिवार समिति द्वारा मैलानी पलिया बाईपास रोड स्थित खिलखिलाहट किंडरगार्टन प्ले स्कूल के प्रांगण में फागुन महोत्सव में श्री श्याम प्रभु खाटू वाले की भजन संध्या के साथ फूलों की होली खेली गई। वृंदावन धाम के भजन गायक अमन मिश्रिक ने तेरे चेहरे में वो जादू है तेरी ओर चला आता हूं और हारे के सहारे आ जा, राधे बरसाने में आ जइयो के साथ सुंदर-सुंदर भजन सुना कर कीर्तन में आए महिलाएं, बच्चों सहित पंडाल में मौजूद सभी भक्तों को झूमने पर मजबूर कर दिया। श्याम भक्त अरविंद गोयल, गोपाल सिंघल, कलश अग्रवाल ने भी भजन सुनाकर सभी भक्तों को खूब नचाया, जिस पर भक्तों ने खुब मस्ती का आनंद लिया। नगर पंचायत चेयरपर्सन कीर्ति माहेश्वरी, समाजसेवी भवानी शंकर माहेश्वरी ने भजन प्रवाहक महाराज अमन मिश्रिक को स्मृति चिह्न भेंट करने के साथ ही उन्हें पटका पहनाकर सम्मानित किया। भजन संध्या में भाजपा नेत्री गुरमीत कौर, धर्मचंद गोयल, द्वारका प्रसाद गोयल, हनुमान प्रसाद बंसल, अंकित गोयल आदि मौजूद रहे।

# विधायक ने जीर्णाद्धार इमारत का किया लोकार्पण

- बस्तौली समिति पर हुई सामान्य निकाय की बैठक

संवाददाता, बग्घून

**अमृत विचार:** बहुउद्देशीय प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समिति बी पैक्स बस्तौली में किसान गोष्ठी और सामान्य निकाय बैठक में समिति की उपलब्धियां गिनाई गईं। मुख्य अतिथि विधायक अमन गिरि ने बाउंड्रीवॉल और पुरानी इमारत के जीर्णाद्धार का पूजन-अर्चन के साथ फीता काटकर लोकार्पण किया।

बस्तौली समिति पर हुई सामान्य निकाय की बैठक में समिति के सचिव प्रबलदीप अवस्थी ने समिति की उपलब्ध्यिं गिनाकर सहकारिता विभाग द्वारा सदस्यों के हित में चलाई जा रही योजनाएं गिनाईं। मुख्य अतिथि विधायक अमन गिरि ने कहा कि राज्य सरकार किसानों के लिए तमाम योजनाएं चलाई जा रही हैं, जिनका लाभ लें। उन्होंने समिति संचालकों को भी सम्मानित किया।

विधायक श्री गिरि ने नवनियुक्त कुंभी मण्डल अध्यक्ष सच्चिदानंद शुक्ला को माला पहनाकर दायित्व की शुभकामनाएं दी। इस मौके पर जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष विनीत मनार, समिति अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह लाडी, ब्लॉक प्रमुख विमल वर्मा, जिला पंचायत सदस्य रोहित खान, लल्लन शुक्ला आदि मौजूद रहे।



बस्तौली समिति पर निर्माण कार्यों का लोकार्पण करते विधायक अमन गिरि।

### महिला को पीटकर घर से निकाला

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार:** कोतवाली धौरहरा क्षेत्र गांव कफारा निवासी महिला सोनी कौर ने बताया कि उसकी शादी 30 अक्टूबर 2025 को मेहर सिंह निवासी खैरीगढ़ मजरा सिसैया थाना सिंगाही के साथ हुई थी। आरोप है कि विवाह के कुछ समय बाद पति, ससुर संतोष सिंह, देवर गुरविंदर सिंह, सास हरप्रीत कौर तथा जसपाल निवासी बंडा ने अतिरिक्त दहेज में बाइक और एक लाख रुपये नकद की मांग शुरू कर दी। आरोप है कि 24 फरवरी 2026 को कथित रूप से गाली-गलौज करते हुए उसे पीटा गया और उसके जेवरात छीनकर घर से निकाल दिया गया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच एसआई पुष्कर वर्मा को सौंपी है।

# स्टेट बैंक के कैशियर का कारनामा

संवाददाता, निघासन

- 10 मार्च का था चेक और 27 फरवरी को कर दिया भुगतान

**अमृत विचार:** निघासन कस्बे में स्थित स्टेट बैंक ऑफ इंडिया शाखा में एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जहां तारीख से पहले ही चेक का भुगतान कर दिया गया। कैशियर की कथित लापरवाही से उपभोक्ता के खाते से 10 हजार रुपये कट गए। बाद में शिकायत और हंगामे के बाद बैंक प्रबंधन ने गलती मानी और रकम वापस की।

नानक नगर निवासी रामकिशोर ने बताया कि उनका लेनदेन रानीगंज निवासी थाने के चौकीदार राजेंद्र से था। उन्होंने 27 फरवरी को 20 हजार रुपये की एक चेक और 10 मार्च की तारीख वाली 10 हजार रुपये की दूसरी चेक जारी की थी। आरोप है कि राजेंद्र ने दोनों चेक 27 फरवरी को ही बैंक में लगा दीं और दोनों का भुगतान भी उसी दिन कर दिया गया, जबकि दूसरी चेक की निर्धारित तिथि 10 मार्च थी। शनिवार को जब रामकिशोर को खाते से रकम कटने की जानकारी हुई तो वह बैंक पहुंचे और शाखा प्रबंधक से शिकायत की।

उपभोक्ता का आरोप है कि इस दौरान मैनेजर ने उनसे अभद्र व्यवहार किया। मामले ने तूल पकड़ा और बैंक में काफी देर तक हंगामा होता रहा। आखिरकार शाखा प्रबंधक जितेंद्र कुमार ने इसे बैंक की गलती मानते हुए कहा कि कैशियर की त्रुटि से भुगतान हो गया था। उन्होंने बताया कि उपभोक्ता के खाते में 10 हजार रुपये वापस जमा करा दिए गए हैं। उन्होंने यह भी कहा कि 10 हजार की चेक उनके पास आती है, जबकि शेष भुगतान की प्रक्रिया कैशियर द्वारा देखी जाती है।

उधर, उपभोक्ता रामकिशोर ने बैंक प्रबंधन को खाता बंद करने के लिए पत्र सौंप दिया है। उनका कहना है कि यदि बैंक में इस तरह की लापरवाही होती रही तो उपभोक्ताओं को भारी नुकसान उठाना पड़ सकता है। इस घटना के बाद क्षेत्र में बैंकिंग प्रणाली की कार्यशैली को लेकर सवाल उठने लगे हैं।


सबसे पुराना स्थापित 1960

गुप्त रोगी रोजाना मिलें

हर जगह से परेशान रोगी मिले

नामर्दी, शीघ्रपतन, इच्छा की कमी

बिना ऑपरेशन दर्द रहित उपचार

बबासीर

खूनी, वादी, बवासीर, भगन्दर

कांच का बिना ऑपरेशन इलाज दर्द रहित

उत्तर प्रदेश के प्रसिद्ध टॉप नं. 1

डॉ. सी.पी. गुप्ता क्लीनिक

निकट जिला पंचायत चौपुला कुतुबखाना रोड, बरेली

मो. 9259082174


### जेनेसिस स्पोर्ट्स का फाइनल में प्रवेश

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार:** रॉयल फूड्स डिग्री कॉलेज मैदान पर शनिवार को प्रतियोगिता का रोमांचक सेमी फाइनल मुकाबला रॉयल क्रिकेट अकादमी और जेनेसिस स्पोर्ट्स अकादमी के बीच खेला गया। टॉस जीतकर जेनेसिस स्पोर्ट्स अकादमी ने पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। 25 ओवर के निर्धारित मैच में जेनेसिस स्पोर्ट्स अकादमी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 276 रन बनाए। रॉयल क्रिकेट अकादमी की ओर से अर्पित ने दो विकेट, जबकि मानस और सुमित ने एक-एक विकेट हासिल किया। 276 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी रॉयल क्रिकेट अकादमी ने संघर्ष किया और 25 ओवर में 269 रन बनाए। टीम लक्ष्य से आठ रन से पीछे रह गई। जेनेसिस स्पोर्ट्स अकादमी ने मुकाबला 8 रन से जीतकर फाइनल में प्रवेश किया। यहां अभिषेक शुक्ला, अनुपम त्रिपाठी, रश्मि त्रिपाठी, पारिजात त्रिपाठी, रामजी कश्यप आदि रहे।

# महंगाई, पलायन और मोबाइल की चमक में फीकी पड़ गई फाग परंपरा



होली में ढोलक की थाप पर होली गीत गाते होरियार (फाइल फोटो)। ● अमृत विचार

संवाददाता, मूड़ा सवारान

- रंग बचे हैं पर खो गए राग, गायब हो रही ढोलक की थाप

**अमृत विचार:** होली पर्व नजदीक है। बाजारों में रंग गुलाल सज गए हैं। घरों में साफ सफाई चल रही है। घर आंगन और बाहर धूप में कचरी पापड़ बनाकर सूखते नजर आ रहे हैं। लेकिन गांव की गलियों में अब वह मधुर गूंज सुनाई नहीं देती, जो कभी बसंत पंचमी से ही माहौल को रंगीन बना देती थी। ढोलक मंजीरे की थाप पर गूंजने वाले पारंपरिक होली गीत अब धीरे-धीरे इतिहास बनते जा रहे हैं। एक समय था जब गांवों में समूह बनाकर होली गीत गाए जाते थे। महिलाएं टोली बनाकर कई दिन पहले से ही फाग गाकर उत्सव का माहौल बना देती थीं।

महंगाई के दौर में हर कोई अपनी आजीविका चलाने में व्यस्त है। लोगों के पास समय का अभाव है। अधिकतर लोग बाहर घर परिवार छोड़कर बाहर जीवन गुजार रहे हैं। वह भी त्योहारों पर मेहमान बनकर घर आते हैं। अब तो बमुश्किल होली के दिन ही होली गीत गाने की औपचारिकता निभाई जाती है। आजीविका की भाग दौड़ ने त्यौहार की आत्मीयता को प्रभावित किया है। पुराने बुजुर्ग होली गीत गाने में विशेष भागीदारी निभाते थे। अब पहले जैसे होली गीत गाने वाली महान शख्सियतें हमारे बीच नहीं हैं। युवा पीढ़ी जिम्मेदारी निभाने में कोई रुचि नहीं दिखा रही है। ऐसे में होली गीतों की पुरानी परंपरा दम तोड़ती जा रही है। बुजुर्गों की अगुवाई में जो परंपरा पीढ़ी दर पीढ़ी चलती आ रही थी अब वह कमजोर पड़ गई है। सोशल मीडिया के दौर में टीवी और मोबाइल गांव में जरूर पहुंच गए हैं। फिर भी युवा वर्ग को पारंपरिक एवं सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए ताकि बुजुर्गों की होली गीत जैसी बहुमूल्य धरोहर सुरक्षित रह सके।



मथुरा नगर निवासी रामचंद्र गौतम ने बताया की वह होली कुछ और थी अब तो बस नाम की होली रह गई है। फागुन लगते ही टेसू के फूलों को इकट्ठा कर प्राकृतिक रंग खेलने की तैयारी शुरू कर देते थे बच्चों और युवाओं की अलग-अलग टोली तैयार होती थी जमकर रंग खेलते थे खूब आनंद आता था अब वह नहीं है।



डिप्टी पुरवा निवासी रामेश्वर दयाल ने बताया कि फागुन मास लगते ही लोगों पर होली का सुरूर छाने लगता था। लोग रंग लगाने के लिए नए-नए तरीके निकालते थे। रंग के दिन जो मिल गया उसे टेशू केसरिया रंग में देते थे। पूरे दिन गांव में टोलिया निकलती रहती थीं। ढोलक और मजीरों की थाप पर फाग की चौपाल में नाच होता था।



एलनगंज निवासी बाबूराम ने बताया कि होली पर धमहर निकालने की पुरानी परंपरा थी। जिसे देखने के लिए गांव के बाग बगीचों में लोगों की भारी भीड़ पहुंचती थी। सभी वर्ग के लोग होली पर निकलने वाली धमहर में शामिल होते थे। लोग टोलियों में एकत्रित होकर होली पर्व मनाते थे।



भैठिया निवासी छोटकन्न ने बताया कि अब पहले जैसा भाईचारा होली त्योहार पर नहीं रहा। आज रिश्तो में मिठास की जगह नशे का चलन बढ़ गया है। पहले लोग होली त्यौहार पर पुराने गिले शिकवे मिटाकर गले लगते थे। अब लोग रिश्तों को सहेजना भूल गए हैं। आज के समय में लोग गले मिलकर भी गिले-शिकवे नहीं मिटा पाते।



लगुचा निवासी रमाकांत ने बताया कि होली का त्यौहार अब पहले जैसा नहीं रहा। 15 दिन पहले और 15 दिन बाद तक होली की रौनक रहती थी। पहले आज के जैसे संसाधन नहीं थे, लेकिन दिलों में प्रेम था। होलाष्टक लगते ही लोग दिन भर काम करने के बाद शाम को चौपाल में इकट्ठे होकर ढोलक और मजीरे की थाप पर होली के गीत गाते थे।



हरसिंगपुर निवासी जोधाराम ने बताया कि होली के 8 दिन पहले से ही रंग खेलना शुरू हो जाता था। घरों में तरह-तरह के पकवान बनते थे। होली के दिन बीत जाने पर महिलाओं की होली शुरू होती थी। लोगों का होली मिलन का सिलसिला आठ दिनों तक चलता था। अब वह सब गायब हो चुका है, पकवानों की जगह रेडीमेड ने ले ली है।

# त्यौहारों में खलल डालने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

**अमृत विचार:** कोतवाली परिसर में पीस कमेटी की बैठक एसडीएम प्रतीक्षा त्रिपाठी की अध्यक्षता में हुई। एसडीएम ने होली और रमजान दोनों त्यौहारों को शांति और सौहार्दपूर्ण तरीके से मनाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि होली और रमजान सौहार्द के त्योहार हैं। पर्व के दौरान बिजली, पानी, सफाई और मार्ग अतिक्रमण पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए।

सीओ रमेश कुमार तिवारी ने लोगों से शांतिपूर्ण तरीके से त्योहार मनाने की अपील की। उन्होंने विशेष रूप से नशे में वाहन न चलाने की चेतावनी दी। साथ ही कहा कि हुड़दंगियों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। कोतवाल अंबर सिंह ने गोला की गंगा-जमुनी तहजीब को बनाए रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि होली के नाम पर हुड़दंग, रंग फेंकने या अभद्रता करने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

बैठक के दौरान व्यापार मंडल अध्यक्ष पारस प्रसाद मिश्रा, श्रीकांत तिवारी, राजा जफरुल्ला खान ने कहा कि होली और रमजान का पर्व एकता और सौहार्द का त्योहार है। ऐसे में हिंदू मुस्लिम सभी एक होकर इस पर्व को मनाएं। उन्होंने चौराहों, तिराहों, बाजार में पर्याप्त पुलिस बल तैनात किए जाने को कहा।

- पीस कमेटी की बैठक में होली और रमजान को शांतिपूर्ण तरीके से मनाने की अपील



गोला कोतवाली की बैठक में मौजूद लोग। ● अमृत विचार



हैदराबाद की बैठक में बोलतीं एसडीएम प्रतीक्षा त्रिपाठी। ● अमृत विचार

### हुड़दंगियों पर की जाएगी कड़ी कार्रवाई

**केशवापुर, अमृत विचार :** थाना हैदराबाद परिसर में शुक्रवार को पीस कमेटी की एक बैठक एसडीएम प्रतीक्षा त्रिपाठी की अध्यक्षता में हुई। एसडीएम ने कहा कि त्योहार के दौरान किसी भी प्रकार की अराजकता या शांति भंग करने वाले तत्वों को बख्शा नहीं जाएगा। प्रशासन पूरी तरह से सतर्क है और क्षेत्र में होने वाली हर गतिविधि पर पैनी नजर रखी जा रही है। इस वर्ष होलिका दहन 2 मार्च की रात को किया जाएगा, जबकि रंग मिलन 4 मार्च को होगा। क्षेत्र के सभी 178 होलिका स्थलों को चिन्हित कर लिया गया है और एक दो स्थानों को छोड़कर कहीं भी कोई विवाद जैसी स्थिति नहीं है। एसडीएम ने कहा कि जबरन रंग डालने, हुड़दंग करने या किसी भी प्रकार की अनुचित गतिविधि में लिप्त पाए जाने पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान सीओ रमेश तिवारी भी मौजूद रहे।

### बोर्ड परीक्षा में 16,753 परीक्षार्थी रहे उपस्थित

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार:** शनिवार को जिले के 129 परीक्षा केंद्रों पर यूपी बोर्ड परीक्षा शांतिपूर्ण वातावरण और कड़ी निगरानी के बीच संपन्न हुई। परीक्षा केंद्रों पर सुबह से ही परीक्षार्थियों की आवाजाही बनी रही और निर्धारित समय पर परीक्षा कराई गई। प्रशासनिक अधिकारियों और सचल दलों की सक्रियता के चलते परीक्षा प्रक्रिया सुव्यवस्थित ढंग से संचालित होती रही। दोनों पालियों को मिलाकर कुल 17,645 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, जिनमें से 16,753 परीक्षार्थी उपस्थित रहे, जबकि 892 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। प्रथम पाली में हाईस्कूल संस्कृत विषय की परीक्षा आयोजित की गई। इसी पाली में इंटरमीडिएट कृषि विषय की परीक्षा हुई। द्वितीय पाली में इंटरमीडिएट के विभिन्न विषयों की परीक्षा आयोजित की गई। डीआईओएस विनोद कुमार मिश्र ने बताया कि परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न हुई।

## गोवध मामले में 10 पर रिपोर्ट, चार का चालान

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार:** थाना व कस्बा खीरी के मोहल्ला जोशी टोला में गोवध की कोशिश करते समय गिरफ्तार तीन महिलाओं समेत चार आरोपियों ने बड़ा खुलासा किया है। पुलिस का दावा है कि आरोपी अपने अन्य छह साथियों के साथ गोवध कर मांस की बिक्री करने का कारोबार करते थे। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर गिरफ्तार चार आरोपियों का शनिवार को चालान भेजा है।

थाना खीरी पुलिस ने शुक्रवार को मोहल्ला जोशी टोला निवासी हसीन के घर पर छापा मारा था। इस दौरान टीम ने बंधी एक गाय और एक सांड को बरामद कर चाकू, कुल्हाड़ी, तराजू व लोहे के बाट सहित अन्य सामान बरामद कर जोशी टोला निवासी हसीन (28), अलीमुन्निशा (55), जमीला (26) और सैय्यदवाड़ा निवासी सबीना (27) को गिरफ्तार कर लिया था। एसओ निराला तिवारी ने बताया कि आरोपियों ने पुलिस को बताया कि गांव डीहपुर निवासी महताब आलम, नफीस, सैयदवाड़ा निवासी शारुख, घोसियाना निवासी लुकमान उर्फ लुक्का और घोसियाना निवासी टेड़े उर्फ इमामदीन के साथ मिलकर गोवंशीय पशुओं का वध कर मांस बेचते हैं। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर गिरफ्तार चारों आरोपियों का चालान भेजा है।

# करंट की चपेट में आकर किसान की मौत पर बवाल

## वन्यजीवों का शिकार करने के लिए खेतों में बिछाए गए तार, उनमें छोड़ा गया हाईटेंशन लाइन से उतारा गया करंट

संवाददाता, पसगवां/बरवर


पीड़ित परिवार से बातचीत करती पुलिस और एसडीएम। • अमृत विचार


रोती बिलखती पत्नी नेहा।


जहानीखेड़ा बरवर मार्ग पर जाम लगाते ग्रामीण। • अमृत विचार

- ग्रामीणों ने शव रखकर लगाया जाम, कार्रवाई की मांग को लेकर किया प्रदर्शन
- पांच लाख का मुआवजा और कार्रवाई के आश्वासन पर माने परिवार के लोग

**अमृत विचार:** थाना पसगवां क्षेत्र के गांव मकसूदपुर के निकट वन्यजीवों का शिकार करने के लिए खेतों में बिछाई गई हाईटेंशन लाइन से उतारे गए करंट प्रवाहित तारों की चपेट में आकर शुक्रवार की रात एक किसान की मौत हो गई। वह खेत की सिंचाई कर रहा था। शनिवार की दोपहर शव आने के बाद अपनी मांगों को लेकर परिवार के लोगों और ग्रामीणों ने जहानीखेड़ा बरवर मार्ग पर शव रखकर जाम लगा दिया। चार घंटे की मशक्कत के बाद एसडीएम के आश्वासन पर परिजन माने।


मृतक विमल वर्मा।

गांव मकसूदपुर निवासी 30 वर्षीय विमल वर्मा उर्फ कल्लू पुत्र रामभजन शुक्रवार की रात करीब नौ बजे के बाद खेत पर सिंचाई करने गया था। इसी दौरान वन्यजीव के शिकार के लिए खेत के आसपास 11000 हाईटेंशन लाइन से जोड़कर जमीन में बिछाए गए शिकारियों के करंट प्रवाहित तारों की चपेट में आकर विमल गंभीर रूप से झुलस गया। परिवार के सदस्यों और ग्रामीणों ने मौके पर पहुंचकर उसे बचाने की कोशिश की। उसे सीएचसी पसगवां भी ले गए, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी।

घटना की सूचना मिलते ही पसगवां पुलिस मौके पर पहुंची और रात में ही शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। शनिवार को शव का पोस्टमार्टम कराया गया। पोस्टमार्टम के बाद दोपहर में विमल का शव जब गांव लाया गया तो नाराज परिजनों व ग्रामीणों ने जहानीखेड़ा-बरवर मार्ग पर शव रखकर जाम लगा दिया। पीड़ित परिवार की मांग थी कि हत्या का मुकदमा दर्ज कर आरोपितों की तत्काल गिरफ्तारी हो, जबकि पुलिस ने एक्सीडेंटल डेथ की रिपोर्ट दर्ज की है। आधे घंटे बाद पसगवां इंस्पेक्टर जितेंद्र कुमार सिंह और पुलिस बल मौके पर पहुंचा। कुछ समय बाद एसडीएम मोहम्मदी चालुव आर राजू और सीओ मोहम्मदी अरुण कुमार सिंह भी पहुंच गये।

मौके पर मौजूद ग्रामीण कह रहे थे कि जंगली जानवरों का शिकार करने के लिए आए दिन शिकारी


मृतक विमल का दु:खी पिता राम भजन।

अवैध रूप से तार डालते हैं, लेकिन उन पर कोई कार्रवाई नहीं की जाती है। एक माह पहले वन विभाग ने कुछ शिकारियों को पकड़ा था, लेकिन कड़ी कार्रवाई न होने पर फिर शिकारी फिर से सक्रिय हो गए। चार घंटे की मशक्कत के बाद एसडीएम मोहम्मदी के आश्वासन पर परिवार के सदस्य माने और जाम खुला। उन्होंने पांच लाख का मुआवजा और आरोपियों की गिरफ्तारी का आश्वासन दिया है।

### माता-पिता का इकलौता पुत्र था विमल

हादसे में मारा गया विमल अपने पिता का इकलौता पुत्र था। उसकी मौत से घर में कोहराम मच गया। गांव में भी गमजदा माहौल रहा। विमल की शादी पांच वर्ष पहले शाहजहांपुर की कोतवाली खुटार के गांव सोंफरी की नेहा देवी के साथ हुई थी। उसका एक पुत्र चार वर्षीय निहाल वर्मा है। उसकी तीन बहनों में बड़ी बहन की शादी हो चुकी है, जबकि अल्पना देवी और अनुराधा अविवाहित हैं। सबका रो-रो कर बुरा हाल है। पीड़ित पिता की तहरीर पर पुलिस ने एक्सीडेंटल रिपोर्ट दर्ज की है और 12 आरोपी नामजद हैं, लेकिन पीड़ित परिवार हत्या का मुकदमा दर्ज कर आरोपितों की गिरफ्तारी की मांग करने लगा। वन दरोगा अखिलेश ने बताया कि उन्हें इस प्रकार के कृत्य की कोई जानकारी नहीं है। यदि ऐसा है तो सूचना मिलते ही शिकारियों की तलाश जारी कर विधिक कार्रवाई की जाएगी। प्रभारी निरीक्षक पसगवां जितेन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि एक्सीडेंटल रिपोर्ट लिखी गई है जिसमें गांव गदमापुर के राजीव सहित 12 आरोपी नामजद हैं। पीड़ित परिवार हत्या का मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग कर रहा था।

## विज्ञान दिवस के तीसरे दिन भी हुए कई कार्यक्रम

**पीलीभीत, अमृत विचार:** समाधान आईएपीटी अन्वेषिका के तत्वाधान में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर तीसरे दिन शनिवार को जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कक्षा छह से 11 तक के विद्यार्थियों के लिए सरल प्रयोग के द्वारा वैज्ञानिक सिद्धांतों का स्पष्टीकरण, स्नातक और स्नातकोत्तर शोध पत्र प्रस्तुति का आयोजन किया गया।

अवध पब्लिक स्कूल, गोस्वामी मॉम्स प्राइड स्कूल, ज्ञान इंटरनेशनल स्कूल, लायंस बाल विद्या मंदिर ज्ञानस्थली, स्प्रिंगडेल पब्लिक स्कूल, अंगूरी देवी सरस्वती विद्या मंदिर बालिका इंटर कॉलेज, कंपोजिट स्कूल अशरफ खां, कंपोजिट स्कूल नकाशा, जेएमबी इंस्टीट्यूट ऑफ़ लाइफ साइंस एंड हायर स्टडीज, उपाधि महाविद्यालय आदि से बच्चे शामिल हुए। कार्यक्रम में डॉ. बरखा, रविंद्र, शिक्षक तिलकराम ने विचार रखे। समन्वयक लक्ष्मीकांत शर्मा ने विज्ञान के बारे में जानकारी दी। इस मौके पर आशीष, अमित शर्मा, डॉ. गोपाल दीक्षित, शुभम शर्मा, यामिनी मिश्रा, मंजू, दीपक पाठक, अमरीन नाज, अमित विश्वकर्मा, राजेंद्र कुमार, शुभम आदि मौजूद रहे।

# एक ही चिता पर मां-बेटी के शवों को दी गई मुखाग्नि

संवाददाता, संसारपुर

**अमृत विचार:** थाना मैलानी की संसारपुर पुलिस चौकी क्षेत्र के ग्राम काकोरी में हुई हृदय विदारक घटना के बाद शुक्रवार देर रात 9 बजे जब मां और मासूम बेटी के शव गांव पहुंचे तो पूरे गांव में कोहराम मच गया। एंबुलेंस के गांव की सीमा में प्रवेश करते ही सैकड़ों ग्रामीण घरों से बाहर निकल आए। कुछ ही देर में मृतका के घर के बाहर भारी भीड़ जमा हो गई और माहौल पूरी तरह गमगीन हो उठा। शव जैसे ही घर के आंगन में रखे गए, परिजनों का सब्र जवाब दे गया। चीख-पुकार से वातावरण दहल उठा।

बताया जाता है कि काकोरी में शुक्रवार को महिला ने कथित तौर पर अपनी दोनों बेटियों को जहर दे दिया था। इसके बाद छोटी बेटी के साथ स्वयं फंदे पर लटककर जान दे दी। बड़ी बेटी घर के फर्श पर तड़पती मिली, जिसे परिजनों ने तत्काल पुलिस को सूचना देकर अस्पताल भिजवाया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर तीनों को अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने मां और छोटी बेटी को मृत घोषित कर दिया, जबकि बड़ी बेटी का इलाज जारी है। पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी होने के बाद देर रात दोनों शव गांव लाए गए।


काकोरी में घर पर मौजूद पुलिस। • अमृत विचार

- शव गांव पहुंचे ही घर में मचा कोहराम, काकोरी में दिखा हृदय विदारक मंजर

शनिवार सुबह गांव में सन्नाटा पसरा रहा। आसपास के गांवों से भी बड़ी संख्या में लोग अंतिम दर्शन के लिए पहुंचे। हर किसी की जुबान पर यही सवाल था कि आखिर ऐसी स्थिति क्यों बनी? शनिवार की सुबह गांव के श्मशान घाट पर दोनों का अंतिम संस्कार किया गया। अंतिम विदाई के समय जनसैलाब उमड़ पड़ा। मासूम की अर्थी को देख लोग फफक पड़े। कई ग्रामीणों ने इसे गांव के इतिहास की सबसे दर्दनाक घटनाओं में से एक बताया। ग्रामीणों के अनुसार परिवार सामान्य जीवन व्यतीत करता दिखता था, हालांकि अंदरूनी तनाव की चर्चाएं भी सामने आ रही हैं। पुलिस का कहना है कि घटना के सभी पहलुओं की गंभीरता से जांच की जा रही है और वास्तविक कारणों का जल्द खुलासा किया जाएगा।


काकोरी में मां बेटी के अंतिम संस्कार में जाते लोग। • अमृत विचार

इस हृदयविदारक घटना ने न सिर्फ एक परिवार बल्कि पूरे ग्राम काकोरी को झकझोर कर रख दिया है। फिलहाल गांव में मातम पसरा है और हर घर में इसी दर्दनाक घटना की चर्चा हो रही है। बड़े पुत्र पवन की मौत के बाद से टूटा हुआ था। परिवार में गृह कलह बनी रहती थी। ग्रामीणों की माने तो एक यही वजह हो सकती है इतनी बड़ी घटना का कारण साधारण परिवार गांव वालों में एक दूसरे के प्रति अच्छा व्यवहार जिसकी चर्चाएं हर ओर हो रही है।

### परिजनों का रो रोकर बुरा हाल

मृतका के बूढ़ी सास और ससुर दाताराम शर्मा का रो रोकर बुरा हाल था। लोग उन्हें समझाने का भरसक प्रयास कर रहे थे। अंतिम संस्कार में शामिल समाजवादी पार्टी के नेता नरेश यादव ने परिजनों को समझाया तथा शोकाकुल परिवार को सांत्वना दी। उन्होंने कहा कि परिवार की इस दुख की घड़ी में वह परिवार के साथ खड़े हैं और परिजनों को किसी भी तरह की जरूरत पड़ेगी, वहां उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े रहेंगे।

### मौके पर मौजूद रहे चौकी प्रभारी

घटना के बाद से चौकी प्रभारी संसारपुर जितेंद्र कुमार यादव अपने सहयोगी पुलिसकर्मियों के साथ लगातार घटनास्थल पर मौजूद रहे। उन्होंने देर रात तक गांव में शांति व्यवस्था बनाए रखी और परिजनों से बातचीत कर आवश्यक जानकारी जुटाई। शनिवार को अंतिम संस्कार के दौरान भी पुलिस बल तैनात रहा, ताकि किसी प्रकार की अव्यवस्था न हो।

## ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

संवाददाता, उचौलिया

**अमृत विचार:** शाहजहांपुर-सीतापुर रेलवे ट्रैक पर लखनौरिया हाल्ट पर शनिवार की सुबह एक युवक की ट्रेन से कटकर मौत हो गई। मृतक 17 वर्षीय अमित कुमार पुत्र ऋषि कपूर थाना क्षेत्र के गांव सोनौआ का रहने वाला है। यह गांव रेलवे ट्रैक के नजदीक है।


अमित कुमार।

शनिवार की सुबह लगभग आठ बजे अमित घर से शौच आदि जाने को कहकर गया था। रेल लाइन पार करते समय ट्रेन की चपेट में आकर उसकी मौत हो गई। दुर्घटना की सूचना पाकर उचौलिया थाना पुलिस और जीआरपी रोजा ने मौके पर पहुंचकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। कुछ लोगों का कहना है कि अमित मोबाइल पर रील बनाने को लेकर ट्रैक पर गया और कान में लीड लगाकर उसी में व्यस्त था कि ट्रेन आ गई। अमित अपने पिता और परिवार के साथ हरिद्वार में रहता था। उसके पिता वहां काम करते थे। अमित का एक छोटा भाई और एक छोटी बहन है। पूरा परिवार होली मनाने घर आया था। घटना से एक दिन पूर्व ही अमित के नाना का निधन हो गया था। इसलिए अमित को छोड़कर शेष परिवार के सभी लोग वहां गए थे, अमित भाई बहनों में सबसे बड़ा था।

- रेलवे ट्रैक के नजदीक गांव सोनौआ का रहने वाला है अमित

## थारू बालिका से दूसरे समुदाय के युवक ने किया दुष्कर्म

संवाददाता, सिंगाही

- रिश्तेदार के घर कार्यक्रम में शामिल होने आई थी बालिका
- सीओ ने घटना स्थल का निरीक्षण कर ली जानकारी

**अमृत विचार:** थाना सिंगाही क्षेत्र में रिश्तेदार के घर आई एक मंदबुद्धि 10 साल की थारू बालिका को शनिवार देर शाम दूसरे समुदाय के युवक ने दबोच लिया और गन्ने के खेत में ले जाकर दुष्कर्म किया। प्रभारी निरीक्षक के साथ मौके पर पहुंचे सीओ ने घटना स्थल का निरीक्षण किया और जानकारी ली। घटना के बाद से लोगों में भारी रोष है।

थाना सिंगाही क्षेत्र के एक गांव की थारू बालिका अपने परिवार के साथ पड़ोसी गांव में रिश्तेदार के घर कार्यक्रम में शामिल होने आई थी। बताते हैं कि देर शाम गांव का जावेद घर के बाहर से बालिका को उठाकर गन्ने के खेत में ले गया और दुष्कर्म किया। जब बालिका काफी देर दिखाई नहीं पड़ी तो उसकी तलाश शुरू की गई। तलाश के दौरान करीब नौ बजे बालिका बदहवाश हालत में मिली। उसकी हालत देख परिवार वालों के होश उड़ गए। घटना की जानकारी होते ही गांव में तनाव व्याप्त हो गया। परिजनों की सूचना पर प्रभारी निरीक्षक मनीष कुमार सिंह फोर्स के साथ गांव पहुंचे। पुलिस ने पीड़ित बालिका और परिजनों से घटना की जानकारी ली।

मौके पर पहुंचे सीओ शिवम कुमार ने भी पूछताछ की और घटना स्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने आरोपी के घर पर दबिश दी, लेकिन वह नहीं मिला। प्रभारी निरीक्षक मनीष कुमार सिंह ने बताया कि वह मौके पर हैं और जांच की जा रही है। पीड़ित बालिका को मेडिकल परीक्षण के लिए भेजा है। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए टीम लगाई गई है। जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा। परिवार की तरफ से अभी तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज की कर जाएगी। बहरहाल घटना के बाद से ग्रामीण काफी गुस्से में हैं।

# खेत में मिला लापता महिला की शव

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** थाना फरधान क्षेत्र के एक गांव में 23 फरवरी की रात से लापता महिला का शव अर्ध नग्न अवस्था में शनिवार सुबह गेहूं के खेत में मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। परिजनों ने गांव के ही चार लोगों पर अपहरण के बाद हत्या का आरोप लगाया है और पुलिस पर मामले को गंभीरता से न लेने की बात कही है।

परिजनों के अनुसार महिला 23 फरवरी की रात चचेरे भतीजे की शादी के कार्यक्रम में शामिल होने गई थी। रात करीब दस बजे वह घर लौटने के लिए निकलीं, लेकिन घर नहीं पहुंचीं। मृतका के पुत्र का आरोप है कि उसी रात गांव के चार लोग जबरन उनकी मां का मुंह दबाकर उन्हें अपने साथ ले गए। उन्होंने आरोपियों की पहचान कर पुलिस को सूचना भी दी, लेकिन समय रहते कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई।

### पुरानी रंजिश का मामला

परिवार के एक सदस्य ने बताया कि गांव के ही राजेश कुमार, सूरज कुमार, शिवरतन और दुर्वेश से पुरानी रंजिश चली आ रही थी। एक अन्य मामले में दो लोग जेल भी जा चुके हैं, जिसके बाद से दोनों पक्षों के बीच तनाव था। परिजनों का आरोप है कि इसी रंजिश के चलते महिला की हत्या की गई। परिजन लगातार महिला की तलाश कर रहे थे। मृतका के घर से करीब 300 मीटर दूर स्थित गेहूं के खेत में संदिग्ध गतिविधि की सूचना मिलने पर परिवार के लोग वहां पहुंचे, जहां फसल के बीच महिला का शव पड़ा मिला। घटना के बाद गांव में आक्रोश का माहौल है।

- 23 फरवरी से लापता थी महिला, अपहरण के बाद हत्या का आरोप

शनिवार सुबह करीब दस बजे गांव के ही एक गेहूं के खेत में महिला का शव मिलने की सूचना पर हड़कंप मच गया। ग्रामीणों के मुताबिक शव अर्धनग्न अवस्था में मिला। परिजनों ने आशंका जताई है कि महिला के साथ दुष्कर्म के बाद हत्या की गई है। हालांकि पुलिस ने मामले की पुष्टि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही करने की बात कही है। मृतका के पुत्र ने बताया कि फरधान पुलिस को सूचना देने के बाद भी कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। बाद में उन्होंने पुलिस अधीक्षक से मिलकर मां की सकुशल बरामदगी की गुहार लगाई। उनका आरोप है कि निर्देश मिलने के बावजूद स्थानीय स्तर पर केवल गुमशुदगी दर्ज कर कार्रवाई सीमित कर दी गई।

> महिला की गुमशुदगी 26 फरवरी को दर्ज की गई थी। शनिवार सुबह शव बरामद हुआ है। पोस्टमार्टम कराया जा रहा है और आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है। –**विवेक तिवारी** सीओ सिटी

## अस्पताल में प्रसूता की मौत पर भड़के परिजन

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

- डॉक्टरों पर लगाया लापरवाही का आरोप, पुलिस ने समझा बुझाकर कराया शांत

**अमृत विचार:** शहर से सटे रामापुर के एक निजी अस्पताल में प्रसूता की मौत से परिवार वाले भड़क गए और डॉक्टरों पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा करने लगे। पुलिस ने समझा बुझाकर शांत कराया।

परिजनों के मुताबिक कोतवाली धौरहरा के गांव घुरघुट्टा बुजुर्ग निवासी नंदनी को प्रसव पीड़ा होने पर रामापुर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया था। जहां ऑपरेशन के बाद महिला ने नवजात को जन्म दिया। चिकित्सकों के अनुसार नवजात कम दिनों का था इसके चलते उसे दूसरे अस्पताल में शिफ्ट किया गया। शनिवार शाम करीब चार बजे नंदनी की हालत बिगड़ी। परिजनों ने इस बात की जानकारी डॉक्टरों को दी। इलाज के दौरान ही उसकी मौत हो गई। प्रसूता की मौत से परिजन आक्रोशित हो गए और अस्पताल प्रशासन के खिलाफ हंगामा काटने लगे। अस्पताल संचालक का कहना था कि प्रसूता को भर्ती के बाद उसका इलाज किया जा रहा था। उसे झटके आ रहे थे। ऑपरेशन के बाद कई बार प्रसूता की हालत बिगड़ी, लेकिन बाद में सही हो गई थी। प्रसूता को एक्लेमप्सिया नामक बीमारी थी।

> परिजनों के हंगामे की खबर मिलने के बाद पुलिस पहुंची थी। पुलिस ने आक्रोशित परिजनों को समझाकर मामला शांत कराया। तहरीर मिलते ही आगे की कार्रवाई की जाएगी। –**राजेश कुमार सिंह**, शहर कोतवाल।

## निर्माणाधीन गड्ढे में गिरा सांड़

**केशवापुर, अमृत विचार:** सदर ब्लॉक के सकेथू गांव में विनय चतुर्वेदी के घर के बाहर नल के लिए बनाए जा रहे करीब 10 फीट गहरे गड्ढे में सांड गिर गया। सूचना पर पीआरवी 7925 के अखिलेश कुमार और सुनील कुमार शुक्ला, साथ ही थाना हैदराबाद की ढकवा चौकी के प्रभारी जय नारायण सिंह, कांस्टेबल साहब बक्श और सचिन कुमार मौके पर पहुंचे। पुलिस टीम ने ग्रामीणों के साथ मिलकर लगभग दो घंटे रेस्क्यू ऑपरेशन में जेसीबी की मदद ली। अथक प्रयासों के बाद सांड़ को गड्ढे से सुरक्षित निकाला गया, जिससे सभी के प्रयास से बेजुबान जानवर की जान बच गई।

# राजस्व-पुलिस टीम मौके पर जाकर निष्पक्ष करे निस्तारण

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** जिले के सभी थानों में शनिवार को समाधान दिवस आयोजित हुआ। इस दौरान पुलिस और भूमि विवाद से जुड़े मामलों की सुनवाई की गई। पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों ने फरियादियों की शिकायतें सुनकर उनके निस्तारण की प्रक्रिया शुरू कराई। डीएम ने निर्देश दिए कि राजस्व व पुलिस टीम मौके पर जाकर निष्पक्ष निस्तारण कराए।

समाधान दिवस में डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल और एसपी डॉ. ख्याति गर्ग थाना खीरी में आयोजित थाना समाधान दिवस में पहुंचकर फरियादियों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कहा कि राजस्व और पुलिस से संबंधित शिकायतों का निस्तारण आपसी सामंजस्य से सुनिश्चित किया जाए। किसी भी स्तर पर हीलाहवाली क्षम्य नहीं होगी। उन्होंने निर्देश दिये कि पीड़ितों की समस्याओं को गंभीरता से समझते हुए राजस्व और पुलिस की संयुक्त टीम फोर्स के साथ मौके पर पहुंचकर विवादित मामलों का समाधान कराए। यदि मामला गंभीर हो तो एसडीएम और तहसीलदार को अवगत कराया जाए, ताकि अधिकारी स्वयं मौके पर पहुंचकर निष्पक्ष समाधान सुनिश्चित कर सकें। डीएम और एसपी ने समाधान दिवस में प्राप्त प्रार्थना पत्रों का समयबद्ध और विधिक निस्तारण करने के निर्देश दिए। इस दौरान राजस्व एवं पुलिस विभाग के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।


थाना खीरी में शिकायत सुनती डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल व एसपी डॉ. ख्याति गर्ग।

- थाना समाधान दिवस में डीएम-एसपी ने सुनी फरियाद, दिए निर्देश


**आवश्यकता है**

- कंप्यूटर ऑपरेटर (MS ऑफिस अनिवार्य, Corel Draw अनुभवी को वरीयता)
- नर्स ANM/GNM
- पंचकर्म थेरेपिस्ट/असिस्टेंट (Male, Female)
- आयुर्वेदिक मेडिकल स्टोर पर कार्य हेतु अनुभवी लड़के/लड़की
- रसोइया • वार्ड बॉय

रोहिलखंड आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल
सेक्टर-7, रामगंगा नगर योजना डोहरा रोड, बरेली
मो. +91-8077808309, 9837357497

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें
9756905552, 8445507002

**NOTICE**

I Have disinherited my son Avneesh Kumar from all of my movable and immovable property due to his misconduct i will have no further involvement with him .He will be responsible for his own actions. **Kandhai lal s/o Chandan lal, Village padri kishanpur Banda. Disitic Shahjahanpur**

**खोया पाया**

सूचित हो कि, बहेड़ी उप निबंधक कार्यालय खास मे दिनांकित 23.01.2021 को शशि गुप्ता के नाम एक दानपत्र रजिस्टर्ड हुआ था, जिसकी वही संख्या 01, जिल्द संख्या 5758, पृष्ठ स.-85 से 118, क्रमांक संख्या 865/21, वर्ग मीटर 98.7454 के दानपत्र का पेज संख्या 115 की मूल प्रति वास्तव में कहीं खो गई है। **शशि गुप्ता पत्नी रमेश चंद्र गुप्ता निवासी मोहल्ला रामलीला तहसील बहेड़ी, बरेली**

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा हाईस्कूल वर्ष 2022 अनुक्रमांक 1220750181 व इण्टरमीडिएट वर्ष 2024 अनुक्रमांक 2245655369 का प्रमाण पत्र वास्तव में कहीं खो गया है जो तलाश करने के बाद भी नहीं मिला है। **आकांक्षा पुत्री श्री लीलाधर निवासी ग्राम चंदपुर चुवकिया तहसील बहेड़ी जिला बरेली।**

**परिचय सम्मेलन**

**श्री अग्रवाल सभा कल्याण सोसायटी (रजि.) बरेली द्वारा आयोजित अग्रवाल वैवाहिक परिचय सम्मेलन दिनांक 17-18 मार्च 2026 शीघ्र पंजीयन करायें। सम्पर्क :- 9897181723, 9412466473, 9927047430, 9412048528, 9927833351, 9927324855**

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

## न्यूज ब्रीफ

### प्राथमिक विद्यालय तेरा में फूलों से खेली होली

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** विकास खंड सिंधौली के प्राथमिक विद्यालय तेरा में होली अवकाश से पूर्व छात्रों ने फूलों से होली खेलकर उत्सव मनाया। प्रधानाध्यापक सरताज अली ने स्टाफ के साथ विद्यार्थियों पर गुलाब और गेंदा के फूल बरसाए। इसके बाद बच्चों ने अध्यापकों और साथियों के साथ पुष्प वर्षा कर होली खेली, जिससे विद्यालय परिसर रंगीन नजर आया। प्रधानाध्यापक ने विद्यार्थियों को आपसी सौहार्द के साथ त्योहार मनाने और शिक्षा के माध्यम से राष्ट्र निर्माण में योगदान देने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम का संचालन सहायक अध्यापक दीपा पूनिया ने किया। इस अवसर पर सारिका गुप्ता, रामनारायन, अक्सा, सिदरा, विशाल, आरफा, सफवान, निशांत, इरम, तसकीन, अदीबा, साजिम, अंशू, दीपांशी, उम्मे साफिया, प्रांशी, आरके गौतम, आनंद, कमल, सौरभ, नीलम, अमन, शगुन, रुनझुन, काजल, साक्षी, अरफी, मायरा, रितिक, तल्हा, अजका, वानिया, रूकसार, तसनीम, अलीशान आदि मौजूद रहे।

### छोटे लाट साहब जुलूस को लेकर बैठक

**रौसर कोठी, अमृत विचार :** आगामी छोटे लाट साहब जुलूस को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए थाना रामचंद्र मिशन में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। क्षेत्राधिकारी नगर ने संभ्रांत नागरिकों, धर्मगुरुओं, जनप्रतिनिधियों और पीस कमेटी सदस्यों से संवाद कर जुलूस को सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने की अपील की। बैठक में जुलूस मार्ग, सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन और प्रकाश व्यवस्था पर चर्चा की गई। लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने और संदिग्ध गतिविधियों की सूचना तुरंत पुलिस को देने को कहा गया। सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक सामग्री प्रसारित करने वालों पर कार्रवाई की चेतावनी दी गई। उपस्थित लोगों ने प्रशासन को सहयोग का आश्वासन दिया।

### रामगंगा नदी पर पैंटून पुल निर्माण शुरू

**अल्हागंज, अमृत विचार :** वजीरपुर क्षेत्र में रामगंगा नदी पर पैंटून पुल निर्माण कार्य शुरू होने से आसपास के करीब दो दर्जन गांवों के ग्रामीणों में खुशी है। जानकारी के अनुसार सपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रामवीर सिंह सोमवंशी और जिला सचिव प्रभाषंकर गुप्ता ने ग्रामीणों की समस्या को लेकर पुल निर्माण की मांग उठाई थी तथा भूख हड़ताल भी की थी। विभाग की ओर से 98 लाख 75 हजार रुपए का बजट स्वीकृत होने के बाद भी निर्माण शुरू नहीं हो पाया था। बाद में विधानसभा के सामने भूख हड़ताल की चेतावनी के बाद ब्रिज कॉरपोरेशन कर्मचारियों ने निर्माण सामग्री पहुंचाकर कार्य शुरू कर दिया।

# गीत, नृत्य और कविताओं से बांधा समां

## श्री रामनिवास सिंह विद्यालय में उत्साह के साथ मनाया होली उत्सव, त्योहार के रंगों में रंगे दिखे शिक्षक


श्री रामनिवास सिंह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में होली उत्सव के दौरान सांस्कृतिक प्रस्तुति देते छात्र। ● अमृत विचार

संवाददाता, परौर

- मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम की शुरुआत

**अमृत विचार:** श्री रामनिवास सिंह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हैदलपुर परौर में होली उत्सव उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रधानाचार्य की ओर से मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर की गई। इसके बाद विद्यार्थियों ने होली पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

छात्र-छात्राओं ने पारंपरिक परिधानों में नृत्य, गीत और कविताओं की प्रस्तुतियां दीं। "रंग बरसे" और "होली आई रे" गीतों पर बच्चों की प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया। छोटे बच्चों ने होली के महत्व पर भाषण देते हुए इसे प्रेम, भाईचारे और सौहार्द का प्रतीक बताया। कार्यक्रम के दौरान शिक्षकों ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए सुरक्षित और पर्यावरण अनुकूल होली मनाने का संदेश दिया। विद्यालय प्रबंधन की ओर से प्राकृतिक रंगों के प्रयोग तथा पानी की बचत करने की सीख दी गई। प्रधानाचार्य ने कहा कि होली बुराई पर अच्छाई की जीत का संदेश देती है और समाज में प्रेम व सद्भाव बनाए रखने की प्रेरणा देती है।

कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों और शिक्षकों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर प्रबंधक नरेन्द्र यादव, पंकज यादव, व्यवस्थापक केशव कुमार उपस्थित रहे।

### विद्यार्थियों ने देखा निर्माणाधीन शिव मंदिर कॉरिडोर, भोलेनाथ के दर्शन कर किया पूजन



**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार :** नगर की अलीगंज रोड स्थित मां शारदे विद्या मंदिर स्कूल के नन्हे मुन्ने विद्यार्थियों ने शनिवार को आध्यात्मिक, शैक्षिक भ्रमण के दौरान पौराणिक शिव मंदिर पहुंच भगवान भोलेनाथ के दर्शन पूजन किया। उन्होंने अपने शिक्षकों के साथ निर्माणाधीन शिव मंदिर कॉरिडोर देखा। नगर की गुप्ता कॉलोनी पुनर्भूग्रंट स्थित मां शारदे विद्या मंदिर के विद्यार्थियों के लिए छोटी काशी शिव मंदिर कॉरिडोर का भ्रमण आध्यात्मिक और शैक्षिक रहा। उन्हें यह एक दिव्य, पौराणिक कथा के वास्तविक दृश्य जैसा प्रतीत हुआ। प्रधानाचार्य, शिक्षकों ने विद्यार्थियों को पौराणिक शिव मंदिर की प्रचलित दिव्य कथाओं, परिक्रमा पथ में लग रहे राजस्थानी सीएनसी पत्थर आदि के बारे में जानकारी दी। उन्हें नीलकंठ मैदान, गोकर्ण तीर्थ का भ्रमण कराकर जलपान कराया। विद्यालय के प्रधानाचार्य श्याम किशोर अवस्थी ने बताया कि स्कूल में बेहतर शिक्षा और गुणवत्ता लाने के साथ साथ इस तरह के आध्यात्मिक और शैक्षणिक भ्रमण भी विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में शिक्षा का एक अंग है। इस तरह के भ्रमण से बच्चों में आत्मविश्वास और क्रिएटिविटी बढ़ती है।

# समाधान दिवस बना औपचारिकता शिकायतों का नहीं हो रहा निस्तारण

संवाददाता, सेहरामऊ दक्षिणी

- राजस्व और पुलिस पर कार्रवाई न करने का लगाया आरोप
- भूमि कब्जे की शिकायतों पर भी नहीं हुई कोई कार्रवाई
- पीड़ित महीनों विभागों के चक्कर लगाने को मजबूर

**अमृत विचार:** थाना समाधान दिवस में आम जनमानस की समस्याओं के समाधान के बजाय सियासत से जुड़े लोगों को वरीयता दिए जाने का आरोप लग रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि समाधान दिवस केवल औपचारिकता बनकर रह गया है और शिकायतों का समय पर निस्तारण नहीं हो पा रहा है।

बताया गया कि समाधान दिवस पर आने वाली शिकायतों के निस्तारण के लिए जिम्मेदार राजस्व विभाग के कर्मचारी तथा सुरक्षा व्यवस्था संभालने वाले पुलिस कर्मी स्टाफ की कमी का हवाला देकर पीड़ितों को टाल देते हैं। इसके चलते शिकायतकर्ता महीनों तक दोनों विभागों के चक्कर लगाने को मजबूर हैं और क्षेत्र में कानून व्यवस्था को लेकर भी नाराजगी बनी हुई है।

ग्रामीणों के अनुसार 14 फरवरी को आयोजित थाना समाधान दिवस में राजस्व गांव दिवैयापुर की कृषि भूमि को लेकर उमाकांत, संतोष श्रीवास्तव, हरद्वारी लाल तथा सावित्री देवी की ओर से तहसीलदार सदर सतेन्द्र कटियार को शिकायती प्रार्थना पत्र दिया गया था। इसमें आरोप लगाया गया कि गांव लक्ष्मनपुर निवासी सुखलाल ने अपने पुत्र पूरन लाल और लालाराम के साथ मिलकर करीब 13 बीघा भूमि पर अवैध कब्जा कर लिया है, लेकिन 15 दिन बीतने के बाद भी पुलिस और राजस्व विभाग की ओर से कोई कार्रवाई शुरू नहीं की गई।

इसके अलावा माह के चतुर्थ शनिवार को आयोजित थाना समाधान दिवस में गांव भरगवां निवासी विष्णु दयाल ने नायब तहसीलदार निशी सिंह तथा कार्यवाहक थाना प्रभारी मोहित कुमार के समक्ष अपनी कृषि भूमि को दबंगों से कब्जा मुक्त कराने की शिकायत दी। आरोप है कि अधिकारियों की ओर से जल्द कब्जा दिलाने का आश्वासन देकर उन्हें वापस भेज दिया गया, लेकिन समस्या का समाधान नहीं हो सका।

# दिन से क्या घबराना, दिन तो आते जाते हैं...

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी


कवि प्रियांशु गजेंद्र को सम्मानित करने के दौरान पूर्व एमएलसी शशांक यादव एडवोकेट।

- शहीद चंद्रशेखर आजाद व जनकवि फारूख सरल की स्मृति में काव्य पाठ आयोजित

**अमृत विचार:** यादें मुलायम फाउंडेशन की ओर से शहीद चंद्रशेखर आजाद और अवधी जनकवि फारूख सरल की स्मृति में प्रियांशु गजेंद्र द्वारा एक शाम प्रियांशु गजेंद्र के नाम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर फारूख सरल के परिजनों को सम्मानित किया गया और चंद्रशेखर आजाद के सपनों और उनके आदर्शों पर विस्तार से चर्चा की गई।

कार्यक्रम का आरंभ सांसद उत्कर्ष वर्मा, पूर्व सांसद जफर अली नकवी और जिलाध्यक्ष रामपाल सिंह यादव ने दीप प्रज्ज्वलन एवं मां सरस्वती के चित्र पर पुष्पार्चन कर किया। कार्यक्रम संयोजक एवं पूर्व एमएलसी शशांक यादव ने कवियों व अतिथियों का सम्मान करते हुए साहित्य और राजनीति के निरंतर संवाद पर बल दिया। उन्होंने कहा कि साहित्य समाज और राजनीति को संवेदनशील बनाता है, जिससे जनभावनाओं की अभिव्यक्ति सशक्त होती है।

प्रियांशु गजेंद्र ने फारूख सरल के गीतों की संगीतमय प्रस्तुति दी। उन्होंने उनके प्रसिद्ध गीत हमका जो तंग करिहैं, तो जेल में तसला बजैंइहै से कार्यक्रम की शुरुआत की। इसके बाद उन्होंने दिन से क्या घबराना, दिन तो आते जाते हैं सहित कई संवेदनशील गीत प्रस्तुत कर श्रोताओं को भावविभोर कर दिया। उनके साथी अभय सिंह निर्भीक ने अपनी चर्चित कविता हिंदुस्तान दर्शन का गायन कर समां बांध दिया। कवि सम्मेलन का संचालन कर रहे कनक तिवारी ने फारूख सरल से जुड़े संस्मरण साझा किए। कार्यक्रम में पूर्व विधायक विनय तिवारी, आरए उस्मानी, अनुराग पटेल, मोहम्मद कयूम खां, वरुण चौधरी, प्रीतेंद्र सिंह, शरद गुप्ता आदि मौजूद रहे।

फाउंडेशन के सदस्य अजय सिंह, अर्पित वर्मा, हेमंत भार्गव, अनस, रशीद, अताउर और दिव्यांशु यादव ने अतिथियों का स्वागत किया। अंत में संस्था की ओर से भविष्य में भी साहित्य और राजनीति के संवेदनशील संबंधों को और मजबूत बनाने का संकल्प दोहराया गया।

# एसएसपी ने किया वजीरगंज थाने का वार्षिक निरीक्षण

**वजीरगंज, अमृत विचार :** एसएसपी डॉ. बृजेश कुमार सिंह ने शनिवार को थाना वजीरगंज का वार्षिक निरीक्षण किया। परिसर की साफ-सफाई, अभिलेखों, असलाह, मालखाना, भोजनालय, महिला हेल्प डेस्क सहित थाने की नवनिर्मित इमारत का अवलोकन किया। थाने के रिपोर्टिंग रूम, कंप्यूटर कक्ष, कर्मचारियों के आवासीय कमरों और अन्य कार्यालय कक्षों का भी निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की जानकारी ली। अभिलेखों के सुव्यवस्थित रखरखाव और कार्यप्रणाली पर संतोष व्यक्त किया। इस दौरान थाना प्रभारी सुरेंद्र सिंह व टीम की कार्यशैली की सराहना की। कहा कि थाने की व्यवस्था अनुकरणीय हैं। आम जनता को बेहतर पुलिस सेवा प्रदान करने की दिशा में निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। अधिकारियों और कर्मचारियों को अनुशासन, स्वच्छता व जनसरोकारों के प्रति संवेदनशील रहकर काम करने का निर्देश दिया।

# डामर रोड निर्माण में घटिया सामग्री लगाने पर ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

संवाददाता, खुटार


प्रदर्शन करते ग्रामीण। ● अमृत विचार

- मंडी समिति की तरफ से बनाई जा रही सड़क, डीएम और राज्यसभा सांसद से की गई शिकायत

**अमृत विचार:** खुटार-खीरी की सीमा तक गांव रायपुर, राठ गांव में बनाई जा रही डामर रोड निर्माण कार्य में घटिया सामग्री लगाई जा रही है। शनिवार को ग्रामीणों ने प्रदर्शन कर इसकी डीएम व राज्यसभा सांसद से की है। अधिकारियों ने जांच का आश्वासन दिया है। क्षेत्र के गांव रायपुर पटियात, राठ, कुम्भिया माफी आदि गांव में रहने वाले निर्मल सिंह, रेशम सिंह, गुरदेव सिंह, स्वर्ण सिंह, शमशेर सिंह, अनूप कुमार, सर्वेश कुमार सिंह, बंटी, बबलू, रणजीत सिंह, उदय प्रताप सिंह, आसिफ, राजू और रेशम सिंह ने बताया कि उनके गांव के पास से जनपद लखीमपुर खीरी के कस्बा मोहम्मदी के अंतर्गत आने वाले मुकुंदपुर गांव तक मंडी समिति से डामर रोड का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। लेकिन निर्माण कार्य करने वाले ठेकेदार के द्वारा घटिया निर्माण सामग्री लगाई जा रही है। आरोप है कि ठेकेदार की तरफ से न तो मानक के अनुसार पत्थर डाला जा रहा है और न ही गिट्टी। इतना ही नहीं गिट्टी में मिलाया जाने वाला तारकोल भी मानक के अनुसार नहीं डाला जा रहा है। जिससे एक तरफ सड़क बन रही है और दूसरी ओर सड़क उखड़ रही है।

ग्रामीणों ने बताया कि उन्होंने इसकी शिकायत कई बार ठेकेदार और संबंधित अधिकारियों से भी की। लेकिन कोई सुधार नहीं किया गया। शनिवार को ग्रामीण सड़क पर पहुंचे और उन्होंने ठेकेदार के खिलाफ प्रदर्शन कर निर्माण कार्य को रुकवा दिया। इसके साथ ही उन्होंने जिलाधिकारी और राज्यसभा सांसद मिथिलेश कुमार को फोन पर मामले की शिकायत करते की और निर्माण कार्य की जांच कराकर कार्रवाई कराई जाने की मांग की। खबर लिखे जाने तक निर्माण कार्य रुका हुआ था। ग्रामीणों ने निर्माण कार्य में मानक के अनुरूप सामग्री लगाने की मांग की है।

# घायल महिला ने जीआरपी में दर्ज नहीं कराई रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- बेगमपुरा ट्रेन में शीशे पर मारा था पत्थर, आरपीएफ की लगायी गई ड्यूटी

**अमृत विचार:** मीरानपुर कटरा में अप लाइन की बेगमपुरा एक्सप्रेस में एसी कोच की खिड़की पर पत्थर मारकर महिला को घायल करने के मामले में घायल महिला के परिवार वालों ने तहरीर नहीं दी है। घायल महिला ने कहा कि कोई कार्रवाई नहीं चाहती है।

गुरुवार की रात दस बजे वाराणसी से जम्मू तवी जा रही बेगमपुरा एक्सप्रेस में तिलहर-कटरा के बीच पहुंची तो किसी ने पथराव कर दिया था। कोच बी-3 की बर्थ 12 पर सवार महिला मालती बैठी थी। उसका परिवार वाराणसी से लुधियाना जा रहा था। पत्थर पड़ने से कोच का शीशा टूट गया और महिला घायल हो गयी थी। महिला के हाथ में शीशी टूटकर लगा था। कोच के टीटीई को सूचना दी गयी। ट्रेन को रोका गया और कंट्रोल को सूचना दी गयी। ट्रेन का स्कोर्ट कोच में पहुंचा और महिला यात्री जानकारी की। ट्रेन में ही महिला के मलहम पट्टी की गयी। कुछ देर बाद ट्रेन रवाना हो गयी। जीआरपी थाना प्रभारी ने बताया कि घायल महिला के परिवार वालों ने तहरीर देने से मना कर दिया और रिपोर्ट नहीं दर्ज करानी है। इधर होली के समय गांव के शरारती लोग ट्रेन पर पत्थर मारते है। इसे लेकर आरपीएफ अलर्ट हो गयी है।

# पेड़ से अज्ञात युवक का शव लटका मिला

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** मिर्जापुर क्षेत्र में एक अज्ञात युवक का शव पेड़ से लटका हुआ था। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को नीचे उतारा। पुलिस शव की शिनाख्त कराने का प्रयास कर रही है। शनिवार की सुबह आठ बजे ग्रामीणों ने पियूहा तिराहे के निकट एक पेड़ से रस्सी से लटका हुआ शव देखा। गांव वालों की भीड़ लग गयी। गांव वालों ने पुलिस को सूचना दी।

मिर्जापुर एसओ सोनी शुक्ला फोर्स के साथ मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को नीचे उतारा। मृतक की उम्र 28 साल है और जर्सी, क्रीम कलर की शर्ट तथा सुरमी रंग की पैंट पहने हुए था। पुलिस ने पैंट की तलाशी ली तो बटन वाला मोबाइल मिला है। सिम नहीं था। पुलिस शव की शिनाख्त कराने का प्रयास कर रही है।

# 200 करोड़ की जीएसटी चोरी गैंग का सरगना आगरा से गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- चार फर्जी फर्म बना कर किया 200 करोड़ का लेनदेन

**अमृत विचार:** मुरादाबाद में करीब 200 करोड़ रुपये से अधिक की फर्जी बिलिंग के जरिए जीएसटी चोरी के एक बड़े घोटाले का पुलिस ने शनिवार को खुलासा किया। पुलिस अधीक्षक (अपराध) सुभाष चंद्र गंगवार ने बताया कि साइबर सेल और एसआईटी ने गिरोह के सरगना पुनीत को आगरा के सदर बाजार क्षेत्र से गिरफ्तार किया।

आरोपी के पास से 11 मोबाइल फोन (सात कीपैड व चार एंड्रॉयड), 12 एटीएम कार्ड, एक पासबुक, 29 चेकबुक, दो आधार कार्ड, दो पैन कार्ड, एक पासपोर्ट की छायाप्रति, आठ सिम कार्ड, 32 किरायानामा, पांच मुहर, दो इंकपैड, एक लैपटॉप, एक पीसी, दो बिल्टी बुक तथा 1220 रुपये बरामद किए गए हैं।

एसपी क्राइम ने बताया कि मामले में राज्य कर विभाग की विशेष अनुसंधान शाखा, रेंज-बी मुरादाबाद के प्रधान सहायक आदित्य प्रताप सिंह की तहरीर पर थाना सिविल लाइंस में मुकदमा दर्ज किया गया था।

जांच में सामने आया कि आरोपी पुनीत पुत्र बिशम्बर सिंह, निवासी नई आबादी ताल फिरोज खान, मधु नगर थाना सदर बाजार आगरा, फर्जी फर्मों के जरिए बड़े पैमाने पर जीएसटी चोरी कर रहा था। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि 2019 में दिल्ली में कपड़े की


पुलिस गिरफ्त में गैंग का मुख्य अभियुक्त। ● अमृत विचार

दुकान पर काम करने के दौरान उसकी मुलाकात एक व्यक्ति से हुई, जिसने उसकी पत्नी के नाम से जीएसटी फर्म बनवाई। बाद में उसने जीएसटी पोर्टल का यूजर नेम और पासवर्ड प्राप्त कर फर्जी बिल अपलोड करना शुरू कर दिया। बिना माल की आपूर्ति किए केवल पोर्टल पर बिल अपलोड कर इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) प्राप्त किया जाता था। आरोपी पुनीत ने बताया कि विभिन्न फर्जी फर्मों के माध्यम से खातों में रकम ट्रांसफर कर उसे घुमाया जाता था और कमीशन काटकर नकद राशि संबंधित लोगों को उपलब्ध कराई जाती थी। प्रारंभ में लेनदेन के लिए इंडियन ओवरसीज बैंक के खातों का उपयोग किया गया।

जांच में पता चला है कि मेसर्स आरके. इंटरनेशनल के खाते में लगभग 88 करोड़ रुपये, मेसर्स मैग्ना एंटरप्राइजेज के खाते में करीब 57 करोड़ रुपये तथा सुश्री वान्या एंटरप्राइजेज के खाते में लगभग 122 करोड़ रुपये की बिल ट्रेडिंग की गई।

कुल मिलाकर विभिन्न फर्मों के माध्यम से करीब 200 करोड़ रुपये की फर्जी बिलिंग की गई है।पुलिस ने आरोपी को विधिक रूप से गिरफ्तार कर लिया है और अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है।

# मुझे रास आ गया तेरे दर पे सर झुकाना...

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ


खाटू श्याम संकीर्तन में झूमते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

- रंगभरी एकादशी पर खाटू श्याम मंदिर में फूलों और गुलाल की होली खेली

**अमृत विचार:** कंजा देवस्थान स्थित खाटू श्याम मंदिर में रंगभरी एकादशी पर श्रद्धालु भक्ति और अध्यात्म में रम गए। खाटू श्याम के भजनों पर देर रात तक झूमते नाचते, गुलाल और फूलों की होली खेलते रहे।

मोहम्मदी रोड स्थित कंजा बाबा देवस्थान स्थित खाटू श्याम मंदिर में रंगभरी एकादशी पर शुक्रवार रात को हुए श्याम संकीर्तन में श्रद्धालुओं ने हर्षोल्लास के साथ फूलों और गुलाल की होली खेली। भजन गायक अजय गुप्ता और शिवम गुप्ता ने गणेश वंदना गाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मुझे रास आ गया तेरे दर पे सर झुकाना, रंग बरसे भीगे जटाधारी, होली खेले रघुवीरा अवध मा, श्याम खाटू वाला श्याम खाटू वाला भजनों पर भक्त मंत्रमुग्ध होकर झूमने और नाचने लगे। श्याम बाबा के जयकारों से मंदिर परिसर गुंज उठा।

पुजारी संतोष पाठक ने भक्तों को रंगभरी एकादशी का महत्व बताते हुए राजा विदूरथ और शिकारी की पौराणिक कथा सुनाई। बताया कि अनजाने में भी इस एकादशी का व्रत व जागरण करने से अक्षय पुण्य की प्राप्ति होती है और भगवान विष्णु की विशेष कृपा बनी रहती है। संकीर्तन के दौरान भक्तों ने एक-दूसरे पर फूलों की वर्षा की और गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। समापन बाबा की आरती और छप्पन भोग के प्रसाद वितरण के साथ हुआ। श्रीश्याम दीवाने सेवा समिति के अध्यक्ष दीपक राजपूत, महामंत्री अजय गुप्ता, अनिल जलोटा, प्रमोद सोनी, संजू गुप्ता, अनिरुद्ध गुप्ता, शिवम गुप्ता, मीडिया प्रभारी सुधीर गुप्ता, आशुतोष रस्तोगी, संतोष गुप्ता, मोहित गुप्ता, मयंक माहेश्वरी, सुमित राठौर सहित तमाम सेवादार मौजूद रहे।

# ट्रेन में नगदी, जेवर समेत पर्स चोरी

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** लखीमपुर खीरी जिले के कस्बा गोला निवासी जितेंद्र वर्मा ने जीआरपी थाना में दी गई तहरीर में बताया कि उन्होंने डाउन लाइन की दून एक्सप्रेस में अपना और अपनी पत्नी अनामिका का रिजर्वेशन देहरादून से शाहजहांपुर के लिए कराया था। स्लीपर कोच एस-2 में बर्थ नंबर सात पर उसकी पत्नी लेटी हुई थी। मुरादाबाद स्टेशन के बाद उसकी पत्नी बर्थ पर सो गई। उसकी पत्नी की नींद शाहजहांपुर रेलवे स्टेशन से पहले खुली। उसकी पत्नी ने देखा कि बर्थ पर उसका लेडीज पर्स चोरी हो गया। पर्स में 30 हजार रुपये, सोने का मंगलसूत्र, चांदी की चेन, आधार कार्ड था। जीआरपी प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि नगदी, जेवर समेत पर्स चोरी की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

# स्ट्रांग रूम में प्रश्नपत्रों के पैकेट खोलकर देखने पर प्रधानाचार्य व केंद्र व्यवस्थापक पर एफआईआर

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- स्ट्रांग रूम बोर्ड की परीक्षा के पेपर देख रहे थे, कैमरे चेक करने पर खुलासा, रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार:** कटरा में बलवंत सिंह इंटर कालेज परीक्षा केंद्र पर स्ट्रांग रूम में गोपनीय प्रश्नपत्रों के पैकेट खोलकर देखने पर प्रधानाचार्य और केंद्र व्यवस्थापक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। जबकि प्रधानाचार्य को परीक्षा कार्य का कोई दायित्व नहीं सौंपा गया था। वह परीक्षा केंद्र पर अनाधिकृत रूप से प्रवेश किया था। सीसीटीवी कैमरे से खुलासा हुआ है।

जिला विद्यालय निरीक्षक हरवंश कुमार ने मीरानपुर कटरा थाना पर दी गई तहरीर में बताया कि 27 फरवरी की सुबह पौने नौ बजे हाईस्कूल व इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा की प्रथम पाली में उनके नेतृत्व में सचल दल संख्या दो परीक्षा केंद्र बलवंत सिंह इंटर कालेज कटरा का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय संयुक्त शिक्षा निर्देश बरेली मंडल बरेली परीक्षा केंद्र पर पूर्व में उपस्थित थे।

सीसीटीवी कैमरे के अवलोकन करने पर पाया गया कि प्रधानाचार्य दामोदर सिंह परीक्षा केंद्र के अंदर स्ट्रांग रूम में गोपनीय सामग्री के पैकेट खोलते एवं प्रश्न पत्र की गिनती अपने हाथों से करते पाए गए, जबकि वह अवकाश पर थे एवं परीक्षा कार्य में उन्हें कोई दायित्व सौंपा नहीं गया था। प्रधानाचार्य का स्ट्रांग रूम व परीक्षा केंद्र में अनाधिकृत प्रवेश प्रश्न पत्रों की गोपनीयता एवं परीक्षा की शुचिता को अक्षुण्ण बनाए रखने के दृष्टिगत कदापि ग्राह्य नहीं है। केंद्र व्यवस्थापक राजेंद्र पाल सिंह बलवंत सिंह इंटर कालेज कटरा व प्रधानाचार्य दामोदर सिंह के विरुद्ध प्रश्न पत्रों की गोपनीयता एवं परीक्षा की शुचिता प्रभावित करने के कारण रिपोर्ट दर्ज की जाए। कटरा प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि बलवंत सिंह इंटर कालेज के केंद्र व्यवस्थापक राजेंद्र पाल और प्रधानाचार्य दामोदर सिंह के खिलाफ विभिन्न धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।



लालयेत् पंचवर्षाणि दशवर्षाणि ताडयेत्।
प्राप्ते तु षोडशे वर्षे पुत्रं मित्रवदाचरेत्॥

बच्चों को पांच साल की उम्र तक प्यार और देखभाल के साथ रखना चाहिए। दस साल की उम्र तक उन्हें अनुशासन में रखना चाहिए। लेकिन जब वे सोलह साल के हो जाएं, तो उनके साथ दोस्तों की तरह व्यवहार करना चाहिए।



# होली भारतीय लोक संस्कृति की अभिव्यक्ति

> प्रकृति मनमौजी है, तमाम रूपों में सजती है, खिलती है। बड़ी मस्त-मस्त और बिंदास है यह, लेकिन यह नायिका परम स्वतंत्र नहीं है। प्रकृति में नियमबद्धता है। वैदिक ऋषियों ने सृष्टि के इस संविधान को ऋत कहा, ग्रीष्म, वर्षा, शिशिर, हेमंत, पतझड़ और वसंत इसी ऋत के ऋतु-रूप हैं। वसंत परिपूर्ण प्राकृतिक तरूणाई है। प्रकृति की अंग-अंग उमंग का नाम है वसंत। यों सभी उत्सव मनुष्य का सामाजिक उल्लास हैं, लेकिन वसंत समूची प्रकृति का चरम परम उल्लास धर्म है। हम सब प्रकृति के अंश हैं, प्रकृति के गुणों के प्रभाव में है। प्रकृति गीत गाए, नाचे, महकें और मनुष्य चुप रहे ऐसा हो ही नहीं सकता।

रंग पर्व होली को नमस्कार। कृत्रिम मेधा, असली मेधा व ऑनलाइन बुद्धिमत्ता को नमस्कार। सत्व, रज और तम की त्रिगुणी को नमस्कार। ब्रह्मा, विष्णु और महेश त्रिदेवों को नमस्कार। धर्म, अर्थ और काम की पुरुषार्थत्रयी को नमस्कार। गीता, ब्रह्मसूत्र व उपनिषद की प्रस्थानत्रयी को नमस्कार। शब्द, अपशब्द व संसदीय मर्यादाहीनता को नमस्कार। प्रकृति चिरंतन और आनंदरस से परिपूर्ण। इसके अंतःपुर में आनंदरस का महास्रोत है। भारतीय चिंतन में इसी स्रोत का नाम है-उत्स। आनंद का यह स्रोत मधुमय है। उत्सव इसी आनंद रस का अतिरेक आपूर्ण है। यूरोप और अमेरिकी समाजों के उत्सव बाजार तय करता है और भारत के उत्सव तय करता है देश-काल।

प्रकृति सदाबहार नायिका है। नदियां हंसती नृत्य करती बहती हैं, मनुष्य आनंदित होता है। सो नदियों के तट पर उत्सव नृत्य और संकीर्तन। प्रकृति जहां-जहां जब-जब आनंदित करती है तब-तब वहां-वहां उत्सव, लेकिन काल सबका नियंता है। अथर्ववेद के ऋषि भृगु ने गाया है कि काल में ही सुख-दुख और आनंद है। काल में ही ऋक् यजुष और सामगान हैं। भारतीय उत्सवों में प्रकृति और काल-मुहूर्त की जुगुलबंदी है। वसंत ऐसी ही मनभावन उपस्थिति है। वसंत में प्रकृति और काल की गलमिलौवल है।

प्रकृति मनमौजी है, तमाम रूपों में सजती है, खिलती है। बड़ी मस्त-मस्त और बिंदास है, लेकिन यह नायिका परम स्वतंत्र नहीं है। प्रकृति में नियमबद्धता है। वैदिक ऋषियों ने सृष्टि के इस संविधान को ऋत कहा, ग्रीष्म, वर्षा, शिशिर, हेमंत, पतझड़ और वसंत इसी ऋत के ऋतु-रूप हैं। वसंत परिपूर्ण प्राकृतिक तरूणाई है। प्रकृति की अंग-अंग उमंग का नाम है वसंत। यों सभी उत्सव मनुष्य का सामाजिक उल्लास हैं, लेकिन वसंत समूची प्रकृति का चरम परम उल्लास धर्म है। हम सब प्रकृति के अंश हैं, प्रकृति के गुणों के प्रभाव में है। प्रकृति गीत गाए, नाचे, महकें और मनुष्य चुप रहे ऐसा हो ही नहीं सकता। प्रकृति के रूप मनुष्य ही नहीं अन्य प्राणियों को भी संवेदित करते हैं। वर्षा ऋतु में मोर नाचते हैं, मेढक गीत गाते हैं। शरद् ऋतु जानकर खंजन पक्षी पुलक में होते हैं पर वसंत के संवेदन की बात ही दूसरी है। वसंती पवन भारतीय काव्य का उत्प्रेरण रही है। आखिरकार क्या हो जाता है? वायु देव को वसंत में, जिसे छूकर आगे बढ़ते हैं, वही मदमस्त हो जाता है। वे कलियों की चोली उड़ा ले जाते हैं, तरूणों को सहलाते हैं, तरूणियों को तब तक गुदगुदाते हैं, जब तक वे खिलखिलाकर पूरी खिल नहीं जाती। तरूण तो तरूण हैं। मनतरंग में झूमना उनकी स्वाभाविकता है, लेकिन बूढ़े-बुजुर्ग भी वासंती पवन में मदमस्त हो जाते हैं। नदी, तालाब और खेत-ऊसर भी वसंत की मौज में होते हैं। हमारे गांव से बहने वाली सई नदी भी आनंदमगन हो जाती है। उसके तट पर खड़े वन बबूल के पेड़ों पर गीत उगते हैं। पक्षी प्रेमगीत गाते हैं, गाएं उछलती हैं। न शीत की जकड़न और न गम की उमस और बेचैनी। वसंत का प्रभाव सब पर एक जैसा। बूढ़े मनुष्य ही नहीं बूढ़े वृक्ष भी फूलों से लद जाते हैं। फागुन सबको लहालोट करता है। मनतरंग के देव 'काम' भीतर से कुलाचें मारते हैं। वसंत इसीलिए ऋतुराज है।



हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उत्तर प्रदेश

पृथ्वी सगंधा है। फूलों से सुगंध उड़ती है, मरूद्गण इस सुगंध को दसों दिशाओं तक पहुंचाते हैं। धरती आकाश गंध आपूरित होते हैं। तिक्त नीम अशोक हो जाती है और बेहया की पौध हो जाती है मौलश्री। तब गुलाब रातरानी जैसी सुगंध देने लगता है और रातरानी कमलगंध में हहराती प्रीति। प्रकृति के सभी रूप रसवंत हो जाते हैं। नदियां नर्तन करती हैं, झीलें गीत गाती हैं, वनस्पतियां झूम उठती हैं। शरद् और ग्रीष्म गलबहियां डालकर मिलते हैं। पक्षी मस्त-मस्त गीत गाते हैं। वे ऋत बंधन में रहते हैं, लेकिन वसंत और होली में शास्त्रीयता का कोई बंधन नहीं। यह वसंत दो दिन के लिए नहीं आता। पूरे तीन-चार माह तक विहंसता है, समूची प्रकृति को रस आपूरित करता है। प्रकृति का हरेक अंश उत्सव मनाता है। हरेक वृक्ष, हरेक फूल, कीट, पतिंग, पशु, पक्षी और मनुष्य मधु उत्सव में होता है। होली इन्हीं मधु उत्सवों का महोत्सव है।

होली आनंद का अतिरेक है और अतिरेक कभी शास्त्रीय नहीं होता। होली का लोक अपने छंद स्वयं गढ़ता है। लोक में अतिरिक्त ऊर्जा है, उफनाती ऊर्जा आनंद का अतिरेक है यहां। ऊर्जा का अतिरेक ही उत्सव बनता है। मनुष्य की तरह समाज का भी मूल-उत्स होता है। समाज का मूल-उत्स संस्कृति है। समाज का आनंदमगन समवेत ही उत्सव हैं। होली भारत का मधुरस है, मधुछंद है, सामगान है, लोकनृत्य है और लोक संस्कृति की चरम अभिव्यक्ति है। होली भारत के मन का उल्लास है। चहुदिश, दिक्काल, लाल गुलाल, सबके गाल। होली का उल्लास प्रायोजित नहीं होता। भारतीय उत्सव प्रकृति का प्रसाद है। होली महाप्रसाद है। होली मधु अनुभूति का मधु प्रसाद है। प्रकृति का यह मधु प्रसाद अखंड है। सूर्य उगते हैं, अस्त होते हैं। मास आते हैं, विदा होते हैं। संवत्सर, युग और मंवंतर आते हैं, पर मधु उत्सवों का मधु प्रसाद कोष रीता नहीं होता। वसंत ऐसा ही मधुकोष लेकर हर साल आता है। होली के अवसर पर बांटता है। होली का यह मधु पूरे साल चलता है। होली भारत का मन मधुमय करती है। इसीलिए यह लोक-महोत्सव है। भारत की भू-सांस्कृतिक आस्था का नर्तन, दर्शन दिग्दर्शन है। यहां लोक अभिव्यक्ति है, राष्ट्रीय एकत्व है और सांस्कृतिक समरसता है। लोक आनंद की अनुभूति है। तमाम असंभवों के संगम है। होली सबकी प्रीति है, राष्ट्र की रीति है। भारत की उमंग और भारत के मन की रंग-तरंग है। देश के उत्तर, दक्षिण और पूरब, पश्चिम होली सबकी प्यारी है। होली विश्ववारा भारतीय संस्कृति का मन आनंद है। होली गीता गाता नृत्य मगन उन्मुक्त अध्यात्म है। धरती, आकाश, वन और संपूर्ण उपवन, का गीत, संगीत है। होली जाति, पंथ उम्र से परे जीवंत महामुक्ति और महाउल्लास है।

कुछ विद्वानों ने होली को मिस्र या यूनान से आयातित बताया है। होली जैसा उत्सव बेशक मिस्र में था, यूनान में भी था। जैमिनि ने होलाका पर्व का उल्लेख (400-200 ईसा पूर्व) किया और लिखा कि होलाका सभी आर्यों का उत्सव था। आचार्य हेमाद्रि (1260-70 ई0) ने पुराण उद्धरणों से होली की प्राचीनता दर्शायी है। वात्स्यायन के कामसूत्र (1.4.42) में यह एक वसंतोल्लास क्रीड़ा पर्व है।

प्राचीनता और आधुनिकता अलग-अलग नहीं होती। वे पृथक दो इकाइयां नहीं हैं। प्रकृति सृष्टि का प्रवाह अविच्छिन्न है। जिसे हम प्राचीनता कहते हैं, वह और भी प्राचीन परंपरा का विकास है। इसी तरह आधुनिकता भी है। 100 बरस पहले जिसे आधुनिकता कहते थे, वह भी प्राचीन होती जा रही है। परंपरा एक सतत् प्रवाह है। परंपरा और उत्सव व्यक्तिगत नहीं होते। उन्हें काल विभाजन के अनुसार नहीं बांटा जा सकता। सामूहिकता हरेक कालखंड में आनंददायी रही है। सामूहिक आनंद और उत्सव पर्यायवाची हैं। प्राचीन भारत का समाज सामूहिकता में आनंदित है इसलिए हर दिन मधुउत्सव है, प्रतिपल मंगल गीत हैं, प्रतिपल मधुवर्षा है। सामूहिकता शोक और दुख को फटकने भी नहीं देती, लेकिन विदेशी सत्ता के प्रभाव में हम भारत के लोग सामूहिकता खोते गये। व्यक्तिगत के भीतर और भी व्यक्तिगत होते गए। सो होली जैसे अंतर्राष्ट्रीय उत्सव भी व्यक्तिगत हो रहे हैं। अब बाजार तय करता है हमारे उत्सव की रूपरेखा। सो भारतीय समाज में विषाद है। उत्सवधर्म विषाद को प्रसाद में बदलते हैं। आइए उत्सवधम हों हम सब। आओ रंग चढ़ा लें देशी कि रंग परदेशी उतर जाए।

# सभ्यता के मानकः शोर में डूबती संवेदनाएं

शादियों और त्योहार का समय है, साथ ही बोर्ड परीक्षाओं का भी। एक तरफ विद्यार्थी अपनी तैयारी में व्यस्त हैं, दूसरी तरफ तड़क-भड़क वाला संगीत जोर-जोर से बजता है। दोनों परिस्थितियों में गजब का विरोधाभास है, लेकिन हम हमेशा से यह सहते आ रहे हैं। आज के समय में परिस्थितियां ज्यादा विकट हो रही है। कानफोड़ू संगीत, जिसमें गीत के बोल पता ही नहीं चलते या मन को नहीं भाते, उस पर भौंडा डांस। शादी वाले परिवार से आप आवाज कम करने को नहीं कह सकते। आपकी बात सुनी ही नहीं जाएगी। दुश्मनी हो जाएगी। कई बार तो रात दस वाले मानक का पालन भी नहीं किया जाता। यूं भी संगीत जितना धीमा हो, जितना मृदुल हो, उतना मधुर लगता है। फिर आपकी स्वतंत्रता भी वहां पर समाप्त हो जाती है, जहां दूसरे की शुरू होती है।



अमृता पांडे
स्वतंत्र लेखिका, हल्द्वानी

इस संदर्भ में एक दो घटनाएं ध्यान आ रही हैं। एक हमारे बचपन की, जब हम लोग स्कूल में पढ़ते थे। हमारे घर से लगा हुआ मकान था। दरवाजे आपस में आमने-सामने मिलते थे। उस घर में टीवी फुल वॉल्यूम में लगता था। मां जब वॉल्यूम कम करने को कहती थी तो वह आंटी बड़े गर्व से कहती थीं कि दीदी, यह नया टीवी है, इसमें वॉल्यूम ज्यादा ही है। अक्षरशः उन्होंने क्या कहा मुझे याद नहीं है, लेकिन भाव याद है। मां और पापा उनकी बुद्धि पर तरस खाकर हंसते थे। फिर एक दिन मां ने खुद जाकर वॉल्यूम कम करके उन्हें दिखाया था कि नए टीवी में भी वॉल्यूम कम की जा सकती है। टेक्नोलॉजी जितनी विकसित होगी, उतनी सुविधा संपन्न होगी।


> एक घटना वर्तमान की है। बेटा जापान में अपने कुछ मित्रों के साथ प्रोजेक्टर में कोई मूवी देख रहा था। जब चार-पांच युवा होते हैं, तो कुछ जोर से बोलना भी हो जाता है। भारतीय यूं भी ऊंची आवाज में ही बोलते हैं। फ्लैट्स की दीवार वहां पर बहुत हल्की कपड़े जैसी। शायद एक घर से दूसरे घर में आवाज पहुंच जाती हो।

एक घटना वर्तमान की है। बेटा जापान में अपने कुछ मित्रों के साथ प्रोजेक्टर में कोई मूवी देख रहा था। जब चार-पांच युवा होते हैं, तो कुछ जोर से बोलना भी हो जाता है। भारतीय यूं भी ऊंची आवाज में ही बोलते हैं। फ्लैट्स की दीवार वहां पर बहुत हल्की कपड़े जैसी। शायद एक घर से दूसरे घर में आवाज पहुंच जाती हो। डिस्टर्बेंस होने पर पड़ोस की आंटी ने पुलिस में कंप्लेंट कर दी। तुरंत पुलिस आई। बताया कि पड़ोस से कंप्लेंट आई है और वॉल्यूम कम करने को कहा। पुलिस का आना वहां पर कोई बड़ी बात नहीं है। यह एक सामान्य घटना है और जाते समय पुलिस वाले असुविधा के लिए खेद जताते हुए सॉरी भी बोल कर गए। क्योंकि यह कोई बहुत बड़ा अपराध नहीं था। अनजाने में की गई गलती थी। ये होते हैं सभ्यता के मानक। जहां पर हर संबंधित पक्ष अपनी गलती मानकर उस पर विचार कर लेता है। हमारे देश में इस तरह के मानक नहीं दिखाई देते। एआई से हम अपनी सुंदर तस्वीरें बना लेते हैं, पर मन को संवारने वाला कोई एआई हमने अभी तक विकसित नहीं किया है। इस तरह की सभ्यता और संस्कार से हम अभी भी कोसों दूर हैं।

# पतझड़ से सबक लेने की जरूरत

मौसम पतझड़ का क्या आया कि साल भर से जिस पेड़ के सहारे पत्ते हरे-हरे दिख रहे थे, उनमें सारे के सारे पत्ते पेड़ से अलग हो गए। अलग होने के पहले ही पत्तों का हरापन गायब हो गया था और जब जमीन पर गिरे तो ज्यादातर पत्ते पीले हो गए, लगता है कि इन पत्तों को पीलिया रोग हो गया। एक भी पत्ता पेड़ से यह नहीं कह रहा कि साल भर के रिश्ते को वह नहीं तोड़ेगा और पेड़ का साथ निभाएगा।

पत्तों के संबंध विच्छेद कर लेने के बावजूद पेड़ जैसे वस्त्रविहीन हो गया हो, लेकिन अपनी डालों के साथ जस का तस खड़ा है। उसे अपनी डालों पर भरोसा है कि जल्द इन डालों पर नए पत्ते आएंगे और उसकी आभा और अच्छे रूप में निखरेगी। पेड़ को यह भरोसा किसी से मिल रहा है, तो पेड़ों की जड़ से मिल रहा है। पत्तों के गिरने के बावजूद पेड़ जड़ के सहारे खड़ा है।



सलिल पाण्डेय
मिर्जापुर

ऐसी ही कुछ स्थिति मनुष्य की होती है। कभी इतना सुखमय और आनंदमय जीवन होता है कि उसकी प्रतिष्ठा समाज में बढ़ जाती है। लोगबाग उसे इर्द-गिर्द मंडराते रहते है। क्योंकि अच्छे दिनों में वह मनुष्य सबकी मदद करता रहता है। किसी ने कुछ मांगा तो इंकार नहीं किया, लेकिन समय किसी को छोड़ता नहीं। समय अनुकूल आता है, तो साधारण व्यक्ति राजसी जीवन जीने लगता है और समय बिगड़ता है, तो राजसी से वह रंक जैसा साधारण एवं निर्धन हो जाता है। जहां मनुष्य साधारण और निर्धन हुआ, तत्काल उसके इर्द-गिर्द रहने वाले किनारा कसने लगते हैं। जबकि इसी समय अपनों के सहारे की जरूरत पड़ती है, लेकिन मतलबी दुनियां में मतलब निकलते तत्काल मुंह मोड़ने वाले ज्यादा होते हैं। जब अपने लोग विपन्नता की स्थिति आते किनारा कसते हैं तब कमजोर मन वाला व्यक्ति हताश और निराश होने लगता है तथा अवसाद में चला जाता है, लेकिन बुद्धि-विवेक वाला पतझड़ से पत्ते विहीन हुए पेड़ों से सबक लेता है। उसे लगता है कि वह अपने बुद्धि-विवेक की जड़ के बल पर पुनः हरे-भरे पेड़ जैसा हो जाएगा। वह हिम्मत हारता नहीं। कहा भी गया है, 'हारिए न हिम्मत, बिसारिए न राम'। यहां राम का आशय समय के पुनः बलवान होने की उम्मीद से है। जो इन पंक्तियों पर भरोसा करता है तब वह नए सिरे से पुनः अपने को स्थापित करने की कोशिश करता है। कोशिशों का नतीजा प्रायः अनुकूल होता है और पुनः पत्ते विहीन पेड़ जो हो गए, वे समय के अंतराल पर हरे-भरे हो गए, उसी प्रकार सुनियोजित प्रयास से व्यक्ति भी पेड़ों की तरह हरा-भरा जरूर होने लगेगा।

तमाम उदाहरण है कि कल तक फकीरों जैसा जीवन जीने वाला, समय बदलते धन-धान्य तथा यश-कीर्ति से परिपूर्ण हो जाता है। आशय यही है कि समय अच्छा हो या बुरा, जड़ों के सहारे खड़ा व्यक्ति कभी परास्त नहीं हो सकता।

# स्वच्छता का पर्व है होली

> तनिक गौर करें, होली का प्रारंभ घर-खलिहान की सफाई से होता है। कूड़ा-कचरा होली में जलाकर हम नकारात्मकता का अंत करते हैं। रंग लगाकर और रगड़-रगड़ कर स्नान करना तन-मन की शुद्धि का प्रतीक है। पुराने वस्त्र त्यागकर नए धारण करना नवजीवन का संदेश देता है।

होली की पहचान देश की संस्कृति के रूप में होती है। वसंत ऋतु जनजीवन में नई चेतना का संचार कर रही होती है, फागुन की सुरमई हवाएं वातावरण को मस्त बनाती हैं, तभी होली के रंग लोकजीवन में घुल जाते हैं। इन्हीं दिनों नई फसल भी तैयार होती है और किसानों के लिए यह उल्लास का समय होता है। तभी होली के बहाने नए अन्न की पूजा पूरे देश में की जाती है। यही नहीं पूरी दुनिया में होली की ही तरह अलग-अलग समय में त्योहार मनाए जाते हैं, जिनका असल मकसद तनावों से दूर कुछ पल मौज-मस्ती के बिताना और अपने परिवेश के गैरजरूरी सामान से मुक्ति पाना होता है।

वास्तव में होली का अर्थ है- हो ली, यानी जो बीत गई सो बीत गई, अब आगे की सुध है। गिले-शिकवे मिटाओ, गलतियों को माफ करो और एक दूसरे का रंगों में सराबोर कर दो-रंग प्रेम के, अपनत्व के, प्रकृति के। विडंबना है कि भारतीय संस्कृति की पहचान कहलाने वाला यह पर्व पर्यावरण का दुश्मन नशाखोरी, रंग की जगह त्वचा को नुकसान पहुंचाने, आनंद की जगह भोंडे उधम के लिए कुख्यात हो गया है। कहानियां, किवदंतियां कुछ भी कहें, लेकिन इस पर्व का वास्तविक संदेश तो स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण ही है। यह दुखद है कि अब इस त्योहार ने अपना पारंपरिक रूप और उद्देश्य खो दिया है और इसकी छवि पेड़ व हानिकारक पदार्थों को जलाकर पर्यावरण को हानि पहुंचाने और रंगों के माध्यम से जहर बांटने की बनती जा रही है। हालांकि देश के कई शहरों और मुहल्लों में बीते एक दशक के दौरान होली को प्रकृति-मित्र के रूप में मनाने के अभिनव प्रयोग भी हो रहे हैं। हमारा कोई भी संस्कार या उत्सव उल्लास की आड़ में पर्यावरण को क्षति की अनुमति नहीं देता। होलिका दहन के साथ सबसे बड़ी कुरीति हरे पेड़ों को काटकर जलाने की है।



पंकज चतुर्वेदी
वरिष्ठ लेखक

वास्तव में होली भी दीपावली की ही तरह खलिहान से घर के कोठार में फसल आने की ख़ुशी व्यक्त करने का पर्व है। याद करें कि होली में गोबर के बने उपले की माला अवश्य डाली जाती है। असल में ठंड के दिनों में जंगल जा कर जलावन लाने में डर रहता था, सो ऐसे समय के लिए घरों में उपलों को भी एकत्र कर रखते थे। चूंकि अब घर में नया अनाज आने वाला है सो, कंडे-उपले की जरूरत नहीं, तभी उसे होलिका दहन में इस्तेमाल किया जाता है। उपले की आंच धीमी होती है, लपटें ऊंची नहीं जातीं, इसमें नए अन्न- गेंहू की बाली या चने के छोड़ को भूना भी जा सकता है, सो हमारे पूर्वजों ने होली में उपले के प्रयोग किए। एक बात और आदिवासी समाज में प्रत्येक कृषि उत्पाद के लिए "नवा खाई' पर्व होता है, जो भी नई फसल आई, उसके लिए प्रकृति का धन्यवाद। होली भी किसानों के लिए कुछ ऐसा ही पर्व है। होलिका पर्व का वास्तविक समापन शीतला अष्टमी को होता है। पूर्णिमा की होली और उसके आठ दिन बाद अष्टमी का यह अवसर! शक संवत का पहला महीना चैत्र और इसके कृष्ण पक्ष पर बासी खाना खाने का बसौड़ा। इस दिन घर में चूल्हा नहीं जलता और एक दिन पहले ही पक्की रसोई यानी पूड़ी कचौड़ी, चने, दही बड़े आदि बन जाते हैं। सुबह सूरज उगने से पहले होलिका के दहन स्थल पर शीतला मैया को भोग लगाया जाता है। स्कंद पुराण शीतलाष्टक स्त्रोत के अनुसार "वन्देहं शीतलां देवींरासभस्थां दिगम्बराम। मार्जनीकलशोपेतां शूर्पालड्कृतमस्तकाम।।" अर्थात गर्दभ पर विराजमान दिगंबरा, हाथ में झाड़ू तथा कलश धारण करने वाली, सूप से अलंकृत मस्तकवाली भगवती शीतला की मैं वंदना करता हूं। शीतला माता के इस वंदना मंत्र से स्पष्ट है कि ये स्वच्छता की अधिष्ठात्री देवी हैं। हाथ में मार्जनी (झाड़ू) होने का अर्थ है कि समाज को भी सफाई के प्रति जागरूक होना चाहिए। कलश से तात्पर्य है कि स्वच्छता रहने पर ही स्वास्थ्य रूपी समृद्धि आती है। मान्यता के अनुसार, इस व्रत को रखने से शीतला देवी प्रसन्न होती हैं और व्रती के कुल में चेचक, खसरा, दाह, ज्वर, पीतज्वर, दुर्गंधयुक्त फोड़े और नेत्रों के रोग आदि दूर हो जाते हैं। हकीकत में संदेश यही है कि यदि स्वच्छता रखेंगे, तो ये रोग नहीं हो सकते।

तनिक गौर करें, होली का प्रारंभ घर-खलिहान की सफाई से होता है। कूड़ा-कचरा होली में जलाकर हम नकारात्मकता का अंत करते हैं। रंग लगाकर और रगड़-रगड़ कर स्नान करना तन-मन की शुद्धि का प्रतीक है। पुराने वस्त्र त्यागकर नए धारण करना नवजीवन का संदेश देता है। समापन पर स्वच्छता की देवी की पूजा कर समाज को साफ-सफाई का संदेश दिया जाता है। होली पर बसौड़ा चढ़ावा गरीबों के लिए सहारा बनता है। यही लोग नई उमंग से खेतों में श्रम करते हैं। अतः होली समरसता, पर्यावरण संरक्षण और मनोविनोद का मूल दर्शन प्रस्तुत करती है।

# शिक्षा सुधार या शिक्षक नियंत्रण

सबसे खतरनाक और सुविधाजनक भ्रम है कि शिक्षक की भूमिका केवल आदेशों का पालन करने तक सीमित है। जैसे शिक्षक कोई स्विच हो-ऊपर से निर्देश आए और नीचे क्रियान्वयन हो जाए। समाज और व्यवस्था, दोनों ही अक्सर इसी धारणा में सुकून महसूस करते हैं, क्योंकि इससे जिम्मेदारी का बोझ अपने कंधों से उतर जाता है। अगर परिणाम अच्छे नहीं आए, तो उंगली शिक्षक पर और अगर सब ठीक चला, तो श्रेय व्यवस्था का। यही सबसे बड़ी बौद्धिक बेईमानी है।



प्रवीण त्रिवेदी
शिक्षक

शिक्षक केवल पाठ्यपुस्तक का दूत नहीं होता, वह कक्षा में खड़ा एक जीवित विवेक होता है। वह बच्चों के सवालों से रोज टकराता है, उनकी जिज्ञासाओं, भय और संभावनाओं को अपने सामने खुलते देखता है। आदेश कागज पर लिखे जाते हैं, लेकिन उनका असर जमीन पर बच्चों के दिमाग और भविष्य पर पड़ता है। इस अंतर को समझने की जहमत समाज अक्सर नहीं उठाता। आदेश मानने की अपेक्षा तो रखी जाती है, पर यह नहीं पूछा जाता कि वह आदेश बच्चों के जीवन में क्या बदल रहे हैं। विडंबना यह है कि जब भी शिक्षा व्यवस्था में कोई सुधार की बात होती है, शिक्षक को सबसे पहले "अनुशासन में लाने" का लक्ष्य बनाया जाता है। प्रशिक्षण, निरीक्षण, मूल्यांकन सबका उद्देश्य यही मान लिया जाता है कि शिक्षक को और अधिक नियंत्रित किया जाए। यह मानकर चला जाता है कि शिक्षक सोचने लगे तो व्यवस्था बिगड़ जाएगी। दरअसल डर यह है कि अगर शिक्षक सचमुच सोचने लगा, सवाल पूछने लगा, तो कई खोखले आदेश टिक नहीं पाएंगे। समाज भी इस खेल में बराबर का भागीदार है। वही समाज जो अपने बच्चों की हर कमी का ठीकरा स्कूल पर फोड़ देता है, वही समाज शिक्षक से यह उम्मीद नहीं करता कि वह व्यवस्था से सवाल पूछे। शिक्षक आदर्श बने, त्यागी बने, राष्ट्रनिर्माता बने, लेकिन चुपचाप बने। बोलने वाला शिक्षक असुविधाजनक हो जाता है और असुविधाजनक सच किसी को पसंद नहीं आता।

अब समय है कि शिक्षक को केवल निर्देशों का पालनकर्ता मानने की सुविधा छोड़ दी जाए। अगर शिक्षा को सचमुच सुधारना है, तो शिक्षक को केंद्र में लाना होगा। केवल जिम्मेदारी देने के लिए नहीं, बल्कि अधिकार और विश्वास देने के लिए भी। वरना हम हर साल नई योजनाओं, नए आदेशों और वही पुराने नतीजों के बीच घूमते रहेंगे और दोष हमेशा उसी पर डालेंगे जो सबसे सामने, सबसे ईमानदारी से खड़ा है।

# मेलों पर संकटः सुरक्षा व आजीविका के बीच संतुलन की तलाश



भारत के पारंपरिक मेले केवल मनोरंजन का साधन नहीं हैं, वे हमारे सामाजिक, सांस्कृतिक और आर्थिक जीवन का जीवंत हिस्सा हैं। गांव-गांव, शहर-शहर लगने वाले ये मेले सदियों से लोगों के मेल-मिलाप, लोक संस्कृति और आजीविका का आधार रहे हैं। यहां झूले लगाने वाले, खिलौने बेचने वाले, बर्तन, चूड़ी, हस्तशिल्प बेचने वाले दुकानदार, बुनकर, लोक कलाकार और छोटे कुटीर उद्योगों से जुड़े हजारों परिवार अपनी रोजी-रोटी कमाते हैं, लेकिन आज यह पारंपरिक कारोबार गंभीर संकट के दौर से गुजर रहा है। विशेष रूप से गुजरात में तो स्थिति ऐसी बन गई है कि मेले लगभग समाप्ति की ओर हैं। अन्य राज्यों में भी कड़े नियमों की आशंका से मेला आयोजकों और झूला संचालकों के बीच असुरक्षा का माहौल है।

राजकोट में एक गेमिंग जोन में हुई दुर्भाग्यपूर्ण घटना ने पूरे देश को झकझोर दिया था। उस हादसे के बाद राज्य सरकार ने सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए सख्त नियम लागू किए। जन सुरक्षा सर्वोपरि है, इसमें कोई मतभेद नहीं हो सकता। सरकार का दायित्व है कि वह नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करे, लेकिन नियम बनाते समय इस बात पर शायद ध्यान ही नहीं दिया गया कि राजकोट की घटना एक बंद, पक्के और अवैध गेमिंग जोन में हुई थी, जबकि पारंपरिक मेले और झूले खुले वातावरण में अस्थायी ढांचे में लगाए जाते हैं।



जगराम गुर्जर
लेखक

खुले मेलों के झूले न तो पक्के भवनों में होते हैं, न ही उनमें जटिल बिजली व्यवस्था या आग पकड़ने वाली बनावट होती हैं। इसके बावजूद नए नियमों का सबसे अधिक प्रभाव इन्हीं छोटे मेला आयोजकों और झूला संचालकों पर पड़ा है। नए प्रावधानों के तहत महंगे इंजीनियरिंग सर्टिफिकेट, भारी बीमा कवर, जटिल लाइसेंस प्रक्रिया और बार-बार निरीक्षण जैसी शर्तें लागू कर दी गई हैं। छोटे स्तर पर काम करने वाले ये लोग पहले ही भारी कर्ज लेकर अपने झूले खरीदते हैं। उनके लिए महंगे प्रमाण पत्र और बीमा प्रीमियम जुटाना लगभग असंभव है। गौर करने वाली बात है कि कोई भी मेला आयोजक या झूला संचालक सुरक्षा नियमों को हटाने की मांग नहीं कर रहा। बंद गेमिंग जोनों के लिए कठोर नियम आवश्यक हैं और उनका पालन होना चाहिए, लेकिन खुले मेलों के पारंपरिक झूलों के लिए अलग, सरल और व्यावहारिक नियम बनाए जाने चाहिए।

आज देश में अनेक झूला निर्माता कार्यरत हैं। क्या उनके निर्माण मानकों की नियमित जांच होती है? क्या यह सुनिश्चित किया जाता है कि हर झूला तकनीकी कसौटियों पर खरा उतरता है? यदि निर्माण स्तर पर ही त्रुटि रह जाए तो उसका खामियाजा अंतिम संचालक और आम जनता को भुगतना पड़ता है। इसलिए समस्या का समाधान केवल संचालन स्तर पर कठोरता बढ़ाने में नहीं है, बल्कि निर्माण से लेकर संचालन तक एक संतुलित और व्यावहारिक निगरानी व्यवस्था बनाने में है। पारंपरिक मेलों को समाप्त होने देना केवल आर्थिक क्षति नहीं होगी, बल्कि यह हमारी सांस्कृतिक विरासत के लिए भी आघात होगा। आज जब बड़े मॉल और डिजिटल मनोरंजन के साधन तेजी से बढ़ रहे हैं, तब भी मेले लोगों को खुला, सामुदायिक और पारिवारिक मनोरंजन प्रदान करते हैं। ग्रामीण अर्थ व्यवस्था को संबल देने में इनकी भूमिका को नकारा नहीं जा सकता।

आवश्यक है कि सरकार, प्रशासन और मेला आयोजकों के प्रतिनिधि मिलकर एक व्यवहारिक नीति तैयार करें। एक ऐसी नीति जो भले ही सुरक्षा से समझौता न करे, लेकिन छोटे व्यवसायियों को काम करने से भी नहीं रोके। यदि समय रहते संतुलित निर्णय नहीं लिया गया, तो आने वाली पीढ़ियां शायद केवल किताबों में पढ़ेंगी कि कभी हमारे गांव-शहरों में रंग-बिरंगे मेले लगते थे, जिनमें बच्चों की हंसी और लोकगीतों की गूंज होती थी। सुरक्षा और आजीविका के बीच संतुलन ही इस संकट का वास्तविक समाधान है। यही समय की मांग है।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, स्थानीय संपादक- नवीन गुप्ता*** 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल- editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

न्यूज ब्रीफ

## प्रयागराज एसटीपी को बिल्ड इंडिया अवॉर्ड

**अमृत विचार, लखनऊ :** राज्य स्वच्छ गंगा मिशन-उत्तर प्रदेश के देखरेख और नेशनल मिशन फॉर क्लीन गंगा (एनएमसीजी) के तकनीकी और वित्तीय सहयोग से संचालित प्रयागराज सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) परियोजना को प्रतिष्ठित बिल्ड इंडिया अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान 24 फरवरी को द अशोका होटल में आयोजित समारोह में केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी की ओर से प्रदान किया गया। 326 एमएलडी स्थापित क्षमता वाला प्रयागराज एसटीपी 81 नालों के सीवेज का उपचार कर गंगा और यमुना में अशोधित प्रवाह को रोक रहा है। यह परियोजना हाइब्रिड एन्युइटी आधारित पीपीपी मॉडल पर प्रयागराज वाटर लिमिटेड के माध्यम से क्रियान्वित हुई, जिसमें उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण) का सहयोग रहा।

## शक्ति भवन के 56 कर्मी बने समीक्षा अधिकारी

**अमृत विचार, लखनऊ :** होली से पहले शक्ति भवन में शनिवार को खुशी का माहौल देखा गया। विद्युत कारपोरेशन में कार्यरत 56 कर्मचारियों को प्रमोशन करके समीक्षा अधिकारी बना दिया गया है। प्रदेश मुख्यालय कर्मचारी संघ के महामंत्री आशीष तिवारी ने बताया कि शक्ति भवन मुख्यालय में 54 सहायक समीक्षा अधिकारियों की प्रोन्नति समीक्षा अधिकारी के पद पर और दो समीक्षा अधिकरियों की प्रोन्नति अनुभाग अधिकारी के पद पर हुई है। प्रबंधन ने कारपोरेशन मुख्यालय के इतिहास में पहली बार एक साथ इतने कार्मिकों को प्रोन्नति दी है। संघ के अध्यक्ष अंकित सिंह के नेतृत्व में पदाधिकारियों ने उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन के अध्यक्ष आशीष गोयल एवं प्रबन्ध निदेशक पंकज कुमार से मुलाकात कर उन्हें ज्ञापन सौंप कर धन्यवाद दिया।

## चेयरमैन और विद्युत कर्मचारी नेता 5 मार्च को होंगे आमने-सामने

**अमृत विचार, लखनऊ :** पावर कारपोरेशन के निजीकरण करने के प्रयास और कर्मचारियों को कथित तौर पर दलाल कहने के आरोप में कर्मचारियों का गुस्सा चरम पर है। इस मुद्दे पर 5 मार्च को पावर कारपोरेशन के चेयरमैन आशीष गोयल और राज्य विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति के पदाधिकारी आमने-सामने बैठकर कोई रास्ता निकालेंगे। विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति के संयोजक शैलेन्द्र दुबे ने बताया कि पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार शनिवार को समिति के पदाधिकारी पावर कॉरपोरेशन के अध्यक्ष से वार्ता के लिए शक्ति भवन पहुंचे, लेकिन मुलाकात नहीं हो सकी। अब उन्होंने 5 मार्च को बातचीत करने का समय दिया है।

# योगी के सिंगापुर-जापान दौरे में 1.5 लाख करोड़ के एमओयू

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- मुख्यमंत्री ने चार दिवसीय विदेश यात्रा में उप्र. का भविष्य गढ़ने को हर क्षण का किया उपयोग



**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का हालिया सिंगापुर और जापान दौरा केवल औपचारिक विदेश यात्रा नहीं, बल्कि निवेश और विकास के स्पष्ट एजेंडे के साथ किया गया अभियान रहा। चार दिवसीय दौरे में मुख्यमंत्री ने उद्यमियों, औद्योगिक समूहों और भारतीय प्रवासियों से लगातार मुलाकात कर उत्तर प्रदेश में निवेश की संभावनाओं को प्रस्तुत किया। सरकार के अनुसार इस दौरे के दौरान करीब डेढ़ लाख करोड़ रुपये के एमओयू और लगभग ढाई लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्तावों पर सहमति बनी।

समयांतर की चुनौतियों और लंबी हवाई यात्राओं के बावजूद मुख्यमंत्री योगी का कार्यक्रम लगातार व्यस्त रहा। सिंगापुर पहुंचने के कुछ घंटों के भीतर ही उन्होंने भारतीय राजनयिक अधिकारियों और उद्योग प्रतिनिधियों से बैठकें शुरू कर दीं। दो दिनों तक औद्योगिक इकाइयों के भ्रमण, निवेशकों से संवाद और रोड शो जैसे कार्यक्रमों में भाग लेने के बाद वह टोक्यो के लिए रवाना हुए। इस दौरान कोई औपचारिक कार्यक्रम नहीं, किसी दर्शनीय स्थल का भ्रमण नहीं, बस मिनट टू मिनट बैठकें, लगातार बैठकों, औद्योगिक दौरों और प्रतिनिधिमंडलों से संवाद के बीच मुख्यमंत्री ने समय का अधिकतम उपयोग किया। अधिकारियों के अनुसार दौरे में औपचारिक कार्यक्रमों की बजाय निवेश-केंद्रित बैठकों पर फोकस रखा गया।

सरकार का दावा है कि इन प्रस्तावित निवेशों से प्रदेश में बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर सृजित होंगे और औद्योगिक आधार मजबूत होगा। निवेशकों ने एक्सप्रेस-वे नेटवर्क, डिफेंस कॉरिडोर, बेहतर कानून-व्यवस्था और सिंगल विंडो क्लीयरेंस प्रणाली को सकारात्मक संकेतक बताया।

### निवेश बढ़ाने का एजेंडा स्पष्ट

जापान में भी उन्होंने प्रमुख औद्योगिक कंपनियों के प्रतिनिधिमंडलों से मुलाकात की। टोक्यो के हानेडा हवाई अड्डे पहुंचने के कुछ ही घंटों बाद बैठकें शुरू हो गईं। वहां भी दो दिन तक निवेश आकर्षित करने पर केंद्रित कार्यक्रम चले। अधिकारियों का कहना है कि हर बैठक का एजेंडा स्पष्ट था और प्राथमिकता उत्तर प्रदेश में मैन्युफैक्चरिंग, इंफ्रास्ट्रक्चर, लॉजिस्टिक्स, इलेक्ट्रॉनिक्स, डिफेंस और टेक्नोलॉजी सेक्टर में निवेश बढ़ाने पर रही।

### उद्योगों को मिलेगी नई गति

प्रदेश सरकार इस दौरे को उत्तर प्रदेश को एक ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम मान रही है। यदि प्रस्तावित निवेश धरातल पर उतरते हैं तो पूर्वांचल से बुंदेलखंड तक औद्योगिक गतिविधियों को नई गति मिल सकती है। सरकार का मानना है कि यह दौरा वैश्विक स्तर पर उत्तर प्रदेश की बदलती छवि और निवेश-अनुकूल वातावरण का संकेत है।

# यूपी में आतंक के लिए कोई जगह नहीं : योगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- यूट्यूबर पर हमले को लेकर दिए सख्त कार्रवाई के आदेश

**अमृत विचार:** गाजियाबाद के यूट्यूबर सलीम वास्तिक पर हुए जानलेवा हमले के मामले में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संज्ञान लिया है। उन्होंने अधिकारियों को कड़ी कार्रवाई के आदेश देते हुए कहा कि यूपी में आतंक की कोई जगह नहीं है। पुलिस ने एआईएमआईएम के नेता समेत सात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। उधर घायल यूट्यूबर की हालत गंभीर बनी हुई है।

यूट्यूबर सलीम पर शुक्रवार की सुबह आधा दर्जन लोगों ने हमला कर दिया था। बताया जाता है कि यूट्यूबर सलीम ने कथित तौर पर मुस्लिम धर्म छोड़ दिया है। इसी की रंजिश में उस पर हमला किया गया। उधर पुलिस ने एआईएमआईएम नेता अजगर, अशरफ, शाहरुख, सोनू तथा भाटी बिल्डर समेत सात के खिलाफ मुकदमा कायम किया है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दस विशेष टीमें गठित की गई हैं।

# बसपा विधायक के यहां छापेमारी के बाद आयकर की टीम वापस

## 98 करोड़ रुपये से अधिक की टैक्स चोरी का खुलासा होने की आशंका

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- जेवर, नकदी और दस्तावेजों की सूची बनाकर कराई रिसीव
- स्ट्रांग रूम में जमा कराए गए सीज दस्तावेज व जेवर-नकदी

**अमृत विचार:** बसपा विधायक उमाशंकर सिंह के लखनऊ समेत अन्य ठिकानों पर चल रहे आयकर के छापे तीन दिन बाद समाप्त हो गए। शुक्रवार की आधी रात के बाद करीब ढाई बजे टीमें चली गईं। दावा है कि करीब 98 करोड़ रुपये की टैक्स चोरी पकड़ी गई। छापे के दौरान सीज किया जेवर, नकदी और अन्य दस्तावेजों की एक लिस्ट बनाकर विधायक के परिजनों को एक कापी सौंपी और रिसीविंग भी ली गई। उसके बाद आयकर विभाग की टीम ने सभी सीज सामान को विभाग के लाकर में सुरक्षित रख दिया। अब नोटिस देकर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

गौरतलब है कि बुधवार को बलिया के रसड़ा से विधायक उमाशंकर सिंह के लखनऊ स्थित गोमतीनगर के आवास और छात्र शक्ति कंस्ट्रक्शन व साईराम इंटरप्राइजेज आफिस के साथ ही बलिया, कौशांबी और सोनभद्र समेत कई स्थानों पर आयकर विभाग की टीमों ने छापेमारी की थी। जांच में पाया कि कंपनियों के नाम पर खनन और निर्माण के ठेकों से करोड़ों की बेनामी संपत्ति एकत्र की गई। आयकर विभाग की टीमों ने कार्रवाई के दौरान बरामद नकदी, जेवर, बेनामी संपत्तियों के दस्तावेज, खर्चे की पर्चियां, डायरियां और हाथ से लिखे हिसाब-किताब के साथ इलेक्ट्रानिक दस्तावेजों की एक लिस्ट बनाकर सीज कर दिया गया। अब टीमें बरामद दस्तावेजों के आधार पर आगे की कार्रवाई अमल में लाएगी। हालांकि आयकर विभाग की ओर से कार्रवाई का कोई भी अधिकृत ब्यौरा नहीं दिया है। उधर विधायक के एक नजदीकी ने बताया कि आयकर विभाग की कार्रवाई में कुछ खास नहीं मिला है।

### बाधाएं और कठिनाइयां जीवन का हिस्सा : युकेश

आयकर विभाग की कार्रवाई समाप्त होने के बाद बसपा विधायक के बेटे प्रिंस युकेश सिंह ने एक्स पर लगातार दो पोस्ट किए। एक पोस्ट में लिखा कि बाधाएं और कठिनाइयां जीवन का हिस्सा होती हैं। इन्कम टैक्स के अधिकारियों की जांच प्रक्रिया थी, जो अब खत्म हो चुकी है। इस परिस्थिति में जो लोग हमारे परिवार का संबल बने। हमारा हौसला बढ़ाया, उसके लिए हृदय से धन्यवाद और आभार व्यक्त करते हैं। वहीं दूसरे पोस्ट विधायक के बेटे ने महाभारत को दो लाइन लिखीं है। कहा- मेरे रथ की रस्सी कस कर पकड़ना माधव, ये मेरे संघर्षों का आखिरी युद्ध होने वाला है।

### विधायक के करीबियों की बढ़ी बैचेनी

आयकर विभाग की टीम चली गई है और अभी फाइनल असेसमेंट की कार्रवाई होनी है। फिर भी बसपा विधायक के निकट के लोग जो कि खनन और निर्माण कार्य के ठेकों में शामिल रहे, उनके चेहरों पर खासी बैचेनी देखी गई। शुक्रवार को दोपहर में कई लोग विपुल खंड स्थित छात्र शक्ति कंस्ट्रक्शन के आफिस के बाहर देखे गए। उनमें आयकर कार्रवाई के दौरान क्या हुआ, उसे जानने की जिज्ञासा थी।



लखनऊ स्थित केजीएमयू के कन्वेंशन सेंटर में एचपीवी वैक्सीनेशन कार्यक्रम का शुभारंभ करते उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक।

# एचपीवी टीकाकरण अभियान शुरू बालिकाओं को लगेगा निःशुल्क टीका

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- केजीएमयू के सभागार में प्रधानमंत्री के टीकाकरण शुभारंभ कार्यक्रम का हुआ सीधा प्रसारण

**अमृत विचार :** देश में सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम के लिए राष्ट्रीय स्तर पर एचपीवी (ह्यूमन पैपिलोमा वायरस) टीकाकरण अभियान की शुरुआत हुई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अजमेर (राजस्थान) से कार्यक्रम की शुरुआत की, जबकि उत्तर प्रदेश में राज्य स्तरीय अभियान का शुभारंभ प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने केजीएमयू के अटल बिहारी वाजपेयी सभागार में किया।

कार्यक्रम के दौरान 15 बालिकाओं को एचपीवी टीका लगाकर प्रदेश में अभियान की विधिवत शुरुआत की गई। इस मौके पर राज्य मंत्री चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मयंकेश्वर शरण सिंह, चिकित्सा एवं परिवार कल्याण विभाग के अपर मुख्य सचिव अमित कुमार घोष, केजीएमयू की कुलपति प्रो. सोनिया नित्यानन्द सहित स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। प्रधानमंत्री के राष्ट्रीय शुभारंभ कार्यक्रम का सीधा प्रसारण भी सभागार में देखा गया।

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि बेटियों और महिलाओं में सर्वाइकल कैंसर की बढ़ती चिंता को देखते हुए यह ऐतिहासिक पहल की गई है। उन्होंने इसे बालिकाओं के स्वास्थ्य संरक्षण की दिशा में मील का पत्थर बताया और कहा कि सरकार का लक्ष्य प्रत्येक पात्र बालिका तक यह जीवनरक्षक टीका पहुंचाना है।

अपर मुख्य सचिव अमित कुमार घोष ने कहा कि इस अभियान से भविष्य में गर्भाशय ग्रीवा कैंसर के मामलों में उल्लेखनीय कमी आएगी और मातृ-स्वास्थ्य संकेतकों में सुधार होगा। साथ ही स्पष्ट किया कि यह टीका पूरी तरह सुरक्षित, प्रभावी और सरकार की ओर से निःशुल्क उपलब्ध कराया जाएगा।

### 14-15 वर्ष की बालिकाओं को लगेगा टीका

स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि अगले एक वर्ष में प्रदेश की लगभग 24 लाख 39 हजार 210 बालिकाओं को टीका लगाने का लक्ष्य रखा गया है, जिन्होंने 14 वर्ष की आयु पूरी कर ली है और 15 वर्ष से कम हैं। शुरुआती तीन महीनों में टीका जिला अस्पतालों और ब्लॉक स्तरीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर उपलब्ध रहेगा, बाद में इसे नियमित टीकाकरण कार्यक्रम में शामिल किया जाएगा।

# पीजीआई में जल्द शुरू होगा कॉर्निया प्रत्यारोपण, प्रदेश में बढ़ेंगे सरकारी आई बैंक

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश सरकार ने कॉर्निया प्रत्यारोपण सेवाओं के विस्तार की दिशा में बड़ा फैसला लिया है। संजय गांधी स्नातकोत्तरआयुर्विज्ञान संस्थान (एसजी पीजीआई) के नेत्र रोग विभाग में इसी वर्ष कॉर्निया प्रत्यारोपण की सुविधा शुरू की जाएगी। संस्थान प्रशासन ने इसकी तैयारियां प्रारंभ कर दी हैं।

चिकित्सा शिक्षा के अपर मुख्य सचिव अमित घोष ने शनिवार को संस्थान में आयोजित संगोष्ठी में बताया कि अगले दो वर्षों में प्रदेश में सरकारी आई बैंक और कॉर्निया प्रत्यारोपण केंद्रों की संख्या 11 से बढ़ाकर 21 की जाएगी। प्रत्यारोपण प्रक्रिया को गति देने के लिए शासन स्तर पर टास्क फोर्स गठित की जाएगी, जिसमें शासन के अधिकारी, स्टेट अंग और टिशु ट्रांसप्लांट ऑर्गेनाइजेशन (सोटो) व नेत्र रोग विशेषज्ञ शामिल होंगे।

**दो चरणों में खुलेंगे 10 नए केंद्र :** सोटो के प्रदेश संयुक्त निदेशक एवं एसजी पीजीआई के एमएस डॉ. राजेश हर्षवर्धन ने बताया कि दो वर्षों में दो चरणों में पांच-पांच नए आई बैंक और कॉर्निया प्रत्यारोपण केंद्र स्थापित किए जाएंगे। वर्तमान में निजी क्षेत्र में लगभग 75 केंद्रों पर आई बैंक और कॉर्निया प्रत्यारोपण की सुविधा संचालित हो रही है। समारोह में अमित घोष ने डॉ. हर्षवर्धन की किताब फ्रॉम होप टू हीलिंगः ए प्रैक्टिकल गाइड टू ट्रांसप्लांट सिस्टम इन इंडिया का विमोचन किया। इस मौके पर पीजीआई निदेशक डॉ. आरके धीमान, नोटो के निदेशक डॉ. अनिल कुमार, डॉ. शालिनी मोहन, डॉ. एसपी सिंह, डॉ. अल्का गुप्ता, डॉ. शेफाली मजूमदार, डॉ. अभिषेक चंद्रा ने अहम जानकारी साझा की।

# रेड सैंड बोआ व पैंगोलिन की खाल के साथ तीन तस्कर गिरफ्तार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



पकड़े गए अंतरराज्यीय वन्यजीव तस्करी गिरोह के सदस्य। अमृत विचार

**अमृत विचार:** एसटीएफ और वन विभाग की संयुक्त टीम ने मिर्जापुर में अंतरराज्यीय वन्यजीव तस्करी गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। शनिवार को अदलहाट थाना क्षेत्र स्थित नारायणपुर शनिदेव मंदिर के पास छापेमारी कर टीम ने एक रेड सैंड बोआ सर्प और करीब दो किलोग्राम पैंगोलिन की खाल बरामद की। बरामद खाल की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब एक करोड़ रुपये आंकी गई है।

गिरफ्तार आरोपियों में वाराणसी के उमर फारूक, कोलकाता के अजहरूद्दीन अहमद और मिर्जापुर के राम प्रकाश पाठक शामिल हैं। इनके पास से केमिकल व इंजेक्शन भी बरामद किए गए। एसटीएफ के अनुसार गिरोह पूर्वी उत्तर प्रदेश में सक्रिय था और दुर्लभ वन्य जीवों की तस्करी करता था। वाइल्ड लाइफ क्राइम कंट्रोल ब्यूरो से मिली सूचना पर कार्रवाई की गई।

पूछताछ में सामने आया कि रेड सैंड बोआ और पैंगोलिन की खाल का उपयोग कथित तौर पर शक्तिवर्धक दवाओं व कॉस्मेटिक उत्पादों में किया जाता है। वन विभाग ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ वन्यजीव संरक्षण अधिनियम के तहत कार्रवाई की जा रही है।

# खादी प्रदर्शनी में 54 लाख से अधिक की बिक्री

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उप्र. खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा आयोजित "लघु खादी एवं ग्रामोद्योगी प्रदर्शनी" का शनिवार को समापन हो गया। बोर्ड मुख्यालय परिसर में 20 से 28 फरवरी तक चली इस प्रदर्शनी में 46 स्टॉल लगाए गए, जिनमें खादी वस्त्र, हर्बल गुलाल, शहद, पापड़-बड़ी, नमकीन, आंवला उत्पाद, रेशम व सिल्क साड़ियां तथा हस्तशिल्प वस्त्रों की अच्छी बिक्री हुई।

सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री राकेश सचान के निर्देशन में आयोजित प्रदर्शनी में इस वर्ष 54.23 लाख रुपये की बिक्री दर्ज की गई, जो पिछले वर्ष के 50.17 लाख रुपये से अधिक है। समापन



उत्कृष्ट प्रदर्शन पर उद्यमियों को सम्मानित करते प्रमुख सचिव कृषि रविन्द्र कुमार।

समारोह में प्रमुख सचिव कृषि रविन्द्र कुमार ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले उद्यमियों को सम्मानित किया। प्रथम पुरस्कार ग्रामोदय संस्थान, सीतापुर को, द्वितीय श्रुति शुक्ला (लखनऊ) और तृतीय द्राक्षा फैशन (लखनऊ) को प्रदान किया गया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रदर्शनी का उद्देश्य स्थानीय कारीगरों को बाजार उपलब्ध कराना और स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देना है। होली के अवसर पर बड़ी संख्या में खरीदार पहुंचे, जिससे कारीगरों और उद्यमियों को बड़ा मंच मिला।

# होली पर अवैध शराब पर कड़ी नजर रखने के निर्देश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश के मुख्य सचिव एसपी गोयल ने होली पर्व के मद्देनजर प्रदेश में कानून-व्यवस्था और आबकारी व्यवस्था की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए हैं। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए मंडलायुक्तों, जिलाधिकारियों और वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक में उन्होंने कहा कि किसी भी जिले में अवैध या जहरीली शराब के सेवन से कोई दुर्घटना नहीं होनी चाहिए।

मुख्य सचिव ने शनिवार को संवेदनशील जिलों में विशेष सतर्कता बरतने, अंतरराज्यीय सीमाओं पर सघन चेकिंग अभियान चलाने और अवैध शराब के उत्पादन व बिक्री पर पूरी तरह रोक लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शराब की दुकानों, ढाबों और अन्य संभावित स्थानों का औचक निरीक्षण किया जाए तथा अधिक दर पर बिक्री की शिकायत न मिले। भांग की अधिकृत दुकानों पर गांजा बिक्री रोकने के भी निर्देश दिए गए।

एसपी गोयल ने अधिकारियों से कहा कि त्योहार के दौरान दुकानों को अनावश्यक रूप से लंबे समय तक बंद न रखा जाए, क्योंकि इससे अवैध बिक्री को बढ़ावा मिल सकता है। स्थानीय परिस्थितियों के अनुसार ही बंदी का निर्णय लिया जाए, ताकि व्यवस्था संतुलित बनी रहे।

अभियान | मुख्यमंत्री के निर्देश पर महिला दिवस 8 मार्च की समय-सीमा तय : मुख्य सचिव

# स्कूलों में शौचालय होंगे पूरी तरह क्रियाशील

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस (8 मार्च) से पहले राज्य सरकार ने बालिकाओं की गरिमा, सुरक्षा और सुविधा सुनिश्चित करने के लिए बड़ा अभियान शुरू किया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर उन्नाव, कानपुर नगर, रायबरेली, अयोध्या, रामपुर सहित 42 जिलों के सभी सरकारी विद्यालयों में बने शौचालयों को पूरी तरह क्रियाशील बनाने की समय-सीमा तय कर दी गई है।



मुख्य सचिव एसपी गोयल।

मुख्य सचिव एसपी गोयल ने शनिवार को उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में स्पष्ट निर्देश दिए कि 8 मार्च तक सभी विद्यालयों के शौचालय उपयोग योग्य स्थिति में हों। उन्होंने कहा कि केवल निर्माण कार्य पूरा होना पर्याप्त नहीं है, बल्कि नियमित सफाई, स्वच्छता, जल उपलब्धता, आवश्यकतानुसार बिजली व्यवस्था और सुरक्षित दरवाजों की स्थिति भी सुनिश्चित की जाए।

सरकार का विशेष जोर छात्राओं के लिए पृथक एवं सुरक्षित शौचालयों की उपलब्धता पर है। अधिकारियों का मानना है कि स्वच्छ और सुरक्षित सुविधा मिलने से छात्राओं की उपस्थिति बढ़ेगी और ड्रॉपआउट दर में कमी आएगी। मासिक धर्म के दौरान छात्राओं को होने वाली असुविधा भी कम होगी। साथ ही स्पष्ट किया है कि निर्धारित समय-सीमा के भीतर कार्य पूरा न होने पर संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाएगी।

### स्वच्छ शौचालयों की तस्वीरें पोर्टल पर अपलोड करना अनिवार्य

शौचालयों की निगरानी के लिए 'प्रेरणा पोर्टल' पर फोटो अपलोड करना अनिवार्य किया गया है। प्रत्येक विद्यालय को शौचालय के अंदर और बाहर की स्पष्ट तस्वीरें अपलोड करनी होंगी, जिससे शासन स्तर पर रियल-टाइम मॉनिटरिंग हो सके। जिलाधिकारियों, मुख्य विकास अधिकारियों और बेसिक शिक्षा अधिकारियों को भौतिक सत्यापन के निर्देश दिए गए हैं।

# महिलाओं को प्रशिक्षण देकर लघु उद्योगों को दें बढ़ावा

## राज्यपाल ने इंडिया इंटरनेशनल एग्रो ट्रेड फेयर में किसानों को किया सम्मानित

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने कहा कि कृषि क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी लगातार बढ़ रही है। ग्रामीण महिलाएं उद्यमिता एवं स्वयं सहायता समूह कृषि विकास की महत्वपूर्ण धुरी बनते जा रहे हैं। केन्द्र सरकार द्वारा प्रस्तुत कृषि बजट, उर्वरक सब्सिडी, कृषि अनुसंधान जैसे प्रावधान कृषि को आत्मनिर्भर बनाने के लिए महत्वपूर्ण कदम हैं। एग्रोटेक प्रदेश की कृषि को नई ऊंचाइयों तक ले जाने में पुल का कार्य करेगा।

राज्यपाल शनिवार को गन्ना अनुसंधान संस्थान में आयोजित



उत्कृष्ट कार्य के लिए किसान को सम्मानित करतीं राज्यपाल। अमृत विचार

इंडिया इंटरनेशनल एग्रो ट्रेड फेयर-ग्लोबल एग्रोटेक-2026 के समापन समारोह को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने कहा कि यह आयोजन केवल एक प्रदर्शनी नहीं, बल्कि कृषि के नवयुग की प्रस्तावना है। इण्डियन चैम्बर ऑफ फूड एण्ड एग्रीकल्चर के साथ ही राज्य सरकार एवं सभी सहयोगी संस्थानों की इस दूरदर्शी पहल के लिए बहुत साधुवाद है।

उन्होंने कहा कि एग्रोटेक तकनीक एवं परंपरा, अनुसंधान एवं अनुभव तथा नीति एवं प्रकृति के समन्वय का उत्कृष्ट उदाहरण है। बीज से बाजार तक और किसान से उपभोक्ता तक कृषि को समग्र मूल्य श्रृंखला के रूप में देखने का यह एक व्यापक दृष्टिकोण प्रस्तुत करता है। इस दौरान उन्होंने उत्कृष्ट कार्य करने वाले किसानों को भी सम्मानित किया।

14 वर्ष की आयु की बालिकाओं को सर्वाइकल कैंसर से बचाव हेतु एचपीवी टीकाकरण की राष्ट्रीय पहल का शुभारंभ शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा राजस्थान के अजमेर से किया गया है। उसका प्रसारण कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों ने देखा।

## एयरलाइंस को 11 हवाई क्षेत्रों से बचने की सलाह

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** विमानन नियामक डीजीसीए ने शनिवार को एयरलाइंस को ईरान, सऊदी अरब और यूएई सहित 11 देशों के हवाई क्षेत्रों का उपयोग दो मार्च तक न करने की सलाह दी है। इन देशों में ईरान, इजराइल, लेबनान, यूएई, सऊदी अरब, बहरीन, ओमान, इराक, जॉर्डन, कुवैत और कतर शामिल हैं। इजराइल और अमेरिका ने शनिवार को ईरान पर हमला किया, जिसके बाद कई हवाई क्षेत्र पहले से ही बंद हैं। भारतीय एयरलाइंस ने पश्चिम एशिया के लिए सेवाएं स्थगित कर दी हैं।

अमृत विचार
बरेली, रविवार, 1 मार्च 2026
www.amritvichar.com



## बरेली मंडी

**वनस्पति तेल तिलहन**–तुलसी 2550, राज श्री 1860, फ़ॉर्चून कि. 2390, रविन्द्रा 2490, फॉर्चुन 13kg 2110, जय जवान 2040, सचिन 2080, सूरज 2065, अवसर 1930, उजाला 2070, गृहणी 13 kg 1930, क्लासिक (kg) 2280, मोर 2260, चक्र टिन 2315, ब्लू 2170, आशीर्वाद मस्टर्ड 2380, स्वास्तिक 2505
**किराना**–महाराष्ट्र हल्दी 17300, जीरा 28000, लाल मिर्च 19000–21000, धनिया 11000–12000, अजवायान 14000–20000, मेथी 7000–8000 सौंफ 10000–20000, सोंठ 37000, (प्रतिकि0) लौंग 850–1000, बादाम 800–1080, काजू 2 पीस 880, किसमिस पीली 350–400, मखाना 950–1100
**चावल**– ( प्रति कु0 )डबल चाबी सेला 9700, स्पाइस 6500, शरबती कच्ची 5250, शर्बती स्टीम 5350, मंसूरी 4000, महबूब सेला 4050, गौरी रॉयल 8400, राजभोग 6850, हरी पत्ती ( 1kg,5kg ) 10100, हरी पत्ति नेचुरल 9100, गौरी स्पेशल 8500, गौरी प्रीमियम 10200, सूमो 4000, गौरी रॉयल 8600, मंसूरी पनघट 4200,लाडली 4200
**दाल दलहन** –मूंग दाल इंदौर 9800, मूंग धोवा 10000, राजमा चित्रा 11200–12000, राजमा भूटान नया 10100, मलका काली 7250–7450 मलका दाल 7350–9200, मलका छॉटी 7250, दाल उड़द बिलासपुर 8800–9800, मसूर दाल छोटी 10000–11600, दाल उड़द दिल्ली 11200, उड़द साबुत दिल्ली 10500, उड़द धोवा इंदौर 12700, उड़द धोवा 9800–11500,चना काला 7150, दाल चना 7250, दाल चना मोटी 7100, मलका विदेशी 7200, रूपकिशोर बेसन 7500, चना अकोला 6600, डबरा 6800–8400, सच्चा हीरा 8700, मोटा हीरा 9800, अरहर गोला मोटा 8800, अरहर पटका मोटा 9500, अरहर कोरा मोटा 9800, अरहर पटका छोटा 11100–11800, अरहर कोरी छोटी 13100
**चीनी**– पीलीभीत 4420, बहेड़ी 4260
**बरेली सर्राफा** – ( प्रति 10 ग्राम ) गोल्ड (पक्के जेवर) 161000, गोल्ड (गिन्नी जेवर) 157000, सिल्वर ( पक्की) 2700 (अनुमानित )

## बिजनेस ब्रीफ

### गुजरात में 185 मेगावाट की पवन ऊर्जा परियोजना शुरू

**नयी दिल्ली।** अदाणी ग्रीन एनर्जी (एजीईएल) की अनुषंगी इकाई 'अदाणी ग्रीन एनर्जी ट्वेंटी फाइव सी लिमिटेड' ने गुजरात के खावड़ा में 185 मेगावाट की पवन ऊर्जा परियोजना का परिचालन शुरू कर दिया है। कंपनी ने शनिवार को यह जानकारी दी। कंपनी ने शेयर बाजार को दी गई जानकारी में बताया कि इस संयंत्र के चालू होने के साथ ही एजीईएल की कुल परिचालन नवीकरणीय उत्पादन क्षमता बढ़कर 17,472.2 मेगावाट हो गई है।

### जिंदल पॉली फिल्म्स मामले में एनसीएलएटी का स्टे से इनकार

**नयी दिल्ली।** अपीलीय न्यायाधिकरण एनसीएलएटी ने राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) के उस आदेश पर रोक लगाने से इनकार कर दिया है, जिसमें जिंदल पॉली फिल्म्स के शेयरधारकों द्वारा कंपनी के खिलाफ दायर 'क्लास एक्शन' याचिका को स्वीकार कर लिया था। 'क्लास एक्शन' या सामूहिक कार्रवाई याचिका कानूनी प्रक्रिया का एक तरीका है, जिसमें लोगों का बड़ा समूह किसी कंपनी या संस्था के खिलाफ एक साझा मुकदमा दायर करते हैं। एनसीएलएटी की दो सदस्यीय पीठ ने माना कि अल्पसंख्यक शेयरधारकों द्वारा दायर याचिका, जिसमें 2,500 करोड़ से अधिक की हेराफेरी का आरोप लगाया गया है।

## नई पहचान



गुजरात के साणंद में माइक्रोन सेमीकंडक्टर फैसिलिटी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कंपनी के एटीएमपी (असेंबली, टेस्टिंग, मार्किंग और पैकेजिंग) प्लांट का उद्घाटन किया। कर्मचारियों से बात करते पीएम और साथ में माइक्रोन के सीईओ संजय मेहरोत्रा। फोटो : एजेंसी

## सेबी प्रमुख और कनाडा के वित्त मंत्री के बीच चर्चा

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** बाजार नियामक सेबी के चेयरमैन तुहिन कांत पांडेय ने कनाडा के वित्त मंत्री फ्रैंकोइस-फिलिप शैम्पेन के साथ संस्थागत निवेश को सुविधाजनक बनाने और नियामक सहयोग को मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा की।चर्चा के दौरान सेबी प्रमुख के साथ पूर्णकालिक सदस्य संदीप प्रधान और कार्यकारी निदेशक मनिंदर चीमा भी उपस्थित थे। सेबी द्वारा शनिवार को ''एक्स'' पर साझा की गई जानकारी के अनुसार, इस बैठक में संस्थागत निवेश को बढ़ावा देने, नियामक समन्वय को सुदृढ़ करने और आपसी हित के विभिन्न मुद्दों पर ध्यान केंद्रित किया गया।

# घट सकती है बुलेट ट्रेन में हो रही देरी

- घरेलू टीबीएम को बजट में प्रोत्साहन से जागी उम्मीद
- चीन से टनल बोरिंग मशीन के आयात में हो रही देरी

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन परियोजना के लिए चीन से टनल बोरिंग मशीनों (टीबीएम) के आयात में हो रही देरी के बीच, उच्च श्रेणी के निर्माण उपकरणों के घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देने के सरकार के फैसले से भारत की तेज रफ्तार वाली रेल आकांक्षाओं को बल मिल सकता है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने अपने बजट भाषण में उच्च मूल्य और तकनीकी रूप से उन्नत उपकरणों के घरेलू विनिर्माण को मजबूत करने के लिए निर्माण और बुनियादी ढांचा उपकरण (सीआईई) संवर्धन योजना का प्रस्ताव दिया था। उन्होंने अपने बजट भाषण में कहा कि यह बहुमंजिला अपार्टमेंट में लिफ्ट, छोटे और बड़े अग्निशमन उपकरणों से



लेकर मेट्रो और ऊंचाई वाले क्षेत्रों में सड़क बनाने के लिए टनल बोरिंग उपकरणों तक हो सकता है।' भारत के पहले बुलेट ट्रेन गलियारे मुंबई-अहमदाबाद उच्च गति रेल (एमएएचएसआर) परियोजना के तहत बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स (बीकेसी) और शीलफाटा के बीच 21 किलोमीटर लंबी सुरंग बनाने के लिए कुछ सबसे बड़ी टीबीएम की आवश्यकता है। इसमें ठाणे क्रीक के नीचे सात किलोमीटर तक समुद्र के नीचे का हिस्सा भी शामिल है। रेलवे अधिकारियों ने कहा कि जर्मनी में बने टीबीएम को पिछले साल सितंबर में चीन से मुंबई के जवाहरलाल नेहरू पोर्ट ट्रस्ट भेजा जाना था। बताया कि केवल एक खेप पहुंची है और बाकी को तकनीकी कारणों से कुछ और महीनों के लिए रोक दिया गया है, जिससे समुद्र के नीचे सुरंग की खुदाई शुरू करने में देरी हो रही है।

# हार्डवेयर में भी विशिष्ट पहचान स्थापित कर रहा भारत: मोदी

## पीएम मोदी ने किया साणंद में माइक्रोन टेक्नोलॉजी के सेमीकंडक्टर संयंत्र का उद्घाटन

- दुनिया तक यह संदेश साफ और स्पष्ट रूप से पहुंच गया है कि भारत सक्षम है, भारत प्रतिस्पर्धी है और भारत प्रतिबद्ध है: प्रधानमंत्री

**साणंद, एजेंसी**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को गुजरात के साणंद में माइक्रोन टेक्नोलॉजी के सेमीकंडक्टर संयंत्र का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सॉफ्टवेयर में अपनी ताकत के लिए पहचाने जाने के बाद अब देश हार्डवेयर क्षेत्र में भी अपनी विशिष्ट पहचान मजबूती से स्थापित कर रहा है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि अमेरिका स्थित कंपनी के एटीएमपी (संयोजन, परीक्षण, अंकन और पैकेजिंग) संयंत्र का उद्घाटन भारत और अमेरिका के बीच गहरी साझेदारी को दर्शाता है। मोदी ने कहा कि दुनिया तक यह संदेश साफ और स्पष्ट रूप से पहुंच गया है कि भारत सक्षम है, भारत प्रतिस्पर्धी है और भारत प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि सॉफ्टवेयर की ताकत के लिए लंबे समय से पहचाने जाने वाला भारत अब हार्डवेयर क्षेत्र में भी अपनी पहचान मजबूती से बना रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह आयोजन भारत और अमेरिका के बीच मजबूत सहयोग का प्रमाण है, विशेष रूप से एआई और चिप प्रौद्योगिकियों के क्षेत्रों में, जहां दोनों देशों के बीच साझेदारी बहुत महत्वपूर्ण है।

उन्होंने कहा कि दुनिया ने 20वीं सदी के दौरान औद्योगिक क्रांति का दौर देखा। उस समय जो देश कारखानों, मशीनों और बड़े पैमाने पर उत्पादन में आगे थे, उन्होंने तेजी से प्रगति की। लेकिन यह सदी एआई क्रांति की है और सेमीकंडक्टर इस बदलाव का सेतु हैं। छोटी सी चिप औद्योगिक क्रांति और एआई क्रांति दोनों को जोड़ने का माध्यम है। उन्होंने कहा कि अगर पिछली सदी में तेल की अहमियत थी, तो इस सदी की दिशा तय करने वाले माइक्रोचिप्स होंगे। इसी विचार को ध्यान में रखते हुए, भारत ने सेमीकंडक्टर क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ने का फैसला किया।

प्रधानमंत्री ने उल्लेख किया कि देश ने अपने ''सेमीकंडक्टर मिशन'' की घोषणा उस समय की थी जब दुनिया कोविड महामारी से जूझ रही थी। प्रधानमंत्री ने आगे कहा कि महामारी के दौरान सब कुछ बिखरता हुआ महसूस हो रहा था, लेकिन जो बीज हमने दृढ़ विश्वास के साथ बोए थे, वे अब बढ़ रहे हैं और फल दे रहे हैं। बताया कि उनकी सरकार ने अब तक 'सेमीकॉन इंडिया' कार्यक्रम के तहत 10 परियोजनाओं को मंजूरी दी है और माइक्रोन संयंत्र के अलावा तीन और परियोजनाओं में बहुत जल्द उत्पादन शुरू होने वाला है। उन्होंने कहा कि हम जो सेमीकंडक्टर परिवेश बना रहे हैं, वह किसी एक क्षेत्र तक सीमित नहीं है, यह पूरे भारत के लिए है।'' नोएडा (उत्तर प्रदेश), असम, ओडिशा और पंजाब में स्थित परियोजनाओं पर काम शुरू हो गया है। मोदी ने कहा कि इस बजट में 'भारत सेमीकंडक्टर मिशन 2.0' की घोषणा की गई है। इसका उद्देश्य यह है कि जैसे-जैसे उत्पादन बढ़ेगा, भारत में सामग्री घटकों और सेवाओं की मांग भी बढ़ेगी। उन्होंने इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादन और निर्यात में पिछले 11 वर्षों में हुई भारी वृद्धि पर भी प्रकाश डाला। यह नया संयंत्र साणंद में एक नया परिवेश तैयार करेगा। प्रधानमंत्री ने टाटा नैनो फैक्ट्री का जिक्र करते हुए कहा, कि जब एक बड़ी वाहन कंपनी यहां आई थी, तो उसके साथ एक पूरा परिवेश विकसित हुआ। भविष्य में साणंद सेमीकंडक्टर क्षेत्र में अपनी सफलता का एक नया अध्याय लिखेगा। एक सरकारी बयान के अनुसार यह संयंत्र एसएसडी (सॉलिड स्टेट ड्राइव) भंडारण उपकरण के साथ ही रैम प्रकार के डीरैम और एनएएनडी उत्पादों का निर्माण करेगा। माइक्रोन टेक्नोलॉजी ने इस संयंत्र में 22,516 करोड़ रुपये का निवेश किया है।

## गेल महाराष्ट्र में 1,736 करोड़ रुपये निवेश करेगी

**दिल्ली,एजेंसी।** सार्वजनिक क्षेत्र की गैस कंपनी गेल (इंडिया) लिमिटेड महाराष्ट्र में एक पवन ऊर्जा परियोजना स्थापित करने के लिए 1,736.25 करोड़ रुपये का निवेश करेगी। कंपनी ने वर्ष 2035 तक शुद्ध शून्य कार्बन उत्सर्जन का लक्ष्य रखा है और यह निवेश उसके नवीकरणीय ऊर्जा पोर्टफोलियो के विस्तार की दिशा में एक कदम है।

गेल ने शेयर बाजार को दी जानकारी में बताया कि शुक्रवार को हुई निदेशक मंडल की बैठक में 178.2 मेगावाट क्षमता की पवन ऊर्जा परियोजना स्थापित करने के निवेश प्रस्ताव को मंजूरी दी गई।

अनुबंध मिलने के 24 महीनों के भीतर पूरी होने वाली यह परियोजना कंपनी के मौजूदा 117.95 मेगावाट के पोर्टफोलियो में इजाफा करेगी। इसके अलावा, कंपनी के पास राजस्थान, उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश में फैली 27 मेगावाट की सौर ऊर्जा परियोजनाएं भी हैं। वर्तमान में कंपनी की पवन ऊर्जा परियोजनाएं गुजरात (19.2 मेगावाट), कर्नाटक (38.1 मेगावाट) और तमिलनाडु (60.65 मेगावाट) में स्थित हैं। गेल भारत की सबसे बड़ी प्राकृतिक गैस पारेषण और विपणन कंपनी है।

# एनटीपीसी पर लगाया 10.86 लाख का जुर्माना

- एनएसई और बीएसई ने जारी किये अलग-अलग नोटिस

**मुंबई, एजेंसी**

सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी राष्ट्रीय ताप विद्युत निगम (एनटीपीसी) के निदेशक मंडल में स्वतंत्र निदेशकों के अनुपात में कमी को लेकर शेयर बाजारों ने उस पर कुल 10 लाख 85 हजार 600 रुपये का जुर्माना लगाया है। एनटीपीसी ने शनिवार को शेयर बाजारों को बताया कि उसे 27 फरवरी को बीएसई और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज से अलग-अलग नोटिस मिले हैं।

दोनों ने चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में सेबी के एलओडीआर (लिस्टिंग ऑब्लिगेशन एंड डिस्क्लोजर रिक्वायरमेंट्स) नियमावली के नियम 17(1) का पालन न करने के लिए 5,42,800 रुपये के एक समान जुर्माने लगाये हैं। जुर्माने की कुल राशि 10,85,600 रुपये है। नियम 17(1) निदेशक मंडल की संरचना से संबंधित है।

यह नियम किसी भी सूचीबद्ध कंपनी के निदेशक मंडल में कम से कम एक महिला निदेशक और 50 प्रतिशत स्वतंत्र निदेशकों की नियुक्ति को अनिवार्य बनाता है।



कंपनी ने शेयर बाजारों को बताया है कि एक सार्वजनिक उपक्रम होने के नाते उसके निदेशकों की नियुक्ति का अधिकार राष्ट्रपति के पास है।

वह ऊर्जा मंत्रालय के समक्ष पर्याप्त संख्या में स्वतंत्र निदेशकों की नियुक्ति का मसला उठाती रही है, ताकि सेबी के नियम 17(1) का अनुपालन किया जा सके। उसने शेयर बाजारों से आग्रह किया है कि इन बातों को ध्यान में रखते हुए उस पर जुर्माना नहीं लगाया जाना चाहिए।

एनटीपीसी की वेबसाइट के अनुसार, वर्तमान में उसके निदेशक मंडल में कुल 13 सदस्य हैं जिनमें पांच स्वतंत्र निदेशक हैं।

# टेक्सटाइल पार्क योजना में तेजी

- तमिलनाडु के विरुधुनगर में 23 निवेशकों को भूखंड आवंटित

**नई दिल्ली, एजेंसी**

तमिलनाडु में विरुधुनगर स्थित पीएम मित्र पार्क(प्रधानमंत्री मेगा इंटीग्रेटेड टेक्सटाइल रीजन एंड अपैरल उद्योग क्षेत्र) योजना के अंतर्गत 23 निवेशकों को कुल 190.44 एकड़ के बराबर भूखंडों के आवंटन किये गये।

कपड़ा मंत्रालय ने शनिवार को एक विज्ञप्ति में कहा कि विरुधुनगर पीएम मित्र पार्क के निदेशक मंडल ने शुक्रवार को हुई बैठक में निवेशकों के प्रस्तावों पर ये आवंटन किये। इससे लगभग 2,192.21 करोड़ रुपये के निवेश का मार्ग खुला है। इन प्रस्तावों के कार्यान्वयन पर करीब 15,000 रोजगार के अवसर सृजित होने की संभावना है।

विज्ञप्ति के अनुसार विरुधुनगर मेगा कपड़ा पार्क योजना में निवेश के इन स्वीकृत प्रस्तावों में एकीकृत



संयंत्र, धागा, कपड़ा , प्रसंस्करण व फिनिशिंग, गारमेंट उत्पादन तथा टेक्निकल टेक्सटाइल्स जैसे विभिन्न क्षेत्रों के प्रस्ताव शामिल हैं।बोर्ड की नवीं बैठक की अध्यक्षता वस्त्र मंत्रालय की सचिव नीलम शमी राव ने की। इसमें मंत्रालय और राज्य सरकार के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे। पार्क में औद्योगिकी दूषित जल के शोधन की सुविधा स्थापित की जा रही है, जिससे पर्यावरण अनुकूल और सतत प्रोसेसिंग को बढ़ावा मिलेगा। इससे छोटे और मध्यम उद्योगों को भी स्वच्छ प्रसंस्करण सुविधाएं मिलेंगी।

उल्लेखनीय है कि केंद्र सरकार की पीम मित्र पार्क योजना के तहत विरुधुनगर सहित देश के सात स्थानों पर वृहद टेक्सटाइल उद्योग पार्क मंजूर किये गये हैं। विरुधुनगर लगभग 1,894 करोड़ रुपये की लागत से विकसित किया जा रहा है। इसमें जल- मल शोधन संयंत्र के अलावा 20 मेगावाट सोलर पावर प्लांट, केंद्रीकृत स्टीम बॉयलर और लगभग 13 लाख वर्गफुट में विकसित प्लग-एंड-प्ले इकाइयों के लिए काम करने की जगह विकसित की गयी है।

## ईरान पर हमले के कारण तेल-तिलहन कीमतों में उछाल

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** अमेरिका और इजराइल द्वारा ईरान पर किए गए हमले के बाद आपूर्ति प्रभावित होने की आशंकाओं के बीच देश के तेल-तिलहन बाजार में शनिवार को सभी तेल-तिलहनों में उछाल आया तथा सरसों, मूंगफली एवं सोयाबीन तेल-तिलहन, कच्चा पामतेल (सीपीओ) एवं पामोलीन तथा बिनौला तेल के दाम मजबूती के साथ बंद हुए।

बाजार सूत्रों ने कहा कि आज ईरान पर अमेरिका और इजराइल के हमले के बाद आपूर्ति चिंता बढ़ने के बीच बाजार में अफरा तफरी फैल गयी। दाम कम होने की वजह से किसानों की ओर से आवक घटाने के बाद कच्ची घानी की बड़ी तेल मिलों ने सरसों के दाम 150-150 रुपये क्विंटल बढ़ाये भी हैं।

# जनवरी में 152.49 लाख लोगों ने देश में की हवाई यात्रा

**मुंबई, एजेंसी**

देश के भीतर हवाई यात्रा करने वाले यात्रियों की संख्या जनवरी 2026 में वार्षिक आधार पर 4.36 प्रतिशत बढ़कर 152.49 लाख रही। यह जानकारी नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) द्वारा जारी आंकड़ों में दी गई है। शुक्रवार देर शाम जारी आंकड़ों के अनुसार, इंडिगो, एयर इंडिया समूह, स्पाइसजेट और अकासा एयर सहित प्रमुख घरेलू विमानन कंपनियों ने जनवरी 2025 में कुल 146.11 लाख यात्रियों को सेवाएं दी थीं। दिसंबर में पायलटों के विश्राम और ड्यूटी अवधि के कड़े नियमों के कारण परिचालन संबंधी बाधाओं का सामना करने वाली इंडिगो ने अपनी बाजार हिस्सेदारी फिर से हासिल




कर ली है। कंपनी 63.6 प्रतिशत बाजार हिस्सेदारी और 97.04 लाख यात्रियों के साथ शीर्ष पर रही।

इसके विपरीत, एयर इंडिया समूह की बाजार हिस्सेदारी पिछले महीने की तुलना में लगभग तीन प्रतिशत घटकर 26.5 प्रतिशत (40.34 लाख यात्री) रह गई।

विमान में सीटों के भरने की दर (पीएलएफ) के मामले में अकासा एयर 93.2 प्रतिशत के साथ सबसे आगे रही, जबकि इंडिगो 87.7 प्रतिशत के साथ दूसरे स्थान पर रही। पीएलएफ यह मापता है कि विमान की कुल क्षमता का कितना उपयोग किया गया है। आंकड़ों के अनुसार, जनवरी 2026 में घरेलू उड़ानों के रद्द होने की कुल दर 1.44 प्रतिशत रही। वहीं, दिल्ली, मुंबई, चेन्नई, कोलकाता, हैदराबाद और बेंगलुरु जैसे छह प्रमुख महानगरीय हवाई अड्डों से समय पर परिचालन के मामले में इंडिगो 70.9 प्रतिशत के साथ सबसे बेहतर रही।

# आईआईएम के छात्रों का पैकेज 71.4 लाख तक पहुंचा

**मुंबई, एजेंसी**

भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम) मुंबई ने शनिवार को अपने 2024-2026 बैच के प्लेसमेंट के परिणामों की घोषणा की, जिसमें अधिकतम घरेलू वेतन पैकेज सालाना 71.4 लाख रुपये तक पहुंच गया। संस्थान द्वारा जारी एक बयान के अनुसार बैच के शीर्ष 10 प्रतिशत छात्रों को औसतन 47.5 लाख रुपये सालाना का पैकेज मिला, जबकि शीर्ष 20 प्रतिशत के लिए यह औसत 41.4 लाख रुपये और शीर्ष 50 प्रतिशत के लिए 34.5 लाख रुपये रहा।

सूचना में कहा गया है कि स्नातकों को बैंकिंग, वित्तीय सेवा और बीमा (बीएफएसआई), परामर्श, एफएमसीजी, सामान्य प्रबंधन, सूचना प्रौद्योगिकी, विनिर्माण, परिचालन, लॉजिस्टिक,



- परामर्श क्षेत्र रहा सबसे बड़ा नियोक्ता, 50 फीसदी को मिले 34.5 लाख सालाना

दवा और स्वास्थ्य सेवा तथा उत्पाद प्रबंधन जैसे विविध क्षेत्रों में नियुक्तियां मिली हैं। परामर्श क्षेत्र सबसे बड़े भर्ती क्षेत्र के रूप में उभरा, जिसमें 123 प्रस्ताव दिए गए। वहीं, बीएफएसआई क्षेत्र में पिछले वर्ष की तुलना में नियुक्तियों में 33 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई, जो इस सत्र की सबसे अधिक क्षेत्रीय वृद्धि है।

## जानकारी

### शेयरों में निवेश करने से पहले जानिए कुछ जरूरी बातें

# डीमैट अकाउंट खोलना क्यों है जरूरी, किन बातों का रखें ध्यान

**प्रकुल सक्सेना, कारोबार डेस्क**

**अमृत विचारः** निवेश को सुरक्षित और पेपरलेस बनाने के लिए सेबी ने 1 अप्रैल 2019 से फिजिकल शेयरों को डिजिटालाइज्ड यानी डीमैट करना अनिवार्य कर दिया है।

स्टेट बैंक समेत कई सरकारी और निजी बैंक अपने बैंकिंग ऐप्स से डीमैट अकाउंट बनाने की सुविधा दे रहे हैं। अगर आप भी शेयर ट्रेडिंग शुरूकरने की सोच रहे हैं या अभी आपने अपने फिजिकल शेयर को डिमैट नहीं किया है तो यहां दी गयी जानकारी आपके काम की है। आईए जानते हैं डिमैट अकाउंट से संबंधित सभी जरूरी बातें-



सीए शरद मिश्रा कहते हैं कि निवेश की शुरुआत के लिए सबसे पहले डीमैट अकाउंट को समझना बेहद जरूरी है। यह है क्या? सरल शब्दों में कहें तो यह आपके शेयरों का खाता या एक डिजिटल लॉकर है। जैसे बैंक खाते में पैसे रहते हैं, वैसे ही यहाँ आपके शेयर सुरक्षित डिजिटल रूप में रखे जाते हैं। **कैसे खोलें?** आप इसे किसी भी डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट या बैंक के माध्यम से खोल सकते हैं। **डीपी की भूमिका :** एक डीपी आपके डिजिटल अकाउंट और डेटा का पूरा रखरखाव करता है, जिससे आपकी ट्रांजेक्शन सुरक्षित रहती हैं। सुरक्षित निवेश की ओर यह आपका पहला कदम है।




### आवश्यक मुख्य दस्तावेज

भौतिक शेयरों को डीमैट में बदलने के लिए आपको ये कागजात तैयार रखने होंगे :

- ओरिजिनल शेयर सर्टिफिकेट्स : वे सभी फिजिकल सर्टिफिकेट जिन्हें आप डिजिटल करना चाहते हैं। सुनिश्चित करें कि इन पर कंपनी का नाम, फोलियो नंबर और सर्टिफिकेट नंबर स्पष्ट हो।
- डीआरएफ (डीमैट रिक्वेस्ट फॉर्म) : यह फॉर्म आपको अपने डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट (डीपी) यानी आपके ब्रोकर से मिलेगा। हर कंपनी के शेयरों के लिए अलग डीआरएफ भरना होता है।
- पैन कार्ड : पैन कार्ड अनिवार्य है और यह आपके डीमैट खाते से लिंक होना चाहिए।
- केवाईसी दस्तावेज : आधार कार्ड या पासपोर्ट जैसे पते के प्रमाण।
- बैंक विवरण : एक कैंसल्ड चेक जिसमें आपका नाम और बैंक का आईएफएससी कोड स्पष्ट रूप से अंकित हो।

### स्टेप-बाय-स्टेप प्रोसेस

- डीमैट खाता खोलें : यदि आपके पास पहले से खाता नहीं है, तो किसी भी सेबी–पंजीकृत ब्रोकर से या ऐप से डीमैट खाता खोलें।
- डीआर फार्म भरें : अपने ब्रोकर से ' 'डीमैट रिक्वेस्ट फॉर्म' ' प्राप्त करें। इस फॉर्म पर वैसे ही हस्ताक्षर करें जैसे आपने पुराने शेयर सर्टिफिकेट पर किए थे।
- सर्टिफिकेट सरेंडर करें : हर शेयर सर्टिफिकेट पर 'सरेंडर्ड फॉर डीमटेरियलाइजेशन' लिखें। इससे सर्टिफिकेट की भौतिक वैधता समाप्त हो जाती है और सुरक्षा बढ़ती है।
- ब्रोकर को जमा करें : डीआर फॉर्म और मूल सर्टिफिकेट अपने ब्रोकर (डीपी) को सौंप दें। आगे की करवाई डीपी करेगा।
- डिजिटल क्रेडिट : एक बार जब कंपनी और आरटीए आपके हस्ताक्षरों और सर्टिफिकेट की पुष्टि कर देते हैं, तो भौतिक शेयर नष्ट कर दिए जाते हैं और उतने ही शेयर इलेक्ट्रॉनिक रूप में आपके डीमैट खाते में जमा कर दिए जाते हैं।

### महत्वपूर्ण बातें ध्यान रखें

- नाम में अंतर : यदि आपके पुराने सर्टिफिकेट और वर्तमान पैन कार्ड के नाम में मामूली अंतर है तो आपको एक एफ़िडेविट या नाम सुधार फॉर्म देना पड़ सकता है।
- नामांकन : सेबी के नए नियमों के अनुसार, डीमैट खाते में नॉमिनी का होना अब अनिवार्य है।
- संयुक्त धारक : यदि भौतिक शेयर संयुक्त नाम में हैं, तो डीमैट खाता भी उसी क्रम में उन्हीं व्यक्तियों के नाम पर होना चाहिए।
- यह प्रक्रिया आमतौर पर 15 से 30 दिनों में पूरी हो जाती है। चूंकि सेबी ने 2026 तक की समयसीमा और विशेष खिड़की की बात की है, इसलिए यही सही समय है ।कि आप अपनी पुरानी कागजी संपत्तियों को सुरक्षित डिजिटल रूप में बदल लें।

# महिलाओं को सशक्त करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगा टीकाकरण

जयपुर, एजेंसी

● प्रधानमंत्री मोदी ने की एचपीवी टीका अभियान की शुरुआत



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सर्वाइकल कैंसर के विरुद्ध राष्ट्रीय 'ह्यूमन पैपिलोमावायरस' (एचपीवी) टीकाकरण अभियान की शुरुआत शनिवार को राजस्थान के अजमेर से की। उन्होंने इस अभियान को देश की नारीशक्ति को सशक्त करने की दिशा में अहम कदम करार दिया।

इसके साथ ही मोदी ने राजस्थान के लिए 16,686 करोड़ रुपये की लागत से होने वाले कार्यों एवं परियोजनाओं का शिलान्यास व लोकार्पण किया। आधिकारिक बयान के अनुसार प्रधानमंत्री ने कायड़ विश्रामस्थली में बने टीकाकरण स्थल से राष्ट्रीय एचपीवी टीकाकरण अभियान की शुरुआत की। उन्होंने नौ से 14 वर्ष की पांच बालिकाओं को एचपीवी टीका लगाए जाने के बाद उनसे संवाद भी किया। बाद में जनसभा को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा, आज वीरांगनाओं की इस धरती से मुझे देशभर की बेटियों के लिए एक अहम अभियान शुरू करने का अवसर मिला है। अजमेर से एचपीवी टीकाकरण अभियान शुरू हुआ है। ये अभियान देश की नारीशक्ति को सशक्त बनाने की दिशा में अहम कदम है। प्रधानमंत्री ने राजस्थान की जिन परियोजनाओं का शिलान्यास व लोकार्पण किया उसमें 8,554 करोड़ की 34 परियोजनाएं राज्य सरकार के विभिन्न विभागों से तथा करीब 8,132 करोड़ की नौ प्रमुख परियोजनाएं केन्द्र के राष्ट्रीय राजमार्ग और ऊर्जा विभाग की हैं।

## आखिर क्यों बिगड़ी बात

# अमेरिका-ईरान वार्ता

अमेरिका और ईरान के संबंध कभी दोस्ती तो कभी दुश्मनी के चरम पर रहे हैं, लेकिन फरवरी 2026 की घटनाओं ने दुनिया को तीसरे विश्व युद्ध के मुहाने पर लाकर खड़ा कर दिया है। 28 फरवरी को अमेरिका और इजराइल द्वारा ईरान के परमाणु ठिकानों पर किए गए सर्जिकल स्ट्राइक ने उस कूटनीतिक धागे को तोड़ दिया है, जिसे महीनों की मेहनत से मस्कट और जिनेवा में बुना गया था। यह विवाद महज दो देशों की रंजिश नहीं है, बल्कि वर्चस्व, सुरक्षा और परमाणु हथियारों की दौड़ का एक ऐसा जटिल ताना-बाना है जिसने पूरे पश्चिम एशिया को बारूद के ढेर पर बिठा दिया है। विवाद की गहराई को समझने के लिए हमें 2015 के परमाणु समझौते और फिर 2018 में डोनाल्ड ट्रंप द्वारा उससे हटने के फैसले को देखना होगा। ट्रंप का मानना था कि पिछला समझौता ईरान को बम बनाने से नहीं रोकता, बल्कि उसे केवल टालता है।



### ट्रंप की नाराजगी के कारण

● शून्य संवर्धन की मांग : अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप चाहते हैं कि ईरान को एक ग्राम यूरेनियम भी संवर्धित करने की अनुमति न मिले।

● स्थायी क्लॉज : ट्रंप पुराने समझौते के 'सनसेट क्लॉज' (जिसके तहत कुछ प्रतिबंध समय के साथ खत्म हो जाते) के सख्त खिलाफ हैं। वह एक स्थायी प्रतिबंध चाहते हैं।

● ईरान का आक्रामक रुख : बातचीत के दौरान भी हूती विद्रोहियों द्वारा लाल सागर में अमेरिकी जहाजों पर हमले जारी रहे, जिससे ट्रंप को लगा कि ईरान केवल बातचीत का नाटक कर रहा है।

### विवाद की मुख्य वजह

● परमाणु बम का डर : अमेरिका को संदेह है कि ईरान फतवा (परमाणु हथियारों के खिलाफ धार्मिक आदेश) की आड़ में गुप्त रूप से परमाणु हथियार विकसित कर रहा है।

● मिसाइल प्रोग्राम : ईरान के पास मध्य-पूर्व में सबसे बड़ा बैलिस्टिक मिसाइल शस्त्रागार है। अमेरिका चाहता है कि परमाणु वार्ता में मिसाइलों को भी शामिल किया जाए, जिसे ईरान अपनी संप्रभुता का उल्लंघन मानता है।

● क्षेत्रीय विस्तारवाद : ईरान द्वारा हमास (गाजा), हिजबुल्ला (लेबनान) और हूतियों (यमन) को दिया जाने वाला समर्थन अमेरिका और उसके मित्र देशों (इजरायल, सऊदी अरब) के लिए बड़ा खतरा है।

● आर्थिक प्रतिबंध : अमेरिका ने ईरान की अर्थव्यवस्था की रीढ़ 'तेल निर्यात' पर कड़े प्रतिबंध लगा रखे हैं, जिसे ईरान 'आर्थिक आतंकवाद' कहता है।

वर्तमान स्थिति दिखाती है कि कूटनीति केवल औपचारिकता रह गई है। ईरान पीछे नहीं हटता और अमेरिका हमले जारी रखता है, तो दुनिया ऊर्जा संकट और क्षेत्रीय अस्थिरता की चपेट में आ जाएगी।

### मस्कट से जिनेवा तक

● सहमति के बिंदु : ईरान इस बात पर राजी हो गया था कि वह 60% संवर्धित यूरेनियम के स्टॉक को फ्रीज कर देगा और अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी के निरीक्षकों को अधिक पहुँच प्रदान करेगा।

● टकराव के बिंदु : ईरान चाहता था कि अमेरिका पहले सभी प्रतिबंध हटाए और भविष्य में किसी भी राष्ट्रपति द्वारा समझौते से दोबारा न हटने की कानूनी गारंटी दे।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### अंतर्राष्ट्रीय उड़ानों में हो सकता है विलंब

**तिरुवनंतपुरम।** तिरुवनंतपुरम अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे ने शनिवार को यात्रियों के लिए एक परामर्श जारी कर आगाह किया कि कुछ अंतरराष्ट्रीय उड़ानों में देरी हो सकती है या उनके मार्ग में बदलाव किया जा सकता है। हवाई अड्डे ने कहा कि संभावित व्यवधान कई अंतर्राष्ट्रीय हवाई क्षेत्रों के अस्थायी रूप से बंद होने और प्रतिबंधों के कारण हैं। तिरुवनंतपुरम इंटरनेशनल एयरपोर्ट ने परामर्श में कहा कि यात्रियों को हवाई अड्डे की यात्रा करने से पहले संबंधित एयरलाइनों के साथ उड़ान की नवीनतम स्थिति की जांच करने और उसी के अनुसार अपनी यात्रा की योजना बनाने की सलाह दी गई है।

### हूती विद्रोही जहाजों पर फिर शुरू करेंगे हमले

**काहिरा।** यमन में ईरान समर्थित हूती विद्रोहियों ने ईरान के समर्थन में समुद्री मार्गों और इजराइल पर मिसाइल एवं ड्रोन हमले फिर से शुरू करने का फैसला किया है। हूती विद्रोहियों के वरिष्ठ अधिकारियों ने यह बात नाम उजागर न करने की शर्त पर कही क्योंकि हूती नेतृत्व की ओर से कोई आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है। इस संबंध में एक अधिकारी ने कहा कि विद्रोहियों का पहला हमला आज रात ही हो सकता है। ट्रंप प्रशासन के साथ हुए एक समझौते के तहत विद्रोहियों ने लाल सागर के समुद्री मार्ग पर अपने हमले रोक दिए थे।

### सिएरा लियोन के 16 सैनिकों को किया रिहा

**कोनाक्री (गिनी)।** अफ्रीकी देश गिनी ने शुक्रवार को पड़ोसी देश सिएरा लियोन के उन 16 सैनिकों और पुलिस अधिकारियों को रिहा कर दिया जिन्हें इस सप्ताह की शुरुआत में सीमा विवाद में गिरफ्तार किया गया था। सिएरा लियोन के प्राधिकारियों ने यह जानकारी दी। सिएरा लियोन के सूचना मंत्रालय ने एक पोस्ट में कहा, गिनी के अधिकारियों द्वारा गिरफ्तार किए गए सभी सुरक्षा अधिकारियों को सिएरा लियोन को सौंप दिया गया है।

### एएनटीएफ ने अफीम सहित युवक को पकड़ा

**चित्तौड़गढ़।** राजस्थान में चित्तौड़गढ़ में मादक पदार्थ निरोधी कार्यबल (एएनटीएफ) ने एक युवक को गिरफ्तार करके उससे करीब ढाई किलोग्राम अवैध अफीम बरामद की है। एएनटीएफ के आईजी विकास कुमार ने शनिवार को बताया कि चित्तौड़गढ़ चौकी ने शुक्रवार देर रात चंदेरिया रोलाहेड़ा मार्ग पर नाकेबंदी के दौरान एक मोटर साइकिल पर सवार युवक को रुकने का इशारा किया तो वह बाइक छोड़कर भागने लगा।

# कम दृश्यता, रनवे में कमी से क्रैश हुआ था अजीत पवार का विमान

## वायुयान दुर्घटना अन्वेषण ब्यूरो ने जारी की बारामती विमान हादसे की प्रारंभिक जांच रिपोर्ट

● हादसे में अजित पवार सहित पांच लोगों की चली गई थी जान

नई दिल्ली, एजेंसी

वायुयान दुर्घटना अन्वेषण ब्यूरो (एएआईबी) ने बारामती में 28 जनवरी 2026 को हुई विमान दुर्घटना पर अपनी प्रारंभिक रिपोर्ट शनिवार को जारी की, रिपोर्ट में दुर्घटना के समय दृश्यता न्यूनतम सीमा से कम होने और हवाई पट्टी तथा रनवे के रखरखाव में कमी की बात का खुलासा हुआ है। इस हादसे में महाराष्ट्र के तत्कालीन उपमुख्यमंत्री अजित पवार समेत विमान में सवार सभी पांच लोगों की मौत हो गई थी।

जांच में पता चला है कि विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने से ठीक पहले पायलट ने कहा था - उफ, उफ। वीएसआर वेंचर्स का लीयरजेट 45 एक्सआर विमान (पंजीकरण संख्या वीटी-एसएसके) मुंबई से पवार को लेकर बारामती पहुंचा था। वहां उतरते समय रनवे 11 की बाईं तरफ विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया था और उसमें आग लग गई थी। रिपोर्ट में बताया गया है कि बारामती हवाई पट्टी पर सिर्फ वीएफआर के तहत परिचालन की अनुमति है जिसके लिए न्यूनतम दृश्यता पांच किलोमीटर होनी चाहिए। पायलट और एटीसी के बीच हुए संचार से पता चलता है कि उस समय दृश्यता तीन किमी थी जिसके बारे में एटीसी ने पायलट को सूचना दी थी। उपग्रह से प्राप्त तस्वीरों के माध्यम से बताया गया है कि बारामती में हल्का कोहरा था। इसके अलावा हवाई पट्टी के रखरखाव और वहां मौजूद इंतजामों में खामियों का भी पता चला है। रिपोर्ट में बताया गया है कि रनवे की आखिरी बार री-कार्पेटिंग करीब 10 साल पहले मार्च 2016 में की गई थी। रनवे पर मौजूद मार्किंग धूमिल हो चुकी थी और सतह से छोटे-छोटे कंकड़ निकल आए थे।



### विमान पायलट की आखिरी आवाज उफ, उफ

पहली बार में पायलट ने विमान को उतारने की बजाय एक और चक्कर लगाने का फैसला किया। दूसरे प्रयास में पायलट ने 8 .40 बजे रनवे 11 पर उतरने की अनुमति मांगी। लेकिन उतरते समय हादसा हो गया। एटीसी ने आठ बजकर 44 मिनट 13 सेकेंड पर विमान से आखिरी आवाज सुनी – उफ, उफ। हादसे की जांच अभी जारी है और अंतिम रिपोर्ट बाद में आयेगी। इस बीच एएआईबी ने कुछ अनुशंसाएं की हैं। इनमें कहा गया है कि डीजीसीए सभी वीएफआर उड़ानों के ऑपरेटरों से अनियंत्रित हवाई पट्टियों पर परिचालन के दौरान मानक परिचालन प्रक्रियाओं (एसओपी) का सख्ती से पालन करने की हिदायत दे। साथ ही इन हवाई पट्टियों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश देने के लिए कहा गया है कि मौसम संबंधी मानदंडों का पूरी तरह पालन सुनिश्चित करायें।

### दुर्घटना से जुड़ीं सभी रिपोर्ट एक साझा मंच पर सार्वजनिक की जाएं : मंत्री

मुंबई। महाराष्ट्र की मंत्री और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) की नेता अदिति तटकरे ने शनिवार को मांग की कि विमान दुर्घटना से संबंधित सभी रिपोर्ट और निष्कर्षों को संकलित कर किसी साझा मंच पर उपलब्ध कराए जाए, ताकि आम लोग इसे देख सकें। इस हादसे में उपमुख्यमंत्री अजित पवार की मौत हो गई थी। वायुयान दुर्घटना अन्वेषण ब्यूरो (एएआईबी) ने पुणे जिले के बारामती में ठीक एक महीने पहले हुए उस विमान हादसे की प्रारंभिक रिपोर्ट शनिवार को जारी की, जिसमें पवार और चार अन्य लोगों की जान चली गई थी। जांच एजेंसी ने 22 पन्नों की अपनी प्रारंभिक रिपोर्ट में कहा कि विमान हादसे के सभी पहलुओं की जांच की जाएगी, ताकि तथ्यों, मूल कारणों और इससे जुड़े कारकों का पता लगाया जा सके। तटकरे ने पत्रकारों से कहा कि चूंकि विमान दुर्घटना की जांच में कई एजेंसी शामिल हैं, इसलिए बेहतर होगा कि सभी रिपोर्ट और निष्कर्षों को एक ही स्थान पर या एक ही मंच पर साझा किया जाए, ताकि आम लोग उन्हें समझ सकें।

## शांति बहाली में सहयोग करे सरकार: कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने ईरान पर अमेरिका और इजराइल के हमले की निंदा करते हुए शनिवार को कहा कि वह पश्चिम एशिया में सैन्य संघर्ष खत्म कराने में मदद करे और क्षेत्र में रहने वाले सभी भारतीय नागरिकों की सुरक्षा भी सुनिश्चित करे। मुख्य विपक्षी दल ने यह सवाल भी किया कि प्रधानमंत्री मोदी ने अपने इजराइल दौर का उपयोग तनाव कम करने के लिए क्यों नहीं किया या फिर वह इस युद्ध का समर्थन करते हैं? अमेरिका और इजराइल ने शनिवार को ईरान के कई शहरों में हवाई हमले किए। ईरान ने भी जवाबी कार्रवाई करते हुए पश्चिम एशिया में अमेरिका और इजराइल से जुड़े कई सामरिक स्थलों को निशाना बनाया है। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने एक्स पर पोस्ट किया, अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच तेजी से बढ़ती शत्रुता बेहद चिंताजनक है। पूरे पश्चिम एशिया में प्रत्येक भारतीय नागरिक की सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने कहा, मैं भारत सरकार से हमारे लोगों की सुरक्षा के लिए तत्काल और सक्रिय कदम उठाने का आग्रह करता हूं। पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा, हम पूरे पश्चिम एशिया में भारतीय नागरिकों की सुरक्षा के बारे में चिंतित हैं।

# अफगान बलों ने गिराया पाकिस्तानी जंगी विमान

काबुल/इस्लामाबाद, एजेंसी

● पाकिस्तान ने अफगानिस्तान के दावे को मनगढ़ंत-झूठा बताया

अफगानिस्तान के सुरक्षा बलों ने शनिवार को पूर्वी नंगरहार प्रांत में एक पाकिस्तानी लड़ाकू विमान को मार गिराया और पायलट को हिरासत में ले लिया। स्थानीय मीडिया में रक्षा मंत्रालय के सूत्रों के हवाले से यह जानकारी दी। तुलु न्यूज़ के अनुसार, अफगान बलों ने पायलट को हिरासत में ले लिया है।

पाकिस्तान के सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने शनिवार को अफ़गान मीडिया के उस दावे को खारिज कर दिया जिसमें उसने नंगरहार प्रांत में एक पाकिस्तानी लड़ाकू विमान को मार गिराने और उसके पायलट को ज़िंदा पकड़ने का दावा किया था। इस बीच, समाचार एजेंसी खामा प्रेस ने नंगरहार पुलिस कमान के प्रवक्ता सैयद तैयब हम्माद के हवाले से कहा कि नंगरहार हवाई अड्डे पर वायु रक्षा प्रणाली के चालू होने के तुरंत बाद लडाकू विमान को मार गिराया गया। उन्होंने इस घटना को एक बड़ी कामयाबी बताया। उल्लेखनीय है कि तालिबान के प्रवक्ता ज़बीहुल्लाह मुजाहिद ने कहा था कि पाकिस्तान के हमलों में कई अफगानों की जान जा चुकी है, जबकि अफगानिस्तान आत्म रक्षा में सैन्य कार्रवाई कर रहा है। पाकिस्तान ने सैन्य विमान गिराने को झूठा और मनगढ़ंत वाकया बताया। सूचना मंत्रालय ने इस आरोप को पूरी तरह से नकारते हुए कहा कि पाकिस्तान सैन्य बलों का कोई भी लड़ाकू विमान नहीं गिराया गया है और कोई भी पायलट लापता या पकड़ा नहीं गया है। बयान में कहा गया, पाकिस्तान सैन्य बलों ने किसी भी पाकिस्तानी लड़ाकू विमान के नुकसान की कोई रिपोर्ट नहीं दी है। मंत्रालय ने कहा कि आरोप को साबित करने के लिए क्रैश का मलबा, मलबा या पकड़े गए पायलट का कोई भी विजुअल सबूत पेश नहीं किया गया है।

### संरा प्रमुख ने हिंसा पर जताई चिंता

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस ने अफगानिस्तान और पाकिस्तान के बीच हिंसा बढ़ने पर चिंता व्यक्त की और दोनों देशों से शत्रुता को तत्काल समाप्त करने का आह्वान किया। संयुक्त राष्ट्र महासचिव के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने शुक्रवार को कहा कि संयुक्त राष्ट्र प्रमुख अफगानिस्तान और पाकिस्तान के बीच हिंसा बढ़ने और नागरिक आबादी पर इसके प्रभाव को लेकर बेहद चिंतित हैं। उन्होंने शत्रुता को तत्काल समाप्त करने का आह्वान किया।

# एसआईआर के बाद बंगाल में 7.04 करोड़ से अधिक वोटर

कोलकाता, एजेंसी।

● राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने दी जानकारी

मुख्य निर्वाचन अधिकारी मनोज कुमार अग्रवाल ने शनिवार को बताया कि विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया के दौरान हटाए गए और जोड़े गए नामों के बाद पश्चिम बंगाल की मतदाता सूची में मतदाताओं की संख्या 7.04 करोड़ से अधिक है।

अग्रवाल ने पत्रकारों को बताया कि मतदाता सूची संशोधन प्रक्रिया के परिणामस्वरूप फॉर्म-7 के माध्यम से 5.46 लाख से अधिक मतदाताओं के नाम हटाए गए और फॉर्म-6 एवं फॉर्म-6ए के माध्यम से 1.82 लाख से अधिक मतदाताओं का नाम शामिल किया गया। उन्होंने कहा कि पुनरीक्षण प्रक्रिया के दौरान 58 लाख से अधिक गणना प्रपत्र प्राप्त नहीं हुए, जिनमें मृत, स्थानांतरित और दोहराव वाले मतदाताओं के मामले शामिल हैं। अग्रवाल ने यह भी कहा कि 60 लाख से अधिक मतदाता अभी भी विचाराधीन श्रेणी में हैं, लेकिन उन्हें एसआईआर के बाद की मतदाता सूची में शामिल कर लिया गया है। उन्होंने कहा कि यह संशोधन प्रक्रिया निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुसार की गई है। वहीं, मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के निर्वाचन क्षेत्र भवानीपुर में नए सिरे से राजनीतिक हलचल पैदा कर दी, जहां 47,000 से अधिक नाम हटाए गए हैं और 14,000 से अधिक नामों को विचाराधीन श्रेणी में रखा गया।

## बोलीविया में विमान क्रैश, 15 लोगों की मौत

**ला पाज।** बोलीविया की राजधानी के पास नकदी ले जा रहा एक मालवाहक विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया जिससे राजमार्ग पर लगभग एक दर्जन वाहन क्षतिग्रस्त हो गए और कम से कम 15 लोगों की मौत हो गई। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। बोलीविया की वायु सेना से संबंधित हरक्यूलिस विमान देश के 'सेंट्रल बैंक' से अन्य शहरों में नए नोट पहुंचाने जा रहा था। दुर्घटना के बाद घटनास्थल पर जमीन पर बड़ी संख्या में नोट बिखरे हुए थे। दमकल विभाग के प्रमुख पावेल टोवर ने यह स्पष्ट नहीं किया कि घटना में मारे गए लोग विमान में थे या ला पाज हवाई अड्डे के पास राजमार्ग पर खड़ी कारों में सवार थे। उन्होंने बताया कि कुछ लोग घायल भी हुए हैं।

# पंजाब में आतंकी गिरोह का भंडाफोड़, आईईडी बरामद

चंडीगढ़, एजेंसी

● खुफिया जानकारी पर पुलिस ने दो लोगों को किया गिरफ्तार

पंजाब पुलिस ने शनिवार को कहा कि उसने विदेश स्थित एक आतंकी गिरोह का भंडाफोड़ करके दो लोगों को गिरफ्तार करने के साथ आरडीएक्स से भरा और पूरी तरह से तैयार एक परिष्कृत विस्फोटक उपकरण (आईईडी) बरामद किया है। इसके साथ ही पुलिस ने एक बड़ी आतंकी साजिश को नाकाम करने का दावा किया है।

पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि एसएएस नगर पुलिस की राज्य विशेष अभियान प्रकोष्ठ (एसएसओसी) ने खुफिया जानकारी के आधार पर एक अभियान चलाया और एक विदेशी आतंकी गिरोह का भंडाफोड़ किया। उन्होंने बताया कि अभियान के दौरान लगभग 2.5 किलोग्राम वजन का एक पूरी तरह से तैयार किया गया आरडीएक्स से भरा आईईडी, जिसमें दोहरे विस्फोट तंत्र (रिमोट और टाइमर) लगे थे, एक ग्लॉक पिस्तौल और गोला-बारूद बरामद किया गया। डीजीपी ने बताया कि विदेशी एजेंटों के निर्देशों पर काम कर रहे दो आरोपियों को भी गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि लक्षित लक्ष्य के संबंध में आगे के निर्देशों के लिए उन्होंने आईईडी को एसबीएस नगर बाईपास के पास छिपा दिया था। यादव ने कहा कि उपकरण पूरी तरह उपयोग के लिए तैयार था।

## कैसा रहेगा आपका आज का दिन

**मेष** – आज पहले की गई मेहनत सुखद परिणाम दे सकती है। व्यापार में नई योजना बना सकते हैं। प्रेम संबंधों में थोड़ी परेशानी रहेगी।

**तुला** – आज समय का बेहतरीन सदुपयोग कर पाएंगे। प्रेम-प्रसंग में नजदीकियां बढ़ेंगी। बच्चों के साथ अच्छा समय बिताएंगे।

**वृष** – आज आपका दिन बहुत ही शुभ रहने वाला है। सरकारी कार्यों से लाभ मिलेगा। कार्यक्षेत्र के लक्ष्यों को आसानी से प्राप्त कर लेंगे।

**वृश्चिक** – आज उच्चाधिकारी आपसे प्रसन्न रहेंगे। आपमें सकारात्मक ऊर्जा की अधिकता रहेगी। अपने लक्ष्य पर पूरा फोकस बनाए रखें।

**मिथुन** – आज नौकरी को बदलने का विचार बना सकते हैं। धर्म के प्रति मन में आस्था कम हो सकती है। आपके व्यवहार की प्रशंसा होगी।

**धनु** – आज आवश्यक कार्यों को दोपहर से पहले पूर्ण कर लें। संपत्ति के क्रय-विक्रय से धन लाभ होगा। वैवाहिक संबंधों का तनाव दूर होगा।

**कर्क** – आज रुके निर्माण कार्यों को दोबारा शुरू कर सकते हैं। फालतू में अपना समय बर्बाद न करें। अधिकारियों के प्रति अपना व्यवहार अच्छा रखें।

**मकर** – आज परोपकार के कार्यों में मन लगाएंगे। विद्यार्थी पढ़ाई में शानदार प्रदर्शन करेंगे। जीवनसाथी आपका काफी ध्यान रखेगा।

**सिंह** – आज अजनबी लोगों से दोस्ती करने से बचें। आपकी दिनचर्या अच्छी नहीं रहेगी। व्यवसाय में धन का नुकसान होगा।

**कुंभ** – आज किसी समारोह में सम्मिलित होने का विचार बनाएंगे। आपको नए अनुभवों के लिए तैयार रहना चाहिए। त्वरित प्रतिक्रिया देने से बचें।

**कन्या** – आज आपको जिम्मेदार व्यक्तियों का मार्गदर्शन मिलेगा। दोपहर बाद शुभ समाचार मिलेंगे। अपना मनोबल व आत्मविश्वास बनाए रखें।

**मीन** – आज किसी से करियर को लेकर सलाह लेना उचित रहेगा। सभी कार्यों को समय से पूर्ण कर लेंगे। प्रेमी के साथ अच्छा समय बिताएंगे।

# शिक्षक भर्ती घोटाला: कोर्ट ने बंगाल सरकार को फटकारा

कोलकाता, एजेंसी

● विद्यालय सेवा आयोग के पूर्व सलाहकार सिन्हा को दी बेल

कलकत्ता उच्च न्यायालय ने अभियोजन की मंजूरी देने में लंबे समय तक देरी करने के लिए पश्चिम बंगाल सरकार की आलोचना करते हुए स्कूल शिक्षक भर्ती घोटाले से जुड़े धनशोधन मामले में विद्यालय सेवा आयोग के पूर्व सलाहकार एस पी सिन्हा को जमानत दे दी है।

न्यायमूर्ति जय सेनगुप्ता ने शुक्रवार को सशर्त जमानत देते हुए सिन्हा को एक लाख रुपये के मुचलके के साथ इतनी ही राशि के दो जमानतदार पेश करने और विशेष पीएमएलए अदालत के समक्ष अपना पासपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया। अदालत ने सरकारी सहायक शिक्षक का पद दिलाने का वादा करके विद्यालयों में नौकरी के इच्छुक अभ्यर्थियों से बड़ी रकम वसूले जाने का उल्लेख करते हुए कहा, ये आरोप शायद चिटफंड संचालकों द्वारा किए गए अपराधों से भी कहीं अधिक जघन्य हैं। जमानत याचिका पर सुनवाई के दौरान न्यायाधीश ने कहा कि अदालत अभियोजन की स्वीकृति से जुड़े आंतरिक रूप से संबद्ध मुद्दे का उल्लेख किए बिना नहीं रह सकती। अदालत ने कहा, न्याय के सिद्धांतों के विरुद्ध होगा यदि सभी आरोपियों को लंबी हिरासत के कारण धीरे-धीरे जमानत मिल जाए, लेकिन राज्य द्वारा मंजूरी नहीं मिलने के कारण मुकदमा रुक जाए।

## डीयू दीक्षांत समारोह | उपराष्ट्रपति ने कहा–अनुसंधान और नवाचार को बढ़ावा दें विश्वविद्यालय

# भारत के विकास में स्नातकों की भूमिका अहम

● वैश्विक रैंकिंग पाने के लिए ऊंचा लक्ष्य रखना जरूरी

नई दिल्ली, एजेंसी

उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन ने स्नातकों को 'विकसित भारत' के सपने का वास्तुकार बताते हुए शनिवार को कहा कि विश्वविद्यालयों को ऐसे अनुसंधान और नवाचार को बढ़ावा देना चाहिए, जो भारतीय परिस्थितियों से जुड़े हों और साथ ही वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी भी हों। वह यहां दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) के 102वें दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रहे थे।

इस दौरान उन्होंने उच्च शिक्षा में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी का उल्लेख करते हुए कहा कि इस वर्ष 70 प्रतिशत से अधिक स्वर्ण पदक विजेता महिलाएं हैं। समारोह में 1.2 लाख से अधिक छात्रों को डिग्रियां प्रदान की गईं। कार्यक्रम में राधाकृष्णन मुख्य अतिथि थे, जबकि समारोह की अध्यक्षता डीयू के कुलपति योगेश सिंह ने की। राधाकृष्णन ने कहा कि डीयू की शुरुआत तीन कॉलेज, दो संकाय और आठ विभागों से हुई थी। उन्होंने कहा कि आज विश्वविद्यालय 16 संकायों, 86 विभागों, 90 कॉलेजों, 20 हॉल और छात्रावासों, 30 से अधिक केंद्रों व संस्थानों, 34 पुस्तकालयों और छह लाख से अधिक छात्रों के साथ एक विशाल संस्थान बन चुका है। इस उपलब्धि का श्रेय शिक्षकों, प्रशासकों और छात्रों के सामूहिक प्रयासों का है। विवि में प्रवेश के लिए कड़ी प्रतिस्पर्धा का उल्लेख करते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि कुलपति योगेश सिंह ने उन्हें बताया कि सीट बिना देरी के भर जाती है और कट-ऑफ 98 प्रतिशत तक पहुंच जाती है। कहा कि डीयू देश के प्रतिष्ठित संस्थानों में है, फिर भी वैश्विक रैंकिंग में ऊंचा स्थान पाने को ऊंचा लक्ष्य रखना चाहिए।



### डिग्रियां प्रमाणपत्र ही नहीं राष्ट्र के प्रति प्रतिबद्धता

कृत्रिम बुद्धिमत्ता, जलवायु चुनौतियों और लोकतंत्र पर बढ़ते दबावों के दौर में उन्होंने कहा कि आपकी डिग्री केवल प्रमाण पत्र नहीं बल्कि मानवता और राष्ट्र के प्रति एक प्रतिबद्धता है। उन्होंने छात्रों से आजीवन सीखने की भावना बनाए रखने, नशीले पदार्थों से दूर रहने और अपनी उपलब्धियों से परिवार, विश्वविद्यालय और देश का नाम रोशन करने का आग्रह किया। कहा कि 2047 तक विकसित भारत के निर्माण में स्नातक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। विश्वविद्यालयों को अनुसंधान, उद्यमिता और नवाचार को बढ़ावा देना चाहिए।

## आज का पंचांग

-पं.मनोज कुमार द्विवेदी




**आज की ग्रह स्थिति :** 1 मार्च, रविवार 2026 संवत-2082, शक संवत 1947 मास- फाल्गुन, पक्ष-शुक्ल पक्ष, त्रयोदशी 19 .09 तक तत्पश्चात चतुर्दशी।

**दिशाशूल**- पश्चिम, **ऋतु**- वसंत।
**चन्द्रबल**- वृषभ, कर्क, कन्या, तुला, मकर, कुंभ।
**ताराबल**- अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
**नक्षत्र**- पुष्य 20 .34 तक तत्पश्चात अश्लेशा।

## सुडोकू - 75 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 7 | 1 | 8 | 6 | 9 | 4 | 5 | 3 |
| 4 | 8 | 9 | 2 | 5 | 3 | 7 | 1 | 6 |
| 5 | 6 | 3 | 4 | 1 | 7 | 9 | 8 | 2 |
| 9 | 2 | 6 | 5 | 3 | 4 | 1 | 7 | 8 |
| 7 | 5 | 4 | 1 | 8 | 2 | 6 | 3 | 9 |
| 1 | 3 | 8 | 9 | 7 | 6 | 2 | 4 | 5 |
| 6 | 9 | 7 | 3 | 4 | 8 | 5 | 2 | 1 |
| 3 | 1 | 2 | 7 | 9 | 5 | 8 | 6 | 4 |
| 8 | 4 | 5 | 6 | 2 | 1 | 3 | 9 | 7 |

## सुडोकू -76

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 7 | | | | | 2 | |
| | 3 | 6 | | | 5 | 8 | | |
| 9 | | | 7 | | 2 | | | 6 |
| | | 4 | | | | | | |
| | 5 | 1 | | | | 7 | 9 | |
| | | | 1 | | | 2 | | 8 |
| 5 | | | 3 | | 7 | | | 1 |
| | | 8 | | | | 6 | 5 | |
| | 6 | | | | | 3 | 4 | |





# स्टेडियम

बरेली, रविवार ,1 मार्च 2026

अमृत विचार

www.amritvichar.com


## सुपर-8 में आज

| टीम | समय |
|---|---|
| जिम्बाब्वे-द. अफ्रीका | दोपहर 3 बजे |
| भारत-वेस्टइंडीज | शाम 7 बजे |

### हाईलाइट

## अपने अभियान का सकारात्मक अंत चाहेगा जिम्बाब्वे

**नई दिल्ली।** सेमीफाइनल की दौड़ से बाहर हो जाने के बावजूद जोश से भरी जिम्बाब्वे की टीम को अगर टी20 विश्व कप में अपने अभियान का शानदार अंत करना है तो उसे बेहतरीन फॉर्म में चल रहे दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ रविवार को यहां होने वाले सुपर आठ के मैच में अपनी गेंदबाजी की कमजोरियों को दूर करना होगा। जिम्बाब्वे ने लीग चरण में अपने ग्रुप में शीर्ष पर रहकर सुपर आठ में जगह बनाई थी लेकिन इस चरण में उसे वेस्टइंडीज और भारत के हाथों करारी हार का सामना करना पड़ा। इसके बावजूद सिकंदर रजा की अगुवाई वाली यह टीम दक्षिण अफ्रीका को कड़ी टक्कर देने के लिए प्रतिबद्ध होगी। आईसीसी के इस टूर्नामेंट में दक्षिण अफ्रीका को हराना मुश्किल है और अगर जिम्बाब्वे को उसे चुनौती देनी है तो उसके गेंदबाजों को अच्छा प्रदर्शन करना होगा जिन्होंने वेस्टइंडीज और भारत के खिलाफ पिछले दो मैच में 250 से अधिक रन लुटाए।

## वरुण अब भी टी-20 के नंबर गेंदबाज हैं : डारेन सैमी

**कोलकाता।** वेस्टइंडीज के मुख्य कोच डारेन सैमी ने रविवार को यहां ईडन गार्डन्स में टी20 विश्व कप में भारत के खिलाफ अपने 'वर्चुअल क्वार्टरफाइनल' से पहले कहा कि पिछले दो मैच में रन लुटाने के बावजूद वरुण चक्रवर्ती टी20 क्रिकेट में दुनिया के नंबर एक गेंदबाज बने हुए हैं। चक्रवर्ती ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अपने चार ओवर में 47 रन दिए। भारत के पिछले सुपर आठ मैच में जिम्बाब्वे जैसी कमजोर टीम के खिलाफ भी उन्हें संघर्ष करना पड़ा। लेकिन सैमी ने साफ किया कि कुछ खराब प्रदर्शन से चक्रवर्ती का नंबर एक गेंदबाज होने का रुतबा कम नहीं होता। सैमी ने शनिवार को मैच से पहले मीडिया से बातचीत में कहा पिछली बार जब मैंने देखा था तो मुझे लगता है कि वह टी20 क्रिकेट में नंबर एक गेंदबाज थे। हम हर प्रतिद्वंद्वी टीम का सम्मान करते हैं।

## मिशेल ने आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ पुरस्कार जीता

दुबई, 28 फरवरी (वार्ता) न्यूजीलैंड के स्टार बल्लेबाज डेरिल मिशेल ने जनवरी 2026 के लिए आईसीसी पुरुष प्लेयर ऑफ द मंथ पुरस्कार जीता है। उन्होंने लगातार दो शतक लगाकर न्यूजीलैंड को भारत के खिलाफ एकदिवसीय सीरीज में जीत दिलाई थी। न्यूजीलैंड के मिशेल ने भारत के टी-20 कैप्टन सूर्यकुमार यादव और इंग्लैंड के स्टार बल्लेबाज जो रूट को पीछे छोड़कर यह पुरस्कार जीता। जनवरी में भारत में तीन मैचों की एकदिवसीय सीरीज में, न्यूजीलैंड ने 0-1 से पिछड़ने के बाद 2-1 से जीत हासिल की। मिशेल ने दूसरे मैच में नाबाद 131 रन बनाकर अपनी टीम की वापसी कराई और तीसरे मैच में 137 रन बनाकर अपनी टीम को 337/8 के मैच जिताने वाले स्कोर तक पहुंचाया।



# जो जीतेगा, वही खेलेगा सेमीफाइनल

## वेस्टइंडीज के खिलाफ भारत का मुकाबला आज, गेंदबाजी में करना होगा बेहतर प्रदर्शन

### टी-20 विश्व कप

कोलकाता, एजेंसी

भारतीय बल्लेबाज अब अपने पुराने रंग में दिख रहे हैं, लेकिन गेंदबाज अब भी प्रभावशाली प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं। ऐसी परिस्थितियों में वेस्टइंडीज के खिलाफ रविवार को यहां होने वाले टी-20 विश्व कप के क्वार्टर फाइनल जैसे सुपर आठ के मैच में उसे इस विभाग में अपना बेहतर प्रदर्शन करना होगा। वेस्टइंडीज की दक्षिण अफ्रीका से हार और भारत की जिम्बाब्वे पर जीत ने ग्रुप एक के सुपर आठ के इस मैच को दोनों टीम के लिए करो या मरो जैसा बना दिया है। इसलिए अब दोनों टीम कोई कसर नहीं छोड़ेंगी और ऐसे में ईडन गार्डन्स में एक रोमांचक मुकाबला देखने को मिल सकता है।

इस मैच के विजेता को इंग्लैंड के खिलाफ पांच मार्च को दूसरे सेमीफाइनल में खेलने का मौका मिलेगा। जिम्बाब्वे के खिलाफ भारत ने बल्लेबाजी में अच्छा प्रदर्शन किया। उसके बल्लेबाज सही समय पर लय में लौट आए हैं और अब गेंदबाजों की बारी है। पिछले मैच में शीर्ष क्रम में वापसी करने वाले संजू सैमसन सहित चोटी के सभी छह बल्लेबाजों ने उपयोगी योगदान दिया। संजू ने केवल 24 रन बनाए, लेकिन उन्होंने शुरू में ही रन गति तेज कर दी जिसका बाकी बल्लेबाजों पर सकारात्मक असर पड़ा। उनके आक्रामक रवैये ने अभिषेक शर्मा के हौसले को बुलंद किया, जिनका इस टूर्नामेंट में पिछला सर्वश्रेष्ठ स्कोर 15 था, जो उन्होंने लगातार तीन मैचों में शून्य पर आउट होने के बाद बनाया था। अभिषेक ने अर्धशतक लगाकर शानदार वापसी की तो तिलक वर्मा ने नंबर छह की अपनी नई भूमिका में नए इरादे के साथ बल्लेबाजी करते हुए 16 गेंदों में 44 रन बनाए। भारत ने चार विकेट पर 256 रन बनाए जो इस टी20 विश्व कप का अब तक का सबसे बड़ा स्कोर है। लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि वे बिना किसी चिंता के ईडन गार्डन्स पहुंचे हैं। जसप्रीत बुमराह और हार्दिक पंड्या ने भी शानदार प्रदर्शन किया है, लेकिन स्पिन गेंदबाज वरुण चक्रवर्ती अपने पुराने फॉर्म में नहीं नजर आ रहे हैं। यह रहस्यमयी स्पिनर अपनी लेंथ को सही ढंग से नियंत्रित करने में विफल रहा है और ऐसा लगता है कि वह बहुत ज्यादा प्रयोग कर रहे हैं। चक्रवर्ती के नहीं चल पाने के कारण दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ भारत को नुकसान हुआ। चक्रवर्ती ने उस मैच में चार ओवर में 47 रन लुटा दिए थे। वरुण ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ ज्यादातर शॉर्ट पिच गेंदें की और जब उन्होंने जिम्बाब्वे के खिलाफ फुल लेंथ गेंद करने की कोशिश की तब भी उन्हें खास सफलता नहीं मिली। इस मैच में अनुभवी सिकंदर रजा ने उन्हें निशाने पर रखा। वरुण ने इस मैच में चार ओवरों में 35 रन दिए। यह देखना बाकी है कि टीम प्रबंधन चक्रवर्ती को अंतिम एकादश में बनाए रखता है या बाएं हाथ के कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव को टीम में शामिल करता है। कुलदीप ने वर्तमान टूर्नामेंट में अभी तक केवल एक मैच खेला है।



अभ्यास सत्र के दौरान पिच का निरीक्षण करते वेस्टइंडीज के कप्तान शाई होप (दाएं)। एजेंसी

### टीम

**भारत :** सूर्यकुमार यादव (कप्तान), अभिषेक शर्मा, तिलक वर्मा, संजू सैमसन, शिवम दुबे, इशान किशन, हार्दिक पंड्या, अर्शदीप सिंह, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, वरुण चक्रवर्ती, कुलदीप यादव, अक्षर पटेल, वाशिंगटन सुंदर, रिंकू सिंह।

**वेस्टइंडीज :** शाई होप (कप्तान), जॉनसन चार्ल्स, शिमरोन हेटमायर, ब्रैंडन किंग, रोवमैन पॉवेल, शेरफेन रदरफोर्ड, क्वेंटिन सैम्पसन, रोस्टन चेस, जेसन होल्डर, रोमारियो शेफर्ड, मैथ्यू फोर्डे, अकील हुसैन, शमर जोसेफ, गुडाकेश मोती और जेडन सील्स।


कुलदीप यादव। एजेंसी

### सुपर-8 ग्रुप 1

| टीम | मैच | जीत | हार | रद | अंक | रनरेट |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. साउथ अफ्रीका | 2 | 2 | 0 | 0 | 4 | 2.890 |
| 2. वेस्टइंडीज़ | 2 | 1 | 1 | 0 | 2 | 1.791 |
| 3. भारत | 2 | 1 | 1 | 0 | 2 | -0.100 |
| 4. ज़िम्बाब्वे | 2 | 0 | 2 | 0 | 0 | -4.475 |

### सुपर-8 ग्रुप 2

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. इंग्लैंड | 3 | 3 | 0 | 0 | 6 | 1.096 |
| 2. न्यूज़ीलैंड | 3 | 1 | 1 | 1 | 3 | 1.390 |
| 3. पाकिस्तान | 3 | 1 | 1 | 1 | 3 | -0.123 |
| 4. श्रीलंका | 3 | 0 | 3 | 0 | 0 | -1.950 |

## तिलक वर्मा छठे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए आदर्श दिख रहे : सहायक कोच रेयान डोएशे

**कोलकाता।** भारत के सहायक कोच रेयान टेन डोएशे का मानना है कि तिलक वर्मा छठे नंबर पर बल्लेबाजी करने के लिए आदर्श हैं जिससे मेजबान टीम को पारी के आखिर में जरुरी आक्रामकता मिलेगी। लेकिन रविवार को यहां टी20 विश्व कप में वेस्टइंडीज के खिलाफ 'वर्चुअल क्वार्टर-फाइनल में ऐसा जरूरी नहीं है। टूर्नामेंट के पहले पांच मैच में खराब प्रदर्शन के बाद टीम ने मुंबई इंडियंस के इस स्टाइलिश बल्लेबाज को जिम्बाब्वे के खिलाफ छठे नंबर पर भेजने का फैसला किया। उन्होंने अपनी नयी भूमिका में 16 गेंदों में 44 रन बनाए जिसमें चार छक्के और तीन चौके शामिल थे और उनका स्ट्राइक-रेट 275 का था। डोएशे ने कहा नहीं, यह पहले से तय नहीं है कि वह कल पांचवें या छठे नंबर पर बल्लेबाजी करेंगे। मुझे लगा कि उस रात वह छठे नंबर पर बल्लेबाजी करने वाला बल्लेबाज दिख रहा था। वह ऐसे लग रहा था कि वह सच में सहज है।

# भारतीय महिला टीम को दूर करनी होगी बल्लेबाजी की कमजोरी

- ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरा व अंतिम वनडे आज
- दो मुकाबले हारकर भारत पहले ही गवां चुका है सीरीज

होबार्ट, एजेंसी

पहले दो मैचों में बुरी तरह हारने के बाद बैकफुट पर खड़ी मौजूदा विश्व चैंपियन भारतीय टीम को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ रविवार को यहां होने वाले तीसरे और अंतिम महिला एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में अगर जीत हासिल करके अपनी प्रतिष्ठा कुछ हद तक बचानी है तो उसको अपनी बल्लेबाजी की कमजोरियों को दूर करना होगा।

भारतीय टीम पहले दोनों मैच में चुनौतीपूर्ण स्कोर बनाने में नाकाम रही और ऑस्ट्रेलिया ने बिना किसी परेशानी के लक्ष्य हासिल करके श्रृंखला में 2-0 से अजेय बढ़त बनाई। यह लगातार 12वां अवसर है जबकि भारतीय महिला टीम ने ऑस्ट्रेलिया से वनडे श्रृंखला गंवाई। असल में भारत अभी तक अपने इस प्रतिद्वंदी से द्विपक्षीय वनडे श्रृंखला नहीं जीत पाया है।

पहले मैच में भारत ने पावरप्ले के अंदर ही तीन विकेट गंवा दिए थे और फिर वापसी नहीं कर पाया। भारतीय टीम ने दूसरे वनडे में पहले विकेट के लिए 78 रन की साझेदारी करके अच्छी शुरुआत की थी, लेकिन मध्य और निचले क्रम के बल्लेबाज इसका फायदा उठाने में नाकाम रहे। भारत ने 17वें और 31वें ओवर के बीच सिर्फ 52 रन पर पांच विकेट गंवा दिए। यह एक ऐसा क्षेत्र है जिस पर उन्हें ध्यान देने की जरूरत है।

पहले वनडे में भारत 214 रन पर आउट हो गया और दूसरे वनडे में नौ विकेट पर 251 रन ही बना पाया। ऑस्ट्रेलिया ने इन दोनों मैच में आसानी से लक्ष्य हासिल किया। हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली भारतीय टीम को अगर क्लीन स्वीप से बचना है तो उसके बल्लेबाजों को अपने खेल में आमूलचूल सुधार करना होगा। युवा सलामी बल्लेबाज प्रतिका रावल ने पहले मैच में शून्य पर आउट होने के बाद शानदार वापसी करते हुए अर्धशतक बनाया, वहीं स्मृति मंधाना ने दोनों मैचों में क्रमशः 31 और 58 रन बनाए। हरमनप्रीत ने भी दो अर्धशतक जड़े। लेकिन जेमिमा रोड्रिग्स और दीप्ति शर्मा जैसी सीनियर बल्लेबाज अभी तक कोई खास योगदान नहीं दे पाए हैं जिससे टीम को नुकसान पहुंचा है।



भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर।

# पाकिस्तान टी-20 विश्व कप से बाहर

- श्रीलंका पर जीत के बावजूद वांछित नेट रन रेट नहीं पा सका
- साहिबजादा का शतक और फखर जमां की पारियां गईं बेकार

पल्लेकल, एजेंसी

श्रीलंका के कप्तान दसून शानका ने आखिरी ओवरों में जबर्दस्त बल्लेबाजी करते हुए अपनी टीम को जीत के करीब पहुंचा दिया। लेकिन आखिरी दो गेंदो पर वह बड़ा शॉट नहीं खेल पाये और पाकिस्तान ये मुकाबला पांच रनों से जीत लिया। दसून शानका ने 31 गेंदों में आठ छक्के और दो चौके लगाते हुए (नाबाद 76 रनों की पारी खेली।

पाकिस्तान रनरेट के आधार पर मैच जीतने के बावजूद टूर्नामेंट से बाहर हो गया है, वहीं न्यूजीलैंड ने सेमीफाइनल में जगह बना ली है। 213 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी श्रीलंका की शुरुआत खराब रही और उसने 33 रन के स्कोर पर अपने दो विकेट गंवा दिये। पथुम निसंका (तीन) और कामिल मिशारा (26) रन बनाकर आउट हुये। इसके बाद चरित असलंका ने पवन रत्नायके के साथ पारी को संभालने का प्रयास किया। दोनों बल्लेबाजों ने तीसरे विकेट के लिय 42 रन जोड़े। नौवें ओवर में अबरार अहमद ने चरित असलंका 18 गेंदों में (25) को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। कामिंडु मेंडिस (तीन) और जनित लियानगे (पांच) रन बनाकर आउट हुये। 18वें ओवर में शाहीन शाह अफरीदी ने पवन रत्नायके को बाउंड्री पर कैच आउट कराया। पवन रत्नायके ने 37 गेंदों में चार चौके और तीन छक्के उड़ाते हुए 58 रनों की पारी खेली। श्रीलंका की टीम निर्धारित 20 ओवरों में छह विकेट पर 207 रन हीं बना सकी। इससे पहले आज यहां साहिबजादा फरहान (100) और फखर जमां (82) विस्फोटक बल्लेबाजी के अबरार अहमद (तीन विकेट) के बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत पाकिस्तान ने टी-20विश्वकप के सुपर आठ में आठ विकेट पर 212 रनों विशाल स्कोर बनाया। श्रीलंका ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी पाकिस्तान के लिए साहिबजादा फरहान और फखर जमां की सलामी जोड़ी ने विस्फोटक शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिये 176 रन जोड़े। 16वें ओवर में दुशमंता चमीरा ने फखर जमां को बोल्ड कर इस साझेदारी को तोड़ा। फखर जमां ने 42 गेंदों में नौ चौके और चार छक्के लगाते हुए 82 रनों की पारी खेली। अगले ही ओवर में दिलशान मदुशंका ने ख्वाजा नफे (दो) को अपना शिकार बना लिया। 18वें ओवर में शादाब खान (नौ) रनआउट हुये।


शॉट लगाते श्रीलंका के दसून शानका। एजेंसी

### सफलता

67 साल का लंबा इंतजार खत्म, आठ बार के पूर्व चैंपियन कर्नाटक को हराया, फाइनल के पहले ही प्रवेश में जीती रणजी ट्रॉफी

# जम्मू-कश्मीर ने 10 दिनों में दूसरी बार रचा इतिहास

खेल डेस्क

**अमृत विचार।** जम्मू-कश्मीर ने युवा खिलाड़ियों के दृढ़प्रतिज्ञ प्रदर्शन से 10 दिनों के भीतर दूसरी बार इतिहास रचा और राष्ट्रीय क्रिकेट की श्रेष्ठता की प्रतीक रणजी ट्रॉफी प्रतियोगिता में फाइनल के पहले ही प्रयास में आठ बार के पूर्व चैम्पियन कर्नाटक को उसके घर में हराकर ऐतिहासिक खिताबी जीत भी हासिल कर ली।

गत 18 फरवरी की ही बात है, जब कल्याणी स्थित बंगाल क्रिकेट अकादमी ग्राउंड पर जम्मू-कश्मीर ने इतिहास रचते हुए दूसरे सेमीफाइनल के चौथे दिन मेजबान पश्चिम बंगाल को छह विकेट से हराकर रणजी ट्रॉफी में अपने पदार्पण के बाद 67 वर्षों में पहली बार फाइनल का सफर तय किया था। पारस डोगरा की अगुआई वाली मेहमान टीम ने यहां केएससीए हुबली क्रिकेट ग्राउंड पर भी अपना वही जोश व जज्बा कायम रखा और शनिवार को ड्रॉ छूटे मैच में पहली पारी की बढ़त के आधार पर चैम्पियन का श्रेय अर्जित कर लिया। जम्मू-कश्मीर टीम के लिए इससे अधिक गर्व का क्षण और क्या हो सकता था कि मैच के पांचवें और अंतिम दिन जम्मू कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला भी अपने खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाने और इस ऐतिहासिक उपलब्धि का साक्षी बनने के लिए स्टेडियम में मौजूद थे। उमर अब्दुल्ला शुक्रवार की शाम ही यहां आ गए थे।

वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अलावा क्रिकेट जगत व अन्य क्षेत्रों के लोगों ने पहली बार चैम्पियन बनने पर जम्मू-कश्मीर को बधाई दी है। पीएम मोदी ने अपने बधाई संदेश में लिखा, 'जम्मू और कश्मीर टीम को पहली बार रणजी ट्रॉफी जीतने पर बधाई! यह ऐतिहासिक जीत टीम के जबर्दस्त धैर्य, अनुशासन और जुनून को दिखाती है। यह जम्मू और कश्मीर के लोगों के लिए गर्व का पल है।


ट्रॉफी के साथ जश्न मनाते जम्मू-कश्मीर की टीम। एजेंसी

### संक्षिप्त स्कोर बोर्ड

| | |
|---|---|
| जम्मू-कश्मीर | 584, 342 |
| कर्नाटक | 293 |

### एक समय कमजोर टीम माना जाता था जम्मू-कश्मीर को

रणजी ट्रॉफी का इतिहास 92 साल पुराना है लेकिन जम्मू कश्मीर की टीम ने 67 साल पहले पहली बार इस राष्ट्रीय टूर्नामेंट में हिस्सा लिया था। एक समय उसे कमजोर टीम माना जाता था लेकिन अब उसने अपने कौशल और दृढ़ संकल्प से खुद को मजबूत टीम साबित कर दिया। जम्मू-कश्मीर 2013-14, 2019-20 और 2024-25 के सत्र में क्वार्टर फाइनल में पहुंचा था, लेकिन लेकिन वह इससे आगे बढ़ने में नाकाम रहा था।

## यह मेरे जीवन का सबसे बड़ा क्षण : कप्तान डोगरा

**हुबली।** जम्मू कश्मीर के कप्तान पारस डोगरा ने शनिवार को कहा कि उनकी टीम की रणजी ट्रॉफी में ऐतिहासिक जीत को बयां करने के लिए उनके पास शब्द नहीं है और यह उनके जीवन का सबसे बड़ा क्षण है। जम्मू कश्मीर ने कर्नाटक के खिलाफ फाइनल मैच ड्रॉ होने के बाद पहली पारी में बढ़त के आधार पर अपना पहला रणजी ट्रॉफी खिताब जीतकर इतिहास में अपना नाम दर्ज करा लिया।

डोगरा ने मैच के बाद कहा सच कहूं तो मैं इसे शब्दों में बयान नहीं कर सकता, मेरे पास शब्द नहीं हैं। इस समय यह मेरे जीवन की सबसे बड़ी उपलब्धि है। विदा होने से पहले यह मेरे जीवन की सबसे बड़ी उपलब्धि होगी। सच कहूं तो जेकेसीए (जम्मू कश्मीर क्रिकेट संघ) के साथ रहना मेरे लिए सौभाग्य की बात है।

## उमर अब्दुल्ला ने दो करोड़ रुपये की घोषणा की

**श्रीनगर।** मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने जम्मू-कश्मीर क्रिकेट टीम की ऐतिहासिक रणजी ट्रॉफी जीत पर खिलाड़ियों और सहयोगी स्टाफ के लिए दो करोड़ रुपये की नकद पुरस्कार राशि की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने इसे जम्मू-कश्मीर क्रिकेट के लिए बड़ी उपलब्धि करार देते हुए कहा कि इस उपलब्धि ने पूरे क्षेत्र को गर्व और प्रेरणा से भर दिया है। मुख्यमंत्री शुक्रवार को हुबली (कर्नाटक) पहुंचे थे, जहां उन्होंने जम्मू-कश्मीर टीम का उत्साहवर्धन किया।